सुप्रभात
रांची, मंगलवार
04.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी , संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 320



12 नताशा व हार्दिक के बीच खत्म हुई अनबन

# किसकी सरकार, फैसला आज



## जनादेश का आज शुभमंगल, 295 + या फिर 400 पार

**एजेंसी**

**नयी दिल् ली।** 18वीं लोकसभा के चुनाव नतीजों को ले कर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए सोमवार की रात का दिन बड़ा भारी है। चार जून किसके लिए शुभ मंगल ले कर आयेगा, यह मतगणाना के कुछ ही देर बाद से स्पष्ट होने लगेगा। मंगलवार को तय हो जायेगा कि केंद्र में किसकी सरकार आ रही है। एक बार फिर मोदी सरकार या फिर इंडी गठबंधन की सरकार। रिजल्ट से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग दावे हैं। सत्ता पक्ष एग्जिट पोल के आंकड़े देखकर गदगद है, तो विपक्ष 295+ का दावा कर रहा है।
एग्जिट पोल के आंकड़े आने के बाद विपक्ष की बेचैनी तो बढ़ी ही है. सत्ता पक्ष भी बेचैन है। विपक्ष का दावा कर रहा है कि इंडिया गठबंधन 295 प्लस सीटें ला रही है। वहीं, सत्ता पक्ष एग्जिट पोल के आंकड़ों से गदगद है। आलम यह है कि पूरे देश में हर स्तर पर एक अलग माहौल है। नतीजे मंगलवार को सामने आ जायेंगे। बीच का जो यह समय है उसमें बयानबाजी का दौर दोनों ओर से जारी है।

### अवसरवादियों को लोगों ने किया खारिज : मोदी

**एग्जिट पोल** के आंकड़ों पर पीएम मोदी ने पहली प्रतिक्रिया में कहा, अवसरवादी इंडी गठबंधन को लोगों ने खारिज कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखाष उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इस कारण लोगों ने एनडीए को बढ़-चढ़ को वोट दिया है। उन्होंने मतदान करनेवाले सभी लोगों का हृदय से आभार जताया। भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की विशेष रूप से सराहना की।

### अभी इंतजार कीजिए : सोनिया गांधी

वहीं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर आये एग्जिट पोल के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अभी इंतजार करें,सब सामने आ जायेगा। उन्होंने कहा कि हमें अभी इंतजार करना होगा, पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के बिल्कुल विपरीत रहने वाले हैं।

न्यूज डायरी

### लश्कर के शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मारे गये आतंकियों में से एक लश्कर का शीर्ष कमांडर रियाज अहमद डार उर्फ खालिद उर्फ शीराज था। वह सेथर गुंड काकापोरा पुलवामा का निवासी था। पिछले नौ वर्षों से इस इलाके में आतंकवादी घटनाओं में सक्रिय था।

### इजहार की हिरासत अवधि 18 तक बढ़ी

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 18 जून तक बढ़ा दी है। 70 करोड़ रुपए के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है।

### राज्यपाल ने ओड़िशा विधानसभा भंग की

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के राज्यपाल रघुबर दास ने सोमवार को राज्य विधानसभा भंग कर दी। इससे पहले सीएम नवीन पटनायक की कैबिनेट ने राज्यपाल से विधानसभा भंग करने की सिफारिश की। इस संबंध में ओड़िशा सरकार के संसदीय कार्य विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी की गयी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ओडिशा विधानसभा को भंग करना सोमवार की कैबिनेट बैठक का एकमात्र एजेंडा था।

### रेडियो-टीवी पर काउंटिंग के कवरेज की तैयारी

**नयी दिल्ली।** प्रसार भारती ने मंगलवार को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन सबसे लंबे एवं विस्तृत प्रसारण की व्यवस्था की है। सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल और प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने संवाददाताओं को बताया कि दूरदर्शन पर सुबह छह बजे से और आकाशवाणी पर सुबह सात बजे से प्रसारण शुरू हो जायेगा । यह मतगणना के पूरी तरह से संपन्न होने तक चलेगा।

### ... तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा : सोमनाथ

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने कहा है कि अगर नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम बनते हैं तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। नयी दिल्ली लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद सारे एग्जिट पोल गलत साबित होंगे। अगर मोदी तीसरी बार पीएम बने तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। मेरी बात याद रखना। एग्जिट पोल हर हाल में गलत साबित होंगे और मोदी



### पंडरा में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

रांची सीट के लिए मतों की गिनती पंडरा मतगणना केंद्र पर होगी। एसएसपी ने बताया कि मतगणना के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मतगणना भवन में मोबाइल, कैमरा या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश वर्जित है। मतगणना हॉल के लिये प्रवेश पत्र होगा, उसकी गहन जांच की जायेगी।

# झारखंड में 14 केंद्रों पर काउंटिंग की तैयारी पूरी

**एक बार केंद्र से बाहर निकले तो एजेंट फिर नहीं आ सकेंगे**

## चतरा और कोडरमा में सर्वाधिक 27 तो सबसे कम 16 राउंड में खूंटी की होगी मतगणना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मंगलवार को सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा में झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 14 केंद्रों पर होगी। सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। फिर इवीएम के मतों की गणना होगी। मतगणना केंद्र के भीतर गये एजेंट अगर एक बार भी बाहर निकले, तो दोबारा वह भीतर नहीं जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत मतगणना केंद्र के भीतर किसी भी तरह का क्म्युनिकेशन डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। श्री कुमार सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### कहां कितने राउंड में काउंटिंग

रविकुमार ने बताया कि सबसे अधिक 27 राउंड में चतरा व कोडरमा में मतगणना होगी। खूंटी में सबसे कम 16 राउंड में मतगणना होगी। उसी तरह गोड्डा में 26, हजारीबाग और धनबाद में 25, दुमका और सिंहभूम में 24, राजमहल में 23, पलामू में 22, जमशेदपुर में 21, रांची और लोहरदगा में 20 तथा गिरिडीह में 19 राउंड में मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान पलामू और चतरा में पारा 44 डिग्री के करीब रहने की संभावना है। कोल्हान में दोपहर बाद बारिश का पूर्वानुमान है।

### गांडेय विस की 24 राउंड में गिनती

उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 465 टेबुल बनाये गये हैं। वहीं इवीएम के मतों की गिनती 1429 टेबुलों पर होगी। गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 24 राउंड में होगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में कुल 139 करोड़, 3 लाख, 9,542 रुपये मूल्य की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

## टेंडर कमीशन घोटाला : मनीष रंजन से इडी की घंटों पूछताछ

# कमीशन बंटवारे के सवाल पर साधी चुप्पी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी ने झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आइएएस मनीष रंजन से सोमवार को दिन के ग्यारह बजे से रात दस बजे तक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान इडी के अधिकारियों ने मनीष रंजन से पूछा कि किनके इशारे पर कमीशन की राशि बंटती थी। सूचना के मुताबिक, आइएएस मनीष रंजन ने मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीए संजीव लाल की भूमिका पर जिरह की। इस मामले में मनीष रंजन ने खुद को निर्दोष बताया। इससे पहले 28 मई को भी ईडी के अधिकारियों ने मनीष रंजन से इस मामले करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। सोमवार को दुबारा उनसे इडी ने अपने दफ्तर में पूछताछ की। कई सवालों पर उन्होंने चुप्पी साध ली।
ईडी ने बीते छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के ठिकानों पर छापेमारी की थी। दोनों के फ्लैट से ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे। ईडी को एक एक्सेल शीट भी मिली है, जिसमें कथित तौर पर कमीशन की राशि किन-किन लोगों को जाती थी, इसका पूरा विवरण मौजूद है। इस सीट पर मनीष रंजन का नाम भी था। उसी के आधार पर ईडी ने मनीष रंजन को 22 मई को समन जारी कर 24 मई को रांची स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था। तब वो ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी ने 25 मई को मनीष रंजन को दूसरा समन भेजकर 28 मई को पूछताछ करने के लिए बुलाया था। 28 को आठ घंटे की लंबी पूछताछ में ईडी ने मनीष रंजन से कमीशन के संबंध में कई सवाल-जवाब किये थे।



### इडी के हाथ लगे हैं प्रॉपर्टी डिटेल

झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और फिलहाल राज्य में राजस्व सचिव के पद पर तैनात वरीय मनीष रंजन, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल समेत जहांगीर आलम की प्रॉपर्टी और इन्वेस्टमेंट की जानकारी जुटा रही है। ईडी को अब तक यह जानकारी मिली है कि मनीष रंजन उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर सिर्फ रांची जिला में तीन प्रॉपर्टी खरीदी गयी है। मनीष रंजन उनकी पत्नी और पारिवारिक सदस्यों के नाम पर जो संपत्ति खरीदी गयी है, वह फ्लैट और जमीन है। एक संपत्ति पिछले वर्ष ही खरीदी गयी है, जिसकी कीमत लाखों में है। एक प्रॉपर्टी की कीमत तो करीब 95 लाख से भी ज्यादा है। साथ ही मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसकी पत्नी के नाम पर भी इन्वेस्टमेंट की जानकारी ईडी को मिली है।

# एक ही परिवार के तीन की मौत

## गुमला में कार व बस की टक्कर में मौके पर ही दम तोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार का दिन एक परिवार के लिए काला दिन साबित हुआ। नेशनल हाईवे 43 पर रांची-गुमला रोड में खोरा गांव के समीप मंत्री बस व एक्सयूवी कार की सीधी भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गयी। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक भीखमपुर बरवाडीह निवासी फादर थेओदोर कुजूर, सिस्टर निर्मला कुजूर, एक बच्चा केविन कुजूर (8) व एक बच्ची जोसफिन कुजूर रांची से गुमला आ रहे थे। वहीं बस गुमला से रांची की ओर जा रही थी। दोनों वाहनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहनों की टक कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। कार में सवार तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। हादसे की जानकारी पर गुमला थाना की टीम घटना स्थल पहुंची। तीनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घाय जोसफिन कुजूर प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर किया गया। इधर घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। हादसे के के बाद लोग घटनास्थल पर कर में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास करने लगे। पर चालक सहित सभी कार में फंसे रहे। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उन्हें बाहर निकल गया। जेसीबी बुलाकर क्षतिग्रस्त कार को सड़क से किनारे हटाया गया। गुमला के इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के बाद आवागमन बाधित था, जिसे क्रेन लगाकर हटवाया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले लाया गया है। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




## आयोग ने माना, गर्मी से पहले करा लेना चाहिए था चुनाव : राजीव

# 64.2 करोड़ लोगों ने वोट कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (इसीआइ) राजीव कुमार ने कहा कि भारत ने लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ वैश्विक रिकॉर्ड बनाया। लोकसभा चुनाव की मतगणा के एक दिन पूर्व सोमवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बात कही। यह सभी जी-7 देशों के मतदाताओं का 1.5 गुना और एव के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। इसीआइ ने यह माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं होना चाहिए था, लंबा गैप हो गया। इसे गर्मी से पहले करा लेने की बात सही है। आगे से इसका ख्याल रखा जायेगा।



**मतदाताओं और कर्मियों का आभार :** लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव कर्मियों के सावधानीपूर्वक और सतर्कतापूर्वक किये गये काम की वजह से हमने कम पुनर्मतदान सुनिश्चित किये। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे।

(शेष पेज 11 पर)

### शक का इलाज तो हकीम के पास भी नहीं

इसीआइ राजीव कुमार लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगाये गये आरोपों को बेबुनियाद और आधारहीन बताया। विपक्षी दलों के सभी आरोपों से जुड़े सवालों का शायराना अंदाज में विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा , आजकल इल्जामातों का दौर बुलंद है , तल्खियों का बाजार गर्म है , पंच को पहले ही घेर लो यानी पेशबंदी । मंजूर है इल्जाम लगाओ हम पर , शर्त इतनी कि साथ में सबूत भी हो। गोया कोई तो बात है कि हर बार मुद्दई वही , कचहरी वही गवाह कोई नहीं। शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जिस तरह से घेराबंदी कर रहा है उसका मतलब है, अंपायर को ही पकड़ लो जिससे कि वो बोल ही नहीं पाये। उन्होंने कहा, कैसे हमने 17 सी बदल दिया , डाटा बदल दिया, कहीं किसी एक जगह का नाम तो बताओ भाई। एक और अजीब बात है जो उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं , जो काउंटर पर बैठे हुए हैं जो फार्म 17 सी ले रहे हैं , वहां से कोई शिकायत नहीं है । पता नहीं यह शिकायत कहां से है। कुछ कहने को आ रहा है लेकिन मैं बोल नहीं रहा हूं।

## बर्निंग ट्रेन बनी ताज एक्सप्रेस बाल-बाल बचे सभी यात्री

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बड़ा रेल हादसे में बड़ी संख्या में यात्री बाल-बाल बच गये। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को दिल्ली के सरिता विहार में ताज एक्सप्रेस ट्रेन के चार डिब्बों में आग लग गयी। हादसा तुगलकाबाद-ओखला के बीच हुआ। आद के कारण ताज एक्सप्रेस के दो डिब्बे जल कर खाक हो गये। रेल अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बचा लिये गये। अधिकारी घटना की छानबीन कर रहे हैं।
ऐसे बची यात्रियों की जान : बताया जाता है कि 4.41 बजे ट्रेन में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर देखा गया कि ताज एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बों में भीषण आग लगी थी। आग लगने की सूचना मिलते ही एहतियात के तौर पर ट्रेन को रोक दिया गया। यही नहीं रेलवे के कर्मचारियों ने जलती ट्रेन के बाकी हिस्सों को लगेज कम्पार्टमेंट से अलग कर दिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। कोई भी घायल नहीं हुआ क्योंकि यात्री दूसरे डिब्बों में चले गये और उतर गये।

# इवीएम के खुलते ही आज झारखंड से दिल्ली को खुलेगी संसद एक्सप्रेस

जनादेश 2024 के लिए आज निकलेगा इवीएम से जिन्न

एनडीए और इंडिया के प्रत्याशियों पर लगा ग्रहण आज होगा साफ

लोकसभा का चुनाव लड़ रहे 244 प्रत्याशियों में 14 जायेंगे दिल्ली

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड ही नहीं, देश की जनता का जनादेश आने में बस कुछ ही घंटे बाकी है। 543 लोकसभा सीटों के लिए इस बार देश में कुल 8360 उम्मीदवारों ने चुनाव में अपनी किस्मत आजमाया है। मंगलवार को इनमें से सिर्फ 543 का ही मंगल होगा। आज इवीएम के खुलते ही झारखंड से



दिल्ली के लिए संसद एक्सप्रेस खुलेगी। इसमें सवार होकर झारखंड के 14 सांसद ही दिल्ली जा पायेंगे। काउंटिंग के साथ ही

**देशभर में 8360 उम्मीदवारों ने चुनाव में आजमायी है किस्मत, सिर्फ 543 का ही होगा मंगल**

एनडीए और इंडिया के प्रत्याशियों पर लगा ग्रहण भी साफ हो जायेगा।

**9 बजे से आने लगेंगे रुझान, दोपहर तक तस्वीर होगी साफ :** सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी और 9 बजे तक रुझान आने लगेंगे। दोपहर तक तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी कि इस बार जनता ने दिल्ली के सिंहासन के लिए किसे चुना है। एनडीए जीतेगी या फिर इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगी, यह बस चंद घंटों में पता चल जायेगा। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर 244 प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दावं पर लगी है। इनमें कई दिग्गज शामिल हैं। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों की सोमवार की रात बेचैनी में बीती।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के सभी लोकसभा सीटों की वोटों की गिनती के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी लोकसभा क्षेत्र के लिए विधानसभावार हॉल में काउंटिंग टेबल लगाये गये हैं। झारखंड में कुल 81 हॉल में 1492 टेबल पर काउंटिंग की जायेगी। बताया जा रहा है कि 13 से 27 राउंड में काउंटिंग पूरी कर ली जायेगी।

**झारखंड के इन दिग्गजों ईवीएम में कैद भाग्य का होगा फैसला :** लोकसभा चुनाव -2024 में देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ झारखंड के दो दर्जन से अधिक दिग्गजों का जनादेश भी ईवीएम में कैद हो गया। चुनाव खत्म होने के बाद से ही झारखंड के राजनेता चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। अंदर ही अंदर कईयों को हार का डर सता रहा है। इनमें समीर उरांव, सुखदेव भगत, अर्जुन मुंडा, काली चरण मुंडा, सीता सोरेन, नलिन सोरेन, निशिकांत दूबे, प्रदीप यादव, गीता कोड़ा, जोबा मांझी, सीपी चौधरी, मथुरा महतो, काली चरण सिंह और केएन त्रिपाठी सरीखे नेता शामिल हैं।

## एग्जिट पोल को लेकर इंडिया और एनडीए के बीच ठनी, एक-दूसरे पर कर रहे प्रहार, चुनाव आयोग भी निशाने पर

# एक्जिट पोल झूठ का पुलिंदा, लोकतंत्र में मीडिया निभाए अपनी भूमिका : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने देश के बड़े मीडिया घरानों के द्वारा जारी किये गये एक्जिट पोल को सत्य और तथ्य से परे करार दिया है। उन्होंने कहा कि अब तो अति हो गया है, अब समय आ गया, देश के बड़े मीडिया घराने अब तो अपनी भूमिका अदा करें, यह तय करें कि वह लोकतांत्रिक देश में जनता के साथ है या फिर किसी विशेष पार्टी, सट्टा बाजार और पूंजीपतियों के साथ।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रमुख मीडिया घरानों के द्वारा जारी एक्जिट पोल के फैक्ट ही उस पर सवाल खड़ा कर रहा है। उदारहण स्वरूप झारखंड में गठबंधन के तहत माले केवल कोडरमा सीट पर चुनाव लड़ रहा है मगर एक्जिट पोल इन्हें दो से तीन सीट दिखा रहा है। ठीक इसी प्रकार से तमिलनाडू में कांग्रेस केवल 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है। मगर वहां पर कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है। यही स्थिति कनार्टक में है, कर्नाटक में कांग्रेस डीएमके साथ गठबंधन के तहत 9 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वहां भी कांग्रेस को 13-15 सीट दिखाया जा रहा है। अब ऐसे में कैसे इस एक्जिल पोल पर यकीन किया जाए। इसलिए अब अति हो गया है, देश के प्रमुख मीडिया घरानों को अपनी भूमिका तय करनी चाहिए नहीं तो यह लोकतंत्र नहीं बचेगा।

राजेश ठाकुर सोमवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अमूल्य नीरज खलको, मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मूंजीनी, प्रवक्ता सोनाल शांति,कमल ठाकुर, सोशल मीडिया चेयरमैन गजेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।



### मतगणना के बाद देश में इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार

राजेश ठाकुर ने कहा कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पूरा चुनाव मुद्दे के आधार पर लड़ा। जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री ने पूरे चुनाव अभियान में एक भी मुद्दे की बात नहीं की। देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी पर कोई भी भाजपा का नेता या उनके पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा। पूरा चुनाव अभियान नरेंद्र मोदी और उनकी टीम ने दिशाविहिन एवं मुद्दाविहिन आधार पर चलाया। इसलिए हम यह कह सकते हैं कि परिणाम हमारे पक्ष में आएगा और 4 जून के बाद दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

### एक्जिट पोल के जरिए अफसरों पर बनाया जा रहा है दबाव

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी बॉयोलिजिकल नहीं हैं, उसी प्रकार से एक्जिट पोल भी है। यह एक्जिट पोल एक प्रेशर पॉलिटिक्स है, इसके जरिए देशभर के अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है। श्री ठाकुर ने कहा कि उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है, एक सायकोलॉजिकल प्रेशर बनाने के लिए यह प्री-प्लांड एक्जिट पोल है। उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी के दबाव में आए निष्पक्ष मतगणना कराएगा, ताकि इस लोकतांत्रिक देश में उनकी साख बची रह सके।

# इंडिया को एग्जिट पोल में 80-140 सीटें तो क्या बाकी सीट अब्दुल टेंट हाउस से आयेंगी: भाजपा

### कांग्रेस और झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने किया पलटवार

विपक्ष अपनी हार देखकर चुनाव आयोग और ईवीएम एवं डीएम हैक का लगा रहा आरोप, झारखंड में जिस गठबंधन का खाता नहीं खुलने वाला, वह 10 सीटों पर जीत का कर रहे हैं दावा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोमवार को कांग्रेस और झामुमो की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर विपक्ष बहाने खोज रही है। मीडिया को टारगेट किया जा रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न किया जा रहा है। एग्जिट पोल पर इनको विश्वास नहीं है लेकिन अब तो इनको राजनीतिक रूप से देश की जनता एग्जिट करवाने वाली है। पहले विपक्ष ईवीएम हैक का नारा लगाती थी। फिर गृह मंत्री पर डेढ़ सौ डीएम से बात करने की बिना सुबूत का बेबुनियाद आरोप लगाया। विपक्ष हार के बहाने भी ठीक से खोज नहीं पा रही है। कभी ईवीएम हैक की बात कर रही है तो कभी डीएम हैक की। उन्होंने कहा कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन अपने



शहजादे के नेतृत्व में एक और बड़ी हार को झेलने जा रहा है।

श्री शाहदेव ने कहा कि तमाम एग्जिट पोल बता रहे हैं कि एनडीए गठबंधन 400 सीटों के आंकड़े को छूएगी या पार करेगी। यही एग्जिट पोल इंडि गठबंधन को 80 से 140 सीट तक दे रहे हैं। अब कांग्रेस स्पष्ट करे कि वो अपने दावे के 295 सीटें कहां से लायेगी? उन्होंने कटाक्ष किया कि क्या बाकी बची हुई सीटों को अब्दुल टेंट हाउस से कांग्रेस मंगवाएगी? क्योंकि इसी अब्दुल के नाम पर इन्होंने चुनाव लड़ा था और इसी अब्दुल को आरक्षण देने की बात भी कही थी। कल तक झारखंड की 14 सीटों पर जीत की बात करने वाला विपक्ष अब झारखंड में 10 सीटों पर उतर आया है, जबकि इनका यहां खाता भी नहीं खुलने वाला है। एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है।

### प्रचंड बहुमत के साथ जीत रही है भाजपा : संजय सेठ

**रांची।** रांची से सांसद संजय सेठ ने मतगणना को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पोलिंग बूथ मैनेजमेंट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार एनडीए गठबंधन की सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही है। श्री सेठ ने कहा कि देश की जनता ने फिर से नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है और इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

**पीएम मोदी का 140 करोड़ लोगों का है परिवार :** संजय सेठ ने कहा कि देश के गरीब, किसान, युवा, महिला सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्यार और स्नेह दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का 140 करोड़ लोगों का परिवार है। अभिभावक के तौर पर देश के सभी लोगों की चिंता करनेवाले यशस्वी मोदी तीसरी बार देश प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में एनडीए गठबंधन 14 में 14 लोकसभा सीट जीतेगा। प्रधानमंत्री को 13 फूल और एक फल की माला झारखंड की जनता भेंट करेगी।

**विजय जुलूस की तैयारी में जुटे भाजपायी :** संजय सेठ के जीत के प्रति आश्वस्त रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस की भी तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर 2 बजे रातू रोड स्थित पिस्का मोड़ के ओटीसी मैदान से विजय जुलूस निल्काला जायेगा।

# चीफ सेक्रेट्री रैंक के पांच आइएएस सहित नौ अफसर होंगे सेवानिवृत्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में धीरे-धीरे आईएएस अधिकारियों की संख्या घटती जा रही है। अगले छह महीने में झारखंड कैडर के और नौ आइएएस रिटायर हो जाएंगे। इसमें चीफ सेक्रेट्री रैंक के पांच अफसर शामिल हैं। इससे पहले भी इसी साल चीफ सेक्रेट्री रैंक के तीन आइएएस रिटायर हो चुके हैं। मार्च में सुखदेव सिंह और राजीव अरूण एक्का व अप्रैल में एसकेजी रहाटे रिटायर हो चुके हैं। इसके अलावा अप्रैल में अंजनी कुमार दुबे और मई में चंद्रकिशोर उरांव व संजय सिन्हा रिटायर हो चुके हैं।

**राज्य में आईएएस अफसरों की भारी कमी :** राज्य में आईएएस अफसरों के 224 पद स्वीकृत हैं। इनमें 180 अफसर ही कार्यरत हैं। इस हिसाब से झारखंड कैडर में 44 अफसरों की कमी है। बता दें कि झारखंड में चीफ सेक्रेट्री रैंक के सिर्फ तीन अफसर ही कार्यरत हैं। इसमें सीएस एल खियांग्यते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं जबकि दो अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

झारखंड कैडर के कौन अफसर कब होंगे रिटायर

| | |
|---|---|
| राजीव गौबा | 30.08.2024 |
| एनएन सिन्हा | 31.07.2024 |
| एल खियांग्यते | 31.10.2024 |
| एमएस भाटिया | 30.09.2024 |
| सुरेंद्र सिंह | 30.06.2024 |
| आलोक त्रिवेदी | 31.08.2024 |
| अमित प्रकाश | 31.12.2024 |
| राजू रंजन राय | 31.12.2024 |
| अनिल कुमार | 30.06.2024 |


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


**समीक्षा बैठक : तीन साल के अपराध का ब्योरा पुलिस ने किया पेश**

# बार का सत्यापन करें, बाउंसरों की आपराधिक छवि भी जांचें : डीजीपी




### डीजीपी ने चेन छिनतई, लूट और डकैती पर जताया असंतोष, अब रात में भी गश्ती करने का निर्देश, ब्रेथ एनालाइजर से 11 बजे के बाद जांच करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने तीन साल में राजधानी रांची में घटित अपराध के मामले में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने चुटिया थाना क्षेत्र के एक्सट्रीम बार में घटित घटना पर आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिस-जिस थाना क्षेत्र में बार पड़ता है, उसका सत्यापन और उसमें कार्यरत बाउंसरों की आपराधिक छवि को भी खंगालें। रात 11 बजे के बाद पुलिस रात का गश्त करे और ब्रेथ एनालाइजर से प्रत्येक व्यक्ति की जांच करें। जांच करने के दौरान यदि वे अत्याधिक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई करने से भी परहेज नहीं करें।

डीजीपी ने राजधानी रांची में ड्रग्स पैडलर और चेन छिनतई पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया। डीजीपी ने कहा कि कॉलेज परिसर या अन्य शैक्षणिक संस्थानों के पास ड्रग्स की बिक्री कर रहे लोगों पर लगाम लगायें। जब तक अंतिम अपराधी पकड़ा नहीं जाता है, तबतक कार्रवाई जारी रहे।

इसके पूर्व दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआइजी अनूप बिरथरे ने तीन साल में घटित घटनाओं का विवरण पेश किया। विवरण पेश करने के दौरान डीआइजी ने डीजीपी को लूट, डकैती, हत्या, छिनतई और अन्य अपराधों व अपराध की अंकुश लगाने संबंधी रिपोर्ट पेश की।

बैठक में एडीजी ऑपरेशन संजय राव लाटकर, आइजी ऑपरेशन एवी होमकर, आइजी अखिलेश कुमार झा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली समेत डीएसपी स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की हिरासत अवधि अब 18 जून तक बढ़ी

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 18 जून तक बढ़ा दी है। इजहार अंसारी, इश्तियाक अंसारी के अलावा उसकी एक कंपनी के खिलाफ ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। बता दें कि बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था।

**कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में है आरोपी :** 70 करोड़ रुपए के कोल लिंकेज के हेरा-फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। बता दें कि ईडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस फोन से मिले तथ्यों के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर छापा मारा था। उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किया गया था।

# 22 जुलाई से शुरू होगा देवघर का श्रावणी मेला, सरकारी तैयारी शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने देवघर के श्रावणी मेला 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। मेला 22 जुलाई से शुरू होगा। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार इस बार श्रद्धालुओं को कई तरह की सुविधाएं देगी। मेले में एसी अस्पताल से लेकर एंबुलेंस तक की सुविधा रहेगी। सरकार की ओर इस बार 3.02 करोड़ का बजट तैयार किया गया है। स्थानीय जिला प्रशासन एवं सिविल सर्जन ने इससे जुड़ा प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया है।

**4-5 अस्थायी हॉस्पिटल बनाये जायेंगे :** स्वास्थ्य विभाग भेजे गये प्रस्ताव में कहा गया है कि इस बार 40 एंबुलेंस की तैनाती की जायेगी। सभी एंबुलेंस में एसी होगा। इस बार 4-5 अस्थायी हॉस्पिटल भी बनाये जायेंगे, जहां पर तीन शिफ्ट में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी रहेंगे। 150 डॉक्टर और चार सौ से 500 की संख्या में एएनएम सहित स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहेंगे। कांवरिया रूट लाइन में पांच एसी युक्त हॉस्पिटल बनाये जायेंगे। प्रस्ताव में यह भी जिक्र किया गया है कि झारखंड बिहार बॉर्डर से लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर



तक पांच ऐसे अस्थाई अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें तीन से चार कमरे वातानुकूलित रहेंगे।

**मोटरसाइकिल एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था :** इस बार श्रावणी मेले में जिला प्रशासन मोटरसाईकिल एंबुलेंस की व्यवस्था करेगा। रिमोट इलाकों में बीमार पड़ने वाले श्रद्धालुओं को अस्थाई व स्थाई अस्पताल तक पहुंचाने के लिए मोटरसाइकिल एंबुलेंस का उपयोग किया जाएगा।

**अलग से टोटो एंबुलेंस की रहेगी सुविधा :** श्रावणी मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार प्रशासन अलग से टोटो एंबुलेंस की भी व्यवस्था करेगा। भीड़ के दौरान यह देखा जाता है कि संकीर्ण सड़कों के कारण मरीजों को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। स्वास्थ्य विभाग भीड़ वाले संकीर्ण स्थान से चार पहिया एंबुलेंस तक पहुंचाने के लिए टोटो एंबुलेंस का प्रयोग करेगा।


कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

-:आम सूचना:-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 एन0सी0राय
→ दिपक कुमार राय
→ → अमित कुमार राय
→ → स्व0 आनीदो राय
→ → → मधुमिता राय (पत्नी)
→ → अशोक राय
→ देवेन्दु राय (मृत)
→ → रीता राय (पत्नी)

अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

PR 325264 District(24-25)#D


## जेईपीसी ने सभी जिलों को इको क्लब से संबंधित गतिविधियों को किया साझा

# सरकारी स्कूलों में हरियाली की चादर बिछाने की कवायद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 35 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में हरियाली की चादर बिछाने की कवायद हो रही है। प्रयास हो रहा है कि इको क्लब के माध्यम से प्राइमरी (21189), इलिमेंट्री (11548) और सेकेंड्री (2706) स्कूलों में इसी साल 5 लाख तक या इससे अधिक पौधे लगाये जायें। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) ने सभी जिलों को इको क्लब से संबंधित गतिविधियों को साझा किया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान भी उपलब्ध करा दिया गया है। परिषद के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में सूचना भेज दी है। इसके मुताबिक, इको क्लब के जरिये फलदार पौधे लगाए जाने के काम और दूसरी एक्टिविटी के लिए 35443 स्कूलों को 2302.315 लाख रुपये भेज दिए गये हैं। प्राइमरी स्कूलों के लिए 3500 रुपये प्रति स्कूल, मध्य विद्यालयों के लिए 10000 रुपये और हाई स्कूलों के लिए प्रति स्कूल 15000 रुपये तय किये गये हैं।

### किचन गार्डन को किया जायेगा और मजबूत

जेईपीसी के मुताबिक, इको क्लब से संबंधित गाइडलाइन पहले की स्कूलों को उपलब्ध करायी जा चुकी है। स्कूल अपनी जरूरतों के अनुसार इको क्लब के मद में प्राप्त राशि का उपयोग कर सकेगी। इको क्लब की गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 1000 स्कूलों को एमडीएम योजना के माध्यम से 5000 रुपये की अतिरिक्त आय उपलब्ध करायी जायेगी। इससे स्कूल के किचेन गार्डन को और समृद्ध करने में मदद मिलेगी। इको क्लब के माध्यम से सभी स्कूलों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का काम किया जाना है। प्रत्येक प्राइमरी स्कूल में कम से कम 10, हरेक मिडिल स्कूल में 20 और हाई स्कूलों में कम से कम 30 पेड़ लगाए जाने का टारगेट रखा गया है। इसके साथ ही जेइपीसी ने सभी जिलों को 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन के अलावा अगले एक महीने में अलग-अलग कार्यक्रमों का शेड्यूल तय समय पर पूरा करने को कहा है। 11-15 जुलाई को श्रेष्ठ 1000 स्कूलों की सूची तैयार होगी। 16-20 जुलाई को राज्य स्तर पर श्रेष्ठ 120 स्कूलों (5 स्कूल प्रति जिला) को पुरस्कार दिए जाने का भी कार्यक्रम तय किया है।

### मनरेगा से ली जायेगी मदद

स्कूलों में मनरेगा के माध्यम से भी आम और दूसरे फलदार पौधे, बागवानी, पोषण वाटिका आदि की व्यवस्था की जा रही है। सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से ग्राफ्टेड पेड़ जो उच्च गुणवत्ता एवं बड़े आकार के हों, लगाने को कहा गया है। पेड़, पौधों की व्यवस्था के लिए वन विभाग से मदद लेने का निर्देश है। सभी पौधों को स्कूल में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अंतर्गत बने चार हाउस एवं इको क्लब के सदस्यों के बीच आवंटित किया जायेगा। उनकी सुरक्षा, देखभाल, पानी, खाद आदि की भी व्यवस्था इससे सुनिश्चित होगी।

स्पीड न्यूज

# बिद्युत महतो की होगी हैट्रिक या समीर लहरायेंगे परचम, फैसला आज

- सुबह आठ बजे से शुरु होगी मतगणना, सुबह 5.30 बजे पहुंचेंगे मतगणनाकर्मी
- 96 टेबल पर ईवीएम और 42 टेबल पर पोस्टल बैलेट के मतों की की जायेगी गणना
- सात टेबल पर ईटीपीबीएस के मतों की होगी गणना, मतगणना की तैयारी हुई पूरी
- कार्मिकों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन, अंतिम रेंडमाइजेशन होगा मतगणना के दिन





को-ऑपरेटिव कॉलेज मतगणना केंद्र का निरीक्षण करने जाते डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल और डीडीसी मनीष और मतगणना केंद्र प्रवेश करने वालों की हुई कड़ी जांच, लग गया मेटल डिटेक्टर।




भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो और झामुमो प्रत्याशी समीर महंती (दायें)।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र अपने नये सांसद की घोषणा करेगा। वोट हो चुका है, और 4 जून को मतगणना के लिए को-ऑपरेटिव कॉलेज पूरी तरह से तैयार है। मंगलवार का दिन भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो के लिए मंगलकारी साबित होगा अथवा झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती के लिए शाम तक मतगणना पूरी होने के बाद पता चल जायेगा। दोनों ही दलों में जमशेदपुर सीट पर आमने-सामने मुकाबला है और परिणाम रोचक होने की उम्मीद है।

इधर, समाहरणालय में सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू, काउंटिंग प्रेक्षक संजय कुमार धत्तरवाल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की उपस्थिति में विधानसभावार मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन किया गया। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार व सभी एआरओ मौके पर उपस्थित थे। 96 टेबल पर ईवीएम के मतों की गणना होगी और सभी कर्मियों को मतगणना के दिन टेबल का आवंटन किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 04 जून को पूर्वाह्न 8 बजे पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएस के मतों की गणना पहले होगी, उसके बाद पूर्वाह्न 8:30 बजे से ईवीएम के मतों का काउंटिंग शुरू होगा। विधानसभावार देखें तो 44-बहरागोड़ा के लिए 14 टेबल पर 19 राउंड, 45-घाटशिला के लिए 15 टेबल पर 20 राउंड, 46-पोटका के लिए 16 टेबल पर 21 राउंड, 47-जुगसलाई के लिए 20 टेबल पर 20 राउंड, 48-जमशेदपुर पूर्वी के लिए 15 टेबल पर 20 राउंड तथा 49-जमशेदपुर पश्चिमी के लिए 16 टेबल पर 21 राउंड में मतगणना होगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। मतगणना के लिए कुल ईवीएम गणना हेतु गठित पार्टियों का रेंडमाइजेशन किया गया है। 96 टेबल पर ईवीएम मतों की गणना के लिए प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेंगे। इनके अतिरिक्त पोस्टल बैलेट की गणना के लिए 42 टेबल निर्धारित हैं, प्रत्येक टेबल पर एक सुपरवाइजर, दो मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। 7 टेबल पर ईटीपीबीएस के मतों की गणना के लिए एक सुपरवाइजर, दो मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि जिस प्रकार अबतक की प्रक्रिया शुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है मतगणना भी उसी प्रकार चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जायेगा।

### आज रहेगा ड्राई डे

**जमशेदपुर।** मतगणना की तिथि 04 जून को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा जिला में ड्राई डे (शुष्क दिवस) घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी खुदरा उत्पाद दुकानें, होटल, रेस्तरां एवं बार सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णत: बन्द रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरां, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जायेगा और न ही बांटा जायेगा।

### डीसी-एसएसपी ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

**जमशेदपुर।** 09- जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन को लेकर मतगणना का कार्य 4 जून सुबह 8 बजे से को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर में होगा। मतगणना की तैयारी का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल को-ऑपरेटिव कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा से लेकर मतगणना के कार्य को शांतिपूर्ण, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने को लेकर व्यवस्था की बारीकी से जांच की।

### टाटा स्टील के दिनेश व शहनवाज ने दिये एसडीपी




**जमशेदपुर।** भीषण गर्मी में जब पानी की किल्लत है, ऐसे समय में रक्त का दान अपने आप में एक संवेदनशील व्यक्तित्व की पहचान को बताता है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के एसडीपी रक्तदान अभियान के प्रभारी प्रभुनाथ सिंह के संकल्प के कारण इस गर्मी में जरूरतमंदों को रक्त कंपोनेंट के महत्वपूर्ण घटक प्लेटलेट्स की आपूर्ति जरूरत होने पर की जा रही है। आज इस कड़ी में टाटा स्टील कर्मी दिनेश कुमार सिंह ने जहां अपना 9वां एसडीपी दान किया, वहीं टाटा स्टील कर्मी शहनवाज आलान ने चौथी बार एसडीपी दान किया।

### 100 नवजात शिशुओं को इनरव्हील ने दिये उपहार

जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब के शताब्दी वर्ष का जश्न मनाने के लिए इनरव्हील ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने बिष्टुपुर के साउथ पार्क स्थित सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल (मातृ एवं शिशु देखभाल) से डिस्चार्ज हुए 100 नवजात शिशुओं को क्लब के नाम, इनर व्हील लोगो और आशीर्वाद संदेश के साथ 100 उपहार दान किये। चूंकि प्रत्येक नये बच्चे का आगमन परिवार में सभी को खुशी से भर देता है, ब्रांडिंग के इस अद्भुत प्रोजेक्ट के माध्यम से क्लब के सदस्य इस सबसे रोमांचक समय के दौरान 100 परिवारों को प्यार और आशीर्वाद का टोकन भेजने में सक्षम हुए। खुशी के सभी 100 छोटे आश्चर्यों के लिए 100 छोटे उपहारों की व्यवस्था करने के सबसे अच्छे साईन के लिए क्लब की पूर्व अध्यक्ष विनीता झा को हार्दिक धन्यवाद दिया गया। क्लब जमशेदपुर की तरुलता गांधी को भी आभार प्रकट किया गया।

### डालसा ने ओआरएस पैकेट व ठंडा पानी बांटा

**जमशेदपुर।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डालसा भी एक कदम आगे बढ़ कर मानवता का सेवा किया और लोगों के बीच ठंढा पानी और ओ आर एस पैकेट वितरित किया। डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार को झालसा के निर्देश पर मोबाईल वैन द्वारा कदमा उलियान स्थित साईं बाबा मंदिर, शास्त्री नगर, साकची गोलचक्कर, मानगो चौक आदि जगहों में सैकड़ों लोगों को ठंडा पानी एवम ओ आर एस पैकेट वितरित किया गया। साथ ही ट्रैफिक पुलिस के बीच भी ठंडा बोतल पानी और ओ आर एस का पैकेट बांटे गये।

## विधायक सरयू राय को सीनियर एसपी किशोर कौशल ने किया आश्वस्त

# विजया गार्डेन में चोरी की बड़ी घटनाओं का पर्दाफाश जल्द, पकड़े जायेंगे चोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पॉश सोसायटी विजया गार्डेन,बारीडीह में हुई चोरी की बड़ी घटनाओं का पर्दाफाश जल्द होगा और चोर पकड़े जाएँगे। इसके बाद विजया गार्डेन के विस्तृत परिसर में सुरक्षा मुकम्मल करने के प्रावधान किए जाएँगे। यह आश्वासन विधायक सरयू राय को पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक तथा विजया गार्डेन सोसायटी के प्रबंध निदेशक फणि महतो ने दिया है। श्री महतो फिलहाल सिंगापुर में हैं। विधायक की उनसे बात दूरभाष पर हुई है।

एसएसपी ने विधायक को बताया कि जमशेदपुर पुलिस का पूरा ध्यान अभी चोरी के मामले का उद्भेदन करने, अपराधियों को पकड़ने और चोरी गई संपत्ति को बरामद करने पर है। यह होते ही विजया गार्डेन के भौगोलिक विस्तार का अध्ययन कर यहाँ की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने पर पुलिस और प्रबंधन एक सशक्त योजना लागू करने का कार्य करेंगे।

विधायक सरयू राय ने कहा कि विजया गार्डेन जमशेदपुर की एक प्रतिष्ठित सोसायटी है जहां के निवासी प्रति माह यहाँ के प्रबंधन को एक बड़ी धनराशि जनसुविधाएँ एवं सुरक्षित जनजीवन के लिए देते हैं। इसके बावजूद चोरी की घटनाएं होने से लोगों के मन में भविष्य को लेकर सवाल खड़ा होने लगा है। चोरी की इस घटना से सोसायटी की प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई है। चोरी का उद्भेदन करना, चोरों को पकड़ना और चोरी का माल बरामद करना तो पुलिस का दायित्व है पर इतने विशाल भूखंड पर महंगे फ़्लैट एवं भवन खरीद कर निवास करने वालों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ एवं भरोसेमंद होना जरूरी है। ये सोसायटी के प्रबंधन के साथ ही हम सबकी भी जिम्मेदारी है।



विधायक को डुपलेक्स का अवलोकन करवाते गृह स्वामी।

- विधायक सरयू राय ने कहा कि विजया गार्डेन का भौगोलिक विस्तार और आवागमन के रास्तों के सार्वजनिक उपयोग की विशेष परिस्थिति के मद्देनजर यहाँ की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए विशेष उपाय करने होंगे। प्रबंधक के सिंगापुर से लौटने के बाद इस पर गंभीर पहल होगी।
- विधायक सरयू राय सोमवार को चोरी के भुक्तभोगी परिवार से विजया गार्डेन जाकर मिले। उन्होंने अपना पूरा डुप्लेक्स घुमाकर चोरों की कारगुजारियां दिखायी। चोरों ने निकलते वक्त अपने कुछ कपड़े और कुछ अन्य निशान छोड़े हैं जो शायद पुलिस की जांच में मददगार साबित हों। विधायक ने विजय गार्डन से ही दोबारा वरीय पुलिस अधीक्षक से बात की और खोजी श्वान दल का उपयोग करने का सुझाव दिया जिसे उन्होंने अविलंब स्वीकार किया। भुक्तभोगी परिवार की दास्तान सुनने के बाद इस निष्कर्ष पर विधायक पहुंचे हैं कि विजया गार्डेन में न केवल सुरक्षा व्यवस्था लचर है बल्कि यहां के प्रबंधन कर्मी भी सक्रिय नहीं है। प्रबंधन कर्मियों को जितनी सक्रियता बरतनी चाहिए उसका घोर अभाव है। वे संवेदनशील नहीं है।

## दलमा में आग लगाने के आरोप में दो वाहन व गैस सिलेंडर जब्त, केस दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चांडिल।** दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के जंगलों में आग लगाने के आरोप में बीती रात को दो वाहन तथा उसमें रखे एक गैस सिलेंडर को वन विभाग के कर्मियों ने जब्त किया है। बताया जाता है कि बीती रात करीब 11 बजे माकुलाकोचा चेक नाका से एक महिंद्रा बोलेरो तथा मारुति इग्निस कार जबरन दलमा में प्रवेश किया था।

इस संबंध में रेंजर दिनेश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात को बोलेरो तथा इग्निस कार में सवार कुछ लोग जबरन दलमा में प्रवेश किया। इस दौरान चेकनाका में कार्यरत वन कर्मियों एवं नाइट गार्ड द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया था, लेकिन उन्होंने वन कर्मियों एवं नाइट गार्ड के साथ धक्का मुक्की की और जबरन दलमा के जंगलों में प्रवेश कर लिया। इसके बाद उन वाहनों की तलाशी अभियान चलाया गया।

रेंजर ने बताया कि सोमवार भोर को बांधडीह चेकनाका के समीप दोनों वाहन खड़े पाये गये और उनमें सवार कुछ लोग जंगल में आग लगा रहे थे। वन कर्मियों को देखकर सभी बदमाश जंगलों में छिप गये।

## एमबी ज्वेलर्स में दिन दहाड़े डकैती कांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

- देशी कारबाईन और दो पिस्टल के अलावा गलाया गया 431 ग्राम सोना व नकद 50 हजार बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो




डकैती कांड का खुलासा करते सीनियर एसपी किशोर कौशल। साथ में सिटी एसपी मुकेश लुणावत व टीम के अधिकारी।

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सोनारी थाना अन्तर्गत एम बी ज्वेलर्स दुकान में लूट कांड का उद्भेदन कर कांड में संलिप्त 04 अपराधकर्मियों को कांड में लुटा गया सोना वजन करीब 431.73 ग्राम (गलाया हुआ), नकद 50 हजार, 02 मैगजीन के साथ 01 कार्बाइन, 03 पिस्टल ,17 कारतुस आदि सामानों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार अपराधियों में से एक को रांची से और तीन को पलामू से गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही सोनारी एयरपोर्ट बाजार के पास एमबी ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई डकैती की घटना का जमशेदपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

## नारायण आइटीआइ में मधुमेह और संधिवात मुक्त झारखंड अभियान 11 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आयुर्वेद रत्न ब्रह्मर्षि श्री सिद्धि दात्री मां पीतांबरा शक्ति पीठ पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मांडपुरी जी महाराज के नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड मधुमेह मुक्त, संधिवात मुक्त अभियान दिनांक 11 जून से शुरू होकर एक सप्ताह तक नारायण प्राइवेट आईटीआई एनएच-32 लुपुंगडीह चांडिल में आयोजित हो रहा है। परमार्थ के यज्ञ में आम जनता की सेवा अपेक्षित है।

उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में नारायण आइटीआई के चेयरमैन डाह जटाशंकर पांडेय ने दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी को जातिवाद, समाजवाद, परिवारवाद, संप्रदायवाद को छोड़ कर नर में नारायण को देखते हुए सम्पूर्ण विश्व में प्राणि मात्र के अंदर नर को नारायण समझते हुए इस कार्य का शुभारंभ करने के लिए तैयार रहना है। क्योंकि हमारा उद्देश्य ही नर सेवा, नारायण सेवा, मानव सेवा और माधव सेवा है।



प्रेस वार्ता में मौजूद बायें से मनीषा सिंह, स्वामी ब्रह्मांडपुरी जी महाराज, डॉ जटाशंकर पांडेय व प्रो सुदिष्ट कुमार।

## आनंद मार्ग ने बांटे 200 पौधे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग ने सिविल डिफेंस एवं छत्तीसगढ़ी जनकल्याण समिति एवं गदरा के ग्रामीण क्षेत्र में त्रिफला आंवला, बहेडा और हरितकी (हरड) त्रिफला शब्द का शाब्दिक अर्थ है तीन फल के 200 पौधे का वितरण किया गया। 30 मई से 5 जून तक सात दिवसीय निशुल्क पौधा वितरण सप्ताह आयोजित किया गया है प्रत्येक दिन सुबह 6 से 8 तक, आनंद मार्ग धर्म चक्र यूनिट, उर्मिला भवन, सोनारी कबीर मंदिर के पास एवं गदरा आनंद मार्ग जागृति, शिव मंदिर के पास। 5 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर पिछले काफी सालों से आयोजित किया जा रहा है। इस तरह इस साल भी पर्यावरण सप्ताह के पांचवें दिन सिविल डिफेंस स्टेशन के सेकंड एंट्री गेट वर्मा माइंस और बागबेड़ा लाल बिल्डींग चिल्ड्रेन पार्क में वृक्षारोपण के लिए दिया गया है।




## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की कमेटी मीटिग में यूनिफार्म बदलाव का स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से कमेटी मीटिंग संपन्न हुई। यह मीटिंग एक रूटीन मीटिंग के तौर पर आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने किया तथा विषय प्रवेश महामंत्री श्री आरके सिंह ने किया। सभी कमेटी मेंबरों ने बारी-बारी से अपने क्षेत्र के समस्याओं को बैठक में रखा। साथ ही साथ सभी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया की पिछले 6 साल से जो मल्टी स्किल स्कीम बंद था उसे अध्यक्ष महामंत्री के प्रयासों से आरंभ किया गया और इस माह हर विभाग में इसका लाभ मिल रहा है। साथ ही साथ यूनिफॉर्म में जो बदलाव किया गया और गुणवत्तापूर्ण यूनिफार्म एस कुमार का वितरण किया जा रहा है उससे मजदूर काफी संतुष्टि है तथा इसे सराहा भी जा रहा है। अस्पताल में भी नए टीएमटी मशीन लग गए हैं इसके लिए अस्पताल के कमेटी मेंबरों ने अध्यक्ष महामंत्री को धन्यवाद दिया एवं भविष्य में जल्द से जल्द अप्रेंटिस का वैकेंसी हो इसकी मांग भी बैठक में रखी गयी। सभी के बातों को सुनने के बाद महामंत्री श्री आरके सिंह ने अपने भाषण में कहा आप सबके सुझाव एवं समस्याओं का निराकरण करने के लिए उचित प्लेटफार्म पर बातों को रखेंगे एवं उसका निराकरण के लिए प्रयास किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप आरंभ करना एवं पहले से जो अप्रेंटिस किए हुए हैं और अभी जॉब में नहीं है कुछ टीएमएसटी समाप्त किए हुए छात्रों के संबंध में भी यूनियन गंभीर है और जल्द से जल्द इनको भी सही रास्ता निकालने का काम यूनियन करेगी। आप सब अनुशासित रूप से कर्मचारियों की समस्या के निदान के लिए लगातार प्रयास करते हैं यही यूनियन की ताकत है। वही हमारे दो साथी पीके मोहंती एवं चलपत रे के रिटायरमेंट से दो कमिटी मेंबर्स का स्थान रिक्त हुआ है महामंत्री द्वारा बैठक में प्रस्ताव लाया गया की रिक्त पदों पर निबंध संविधान के तहत चुनाव कराने की प्रक्रिया आरंभ की जाए। जिस पर सदन में उपस्थित सभी लोगों ने सहमति प्रदान किया। अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह ने अपने अध्यक्ष के भाषण में कहा कि हम लोग लगातार आपके द्वारा चिन्हित समस्याओं का निदान करने का प्रयास करेंगे। कुछ प्रयास आप लोग नजर भी आ रहे होंगे।




## एक नजर में

### प्रेमनगर में समिति ने निकाली भव्य कलश यात्रा



**जमशेदपुर।** मां तारा प्रतिमा निर्माण समिति, प्रेमनगर ने सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली, जिसमें हजारों कि संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी लोग प्रेमनगर स्थित मकदम छठ घाट में एकत्रित होकर दोमुहानी नदी गये। उसके उपरांत कलश में जल भरकर वापस प्रेमनगर के लिए रवाना हुए। बर्मामाइंस से शोभायात्रा पैदल चलकर आये जिसमें काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुए। शोभायात्रा का नेतृत्व अमित शर्मा कर रहे थे शोभायात्रा में घोड़े एवं बाजा आकर्षक का केन्द्र थे। विदित हो कि मां तारा के 37 फीट कि प्रतिमा का अनावरण एवं अनुष्ठान 5 जून को होनेवाला है जो आज के कलशयात्रा से प्रारम्भ होकर 6 अनुष्ठान एवं हवन तथा भोग वितरण होकर समापन होगा। कलश यात्रा में पूर्वी विधायक सरयू राय एवं बस्तीवासी थे।

### जुगसलाई शनिदेव मंदिर में झारखंड शांति यज्ञ छह को



**जमशेदपुर।** जुगसलाई दु:खु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड़ स्थित शनिदेव मंदिर में गुरुवार 06 जून को झारखंड शनि शांति यज्ञ (हवन) का आयोजन दामोदर शनि बाबा करेंगे। आमवस्या पर प्रात:काल 8 बजे से नवग्रह पूजा एवं हवन आरम्भ होगा, जो दोपहर एक बजे तक चलेगा। दोपहर 11 से तीन बजे तक प्रसाद का वितरण होगा। संध्या 5 से 6 बजे तक विशेष नागरिकों के द्वारा हवन पूजन होगा। सोमवार को दामोदर शनि बाबा ने मीडिया को बताया कि संध्या 7 बजे से भजन कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय प्रेम अग्रवाल एण्ड पार्टी के कलाकार अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे। पूजा के सभी कार्यक्रम पंडित अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा के नेतृत्व में 11 पंडित करेंगे। इसे सफल बनाने में मनोज पुरिया, नंदकिशोर ठाकुर, सौरव अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, अरूण गोयल, धर्मेन्द्र शर्मा, विष्णु सोनकर, राजू सोनकर, अंकित गर्ग, अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा आदि लगे हुए हैं।




### सिंहभूम सीट पर भाजपा की जीत तय : गीता कोड़ा

**जमशेदपुर।** भाजपा लोकसभा कार्यालय में पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा, लोकसभा संयोजक गीता बालमुचू, जिलाध्यक्ष संजय पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश पूरी के साथ भाजपा के कार्यकर्ता मतगणना के लिये काउंटिंग एजेंट, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। जिलाध्यक्ष संजय पांडे, गीता बालमुचू ने मतगणना के लिये सभी को उनके जिम्मेवारी से अवगत कराकर मतगणना में होने वाले कार्यों के बारे विस्तृत जनकारी दिया। गीता बालमुचू ने पार्टी के जोरदार नारों के साथ सभी का स्वागत किया और कहा कि कल कमर कस कर कार्य करें,कल सिंहभूम लोकसभा सीट में कमल फूल खिलेगा,क्योंकि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोबल से चुनाव कार्य किये,सभी ने मतदान के दिन भारतीय जनता पार्टी प्रत्यासी गीता कोड़ा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मत कमल फूल निशान में करवाया जिसका सुखद परिणाम कल हमे विजय के रूप में मिलेगा।संजय पांडे ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता के बदौलत ही पार्टी जीत का दावा कर रही है,कल भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी और हमारे लोकसभा से गीता कोड़ा, नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत कर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर हमसबों का प्रतिनिधित्व करेंगीं। प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत कर कहा कि कल का दिन ऐतहासिक होगा, आप सभी के कड़ी मेहनत से हमलोग कल जीत हासिल करेंगे,यह जीत मेरी नहीं आप सभी कार्यकर्ताओं की जीत होगी, कल मतगणना केंद्र में आप सभी दृढ़ता से बेखौफ जोकर कार्य करें, कल की लड़ाई चुनाव की अंतिम लड़ाई है जिसे मजबूती से लड़ना हैं। सतीश पूरी ने टेबल वार कार्य अंजाम देने के बारे में बारिकता से बताया, उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपना टेबल नही छोड़ना है, कल कमल फूल खिलने से कोई हमें नहीं रोक सकता। बैठक मेवदिनेश नंदी ने कहा कि कल मतगणना के उपरांत सिंहभूम लोकसभा में कमल फूल खिलेगा और अबकी बार 4 सौ पार होना तय है।

### नवगछिया के रणवीर की थी बोरे में बंद लाश

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के केंदू गाछ के समीप बीते 18 मई को बंद बोरे में फेंक गये शव के मामले की पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है। उक्त बोरे में मिले शव की पहचान बिहार के नवगछिया निवासी रणवीर शर्मा के रूप में की गयी है। इस हत्याकांड को अंजाम प्रेम प्रसंग में दिया गया था। इस मामले में मृतक की सालडीह बस्ती निवासी प्रेमिका रूबी देवी तथा उसके पति पूर्ति शर्मा को आदित्यपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया है कि मृतक की चार पुत्री और एक पुत्र है। मृतक रणवीर अपने गांव में ही बढ़ई का काम करता था। आरोपी महिला मृतक की रिश्तेदार है। आरोपी को अपनी भगनी से ही प्रेम संबंध हो गया था। रणवीर अपने गांव से मिलने के लिए जमशेदपुर आया था। इसके बाद मांझी टोला अपने कथित भगनी के घर पहुंचा। बीते 16 मई की रात में मृतक को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में पूर्ति शर्मा ने देख लिया था। जिसके बाद रणवीर शर्मा को चाकू से मारकर और कपड़ा से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बोरे में शव को भरकर फेंक दिया। बताया जा रहा है कि रणवीर की हत्या में एक विशेश्वर शर्मा और उसकी पत्नी भी आरोपी है जो घटना के बाद से फरार है।

# तैयारी पूरी, सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

## पलामू लोकसभा 2024 : ड्राई रन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सोमवार को पलामू लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत विभिन्न अधिकारियों ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित वज्र गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हॉल तक जाने वाले रास्ते, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर, खाने का स्टॉल व मतगणना कक्ष के कमरों की विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी शशि रंजन के स्तर से जारी प्रवेश पत्र के माध्यम से ही व्यक्तियों को प्रवेश मतगणना केंद्र पर कराया जायेगा। मतगणना केंद्र में तैनात मजिस्ट्रेट व्यक्ति की पहचान पत्र की सत्यता की जांच करने के पश्चात ही उसे एंट्री करायेंगे। तीन स्तर पर जांच होने के पश्चात कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र में अनुमति कर सकेगा। मतगणना से जुड़े कर्मियों सहायकों व पर्यवेक्षकों को 4 जून को सुबह 5 बजे से रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। आज निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों की मौजूदगी में ड्राई रन का भी आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि पलामू लोकसभा अंतर्गत कुल 6 विधानसभा क्षेत्र की मतगणना हेतु 124 टेबल बनाये गये हैं वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना के लिए 28 टेबल बनाये गये हैं।

### कयामत की रात प्रत्याशियों की धड़कनें तेज, किसके सिर होगा ताज फैसला आज

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के बाद पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होकर वज्रगृह में सील हो गया। तब से आज तक सभी राजनीतिक दल एवं प्रत्याशियों ने विभिन्न प्रकार के कयास लगाते हुए जीत का सेहरा अपने माथे सजा रहे हैं। मानों ऐसा प्रतीत होता है कि प्रत्याशी दिन में ही मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं, लेकिन आज की रात प्रत्याशियों के लिए कयामत की रात होगी। किसके सर ताज होगा किसके घर खुशियां मनेगी यह तो मंगलवार का दिन ही तय करेगा। कारण मंगलवार को वज्रगृह से इवीएम निकलकर अपना कारनामा दिखायेगा। इससे प्रत्याशियों की धड़कनें काफी तेज है। पूर्व के कयास पर अब पानी फिरनेवाला है। कारण जनता के जनादेश की गिनती होगी। तब यह पता चलेगा कि किसके सिर होगा ताज। जीत के प्रति आश्वस्त प्रत्याशी अभी भी अपने आप को पूरी तरह से आश्वस्त महसूस कर रहे हैं वहीं निराशा भरी हाथ लगने वाले प्रत्याशी इवीएम के उपर अपना ठीकरा फोड़ने वाले हैं।

### मंगलवार को मंगलमय होनेवाला है : बीडी राम



पूर्व सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने कहा कि विगत दस वर्षों में पलामू संसदीय क्षेत्र में जो विकास की लकीरें खींची हैं वह किसी से छिपी हुई नहीं है। अपनी कर्तव्यनिष्ठा के अनुसार तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ रहा हूं। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मुझे सफलता हाथ लगेगी। 13 मई को मतदान हुआ था। वह दिन भी मेरे लिए बहुत ही शुभ था और आज मंगलवार को मतगणना होनी है जो मेरे लिए मंगलकारी दिन साबित होगा।

### जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हूं : ममता भुइयां



पलामू संसदीय क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के राजद प्रत्याशी ममता भुइयां पहली बार भाग्य आजमाने के लिए चुनावी मैदान में उतरी है। ममता भुइयां पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंड, पंचायत व गांवों में घूम-घूमकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जनता से आग्रह की थी। जिसका परिणाम 13 मई को मतदान के रूप में मिला है। उन्होंने कहा कि चुनावी संपर्क के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का जो स्नेह व आशीर्वाद मिला है उससे मैं काफी सहमत हूं।

### झारखंड में भाजपा प्रत्याशियों की प्रचंड बहुमत से होगी जीत : अमित



मतगणना से पूर्व भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पलामू एवं चतरा लोकसभा सीट के साथ ही भाजपा झारखंड राज्य में लगभग तेरह सीटों पर प्रचंड बहुमत से विजय हासिल करेगी। देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को पीएम बनने एवं देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाने जा रही है। पीएम मोदी ने गरीब कल्याण से लेकर देश का सम्मान बढ़ाने तक पिछले दश साल में जो काम किया है उस से जनता का भाजपा को प्रचंड समर्थन मिला है।

## स्पीड न्यूज

### मतगणना केंद्र के सामने लगा भाजपा कार्यकर्ताओं का पंडाल



मतगणना केंद्र जीएलए कॉलेज गेट के सामने भारतीय जनता पार्टी पलामू लोकसभा के कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए बना पंडाल। जहां चक्रवार मतगणना की जानकारी भी दी जायेगी।

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**चैनपुर (पलामू)।** चांदो के शंभू सिंह की पत्नी रेशमी देवी (23) सोमवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देख उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

### खुशबू रानी बनी भारत मानवाधिकार सहायता संघ की पलामू जिला सचिव



**पाटन पलामू।** भारत मानवाधिकार सहायता संघ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के देवराज हेस्सा के निर्देश पर खुशबू रानी को भारत देश में मानव के अधिकारों के हनन व संगठन प्रचार-प्रसार के लिए मानवाधिकार सहायता संघ का पलामू जिला सचिव नियुक्त किया गया। संघ नेतृत्व ने कहा कि उम्मीद है कि आप अपने पद की गरिमा बनाये रखते हुए मानवाधिकार सहायता संघ के नियमों का पालन करेंगे। खुशबू को जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह ने बधाई दी है।

### मुख्य नहर में कचरा का लगा अंबार



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्टेशन रोड में उत्तर कोयल मुख्य नहर कचरों का डंपिंग ग्राउंड बन गया है। ऐसे में इससे फैलने वाली दुर्गंध से आसपास के लोगों के अलावा राहगीरों का जीना मुहाल हो गया है। बताया गया कि दैनिक बाजार के सारे कचरे और नालियों का गंदा पानी नहर में ही डाला जाता है। चूंकि चालू मौसम में जलप्रवाह रोक दिया जाता है। इसलिए नालियों से गिरा पानी स्थिर हो कर जमा हो जाता है। लोगों ने मुख्य नहर में कचरा और गंदा पानी डालने से रोकने की दिशा में कारगर कदम उठाने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है। **बिहार-झारखंड के भूभाग में होता है पटवन :** इस मुख्य नहर का शुभारंभ मोहम्मदगंज भीम बराज गेट के दायीं छोर से हुआ है। इस नहर से बिहार के 90 और झारखंड के 10 प्रतिशत भूभाग का पटवन होता है। इससे जुड़े सिंचाई कर्मी का मासिक वेतन भुगतान में भी 90:10 की भागीदारी है। यह नहर नवीनगर अंबा होते हुए बिहार निकल जाती है।

### थाना प्रभारी ने किया बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**पाटन पलामू।** थाना प्रभारी लालजी ने बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। किशैनी के योगेंद्र मेहता का ट्रैक्टर सतौआ घाट से बालू लेकर जा रहा था। उसी क्रम में थाना प्रभारी ट्रैक्टर को रोड पर जाते देख जब्त कर थाना ले आये। बताया कि बालू माफियाओं के खिलाफ लगातार छापामारी जारी है। उसी क्रम में ट्रैक्टर जब्त किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को भेजा जायेगा। ग्रामीणों ने बताया कि रात में दर्जनों ट्रैक्टर सतौआ घाट से बालू ढोते हैं जिसका वीडियो भी बनाया है।

### सहायक शिक्षिका अर्चना कुमारी की मौत



**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के घोरडीहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी (40) का निधन रविवार की रात हो गया। वह गर्भाशय कैंसर से पीड़ित थी। इनका इलाज बनारस बीएचयू में चल रहा था। जहां लगभग 11 बजे अंतिम सांस ली। वहीं सोमवार की सुबह बनारस गंगा नदी के घाट पर दिवंगत सहायक अध्यापिका का अंतिम संस्कार किया गया। शिक्षिका अपने पीछे परिवार में पति दीपक पांडेय व 16 वर्षीय पुत्र कृष पांडेय को छोड़ गयी। इधर, अर्चना के निधन की खबर सुन प्रखंड के सभी शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गयी। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश महासचिव प्रद्युम्न सिंह उर्फ सिंटू, प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान, प्रखंड सचिव नीरज मिश्रा, इकबाल अहमद, विजय पांडेय, कामेश्वर पाल, महबूब आलम, श्याम बिहारी चौधरी, अख्तर अली अंसारी, मकसूद अंसारी, नीरज पांडेय आदि सहायक अध्यापक शामिल थे।

### सबइंस्पेक्टर बालदेव को दी गयी विदाई



**पांडू पलामू।** पांडू थाना परिसर में सब इंस्पेक्टर बालदेव सिंह को विदाई दी गयी। सम्मान समारोह का नेतृत्व पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ और संचालन प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न सिंह उर्फ सिंटू ने किया। समारोह में एसडीपीओ राकेश सिंह, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान, बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार, नावा बजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार, नवाडीह ओपी प्रभारी राजवर्धन, नौगढ़ ओपी प्रबारी निलेश कुमार उपस्थित थे। डीएसपी राकेश सिंह ने कहा कि बालदेव अपने सेवाकाल में ईमानदारी से कर्तव्य का निर्वहन किये। जनता का प्यार-स्नेह देख लगता है कि इनका कार्य सराहनीय है। इनकी सेवा में कोई शिकायत नही है।

### अब दो शिफ्ट में कार्य करेंगे चिकित्सक

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के बाद मतगणना के दिन स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद है। कारण कि पलामू के पारा में दिन प्रतिदिन उतार चढ़ाव हो रहा है। जिससे लोगों को तेज धूप व लू का सामना करना पड़ रहा है। मतगणना में अत्यधिक भीड़ होने की उम्मीद है। इसमें किसी अनहोनी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद है। सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने कहा कि मतगणना के दिन सीआरपीएफ 134 बटालियन परिसर में अस्थाई ट्रामा सेंटर बनाया गया है जहां पर दो शिफ्ट में चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी कार्य करेंगे।

# अवसर मिला तो मेदिनीनगर होगा सर्वोत्तम शहर : अरुणा

- मेरे कार्यकाल की हर योजनाओं पर पैनी नजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने अपने कार्यकाल में पारित की गई वार्ड नंबर तीन में पीसीसी रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बिजली गृड से डॉक्टर त्रिपुरारी प्रसाद के घर होते रमाकांत तिवारी के घर तक लगभग 55 लाख की लागत से पथ निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां के मोहल्ले वालों ने मुझसे मिलकर इस रोड की मांग की थी। आज मुझे खुशी है कि यह रोड बनकर तैयार हो गया। निरीक्षण के क्रम में मोहल्ले वालों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रथम महापौर का फूलमाला से स्वागत कर बधाई दी। बताया कि रोड बनने से पूर्व आवागमन में कितना कष्ट हुआ करता था। प्रथम महापौर से मोहल्ले वालों ने पोल पर कुछ लाइट लगाने का अनुरोध किया जिसपर उन्होंने कहा कि निगम अभी मेरे अधीन नहीं फिर भी मैं संबंधित पदाधिकारी से बात करूंगी अगर निगम नहीं लगायेगा तो मैं निजी खर्च से कुछ लाइट लगवा दूंगी।



प्रथम महापौर ने कहा कि 2 वर्ष कोरोना के बावजूद मैंने अपने कार्यकाल में चौक चौराहा, गांधी उद्यान, मोहल्ला पार्क, मरीन ड्राइव, टैक्सी स्टैंड, स्टेशन रोड -गांधी मार्ग (कचहरी रोड) का सुंदरीकरण के साथ यथासंभव मोहल्लों के रोड नाली का निर्माण कराइ ,शहर की सफाई बढ़ाई कुछ मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन चालू कराया और 5 रुपया में छात्राओं एवं महिलाओं के लिए पिंक बस का संचालन शुरू कराया जिसे बाद में निगम ने अपने अधीन ले लिया इन सब चीजों से शहर की कुछ हद तक तस्वीर बदली है। आगे अगर आप सबों का आशीर्वाद मिला तो मेदिनीनगर झारखंड का सुविधायुक्त सर्वोत्तम शहर होगा। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में मेरे द्वारा पारित की गयी एक-एक योजना पर मेरी पैनी नजर रहेगी। मौके पर विकास सिंह, राधेश्याम सिंह, रामप्रवेश पांडे, प्रशांत तिवारी, देवराज तिवारी, सुरेंद्र सिंह, लव सिंह, अंकित तिवारी, उदय सिंह, अनंत पांडे, डॉ त्रिपुरारी प्रसाद, शंकर राम, नारद तिवारी, दिनेश कुमार समेत काफी संख्या में मुहल्ले के लोग मौजूद थे।

मतणगना को लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने किया आवागमन पथ का रूट डायवर्ट

# पांकी रोड से जीएलए कॉलेज रोड तक आज वाहनों का परिचालन बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने मतगणना कार्य को लेकर पांकी-डालटनगंज रोड का रूट डायवर्ट किया है। एसपी ने कहा कि चार जून को जीएलए कॉलेज में मतगणना का कार्य किया जायेगा। मतगणना स्थल के बाहर भारी मात्रा में मतगणनाकर्मी व मतगणना एजेंट मतगणना स्थल में आयेंगे। जिससे मतगणना परिसर के बाहर पांकी-डालटनगंज रोड में काफी भीड़ होने की संभावना है। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू करने को लेकर चार जून की सुबह चार बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तन किया है। एसपी ने कहा कि पांकी से डालटनगंज व औरंगाबाद की ओर जानेवाले भारी वाहन रजवाडीह चौक से चियांकी बाईपास रोड होते चियांकी चेक पोस्ट आयेंगे। वहां से रेड़मा चौक से डालटनगंज/ औरंगाबाद की ओर जायेंगे। पांकी से रांची जानेवाले भारी वाहन रजवाडीह चौक से चियांकी बाईपास रोड होते चियांकी पोस्ट आयेंगे। वहां से एनएच 75 से रांची जायेंगे। औरंगाबाद/ डालटनगंज से पांकी जानेवाले भारी वाहन रेड़मा चौक से चियांकी चेक पोस्ट होते चियांकी रजवाडीह बाईपास रोड से रजवाडीह चौक आयेंगे वहां से पांकी की ओर जायेंगे। एसपी ने कहा कि चार जून को पांकी रोड से जीएलए कॉलेज रोड मतगणना परिसर के सामने तक आम जनता के वाहनों का आना जाना प्रतिबंधित रहेगा। एसपी ने कहा कि आम जनता एसबीआइ जीएलए कॉलेज ब्रांच के बगल से सब्जी मार्केट ग्राउंड होते पांकी रोड से जायेंगे। मतगणना समाप्ति तक आम जनता इसी रूट डायवर्सन से जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह सूचना आम जनता की सहूलियत के लिए प्रकाशित किया जा रहा है।

## पांकी के सोरठ में कुआं में डूबने से हुई 40 बंदरों की दर्दनाक मौत

- बंदरों की मौत के जिम्मेवार हैं वन विभाग के अधिकारी : सतीश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना के सोरठ गांव में एक कुआं में पानी पीने उतरने के दौरान डूबने से करीब 40 बंदरों की मौत हो गयी। इतनी अधिक संख्या में बंदरों की मौत के जिम्मेवार वन विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाये। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जब वन विभाग के पदाधिकारी को संज्ञान में है कि पलामू में हिट बेव जारी है, तो जानवर को पानी की व्यवस्था क्यों नहीं की गयी। सरकार गर्मी में जानवर को पानी पिलाने के लिए राशि आवंटित करती है। जिसका वारा न्यारा वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारी कर देते हैं। वन्य जीव संरक्षण कानून की धज्जियां उड़ायी जा रही है। झारखंड में वन विभाग की जिम्मेवारी सीएम की है। सरकारी संरक्षण में जंगल की अंधाधुंध कटाई भी इस वन जीवों की हत्या का जिम्मेवार है।

## सुनेश्वर यादव मामले का पुलिस ने किया खुलासा तीन गिरफ्तार

- उधार का पैसा मांगने पर दोस्त के साथ मौत की घटना को दिया अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा निवासी कमलदेव यादव के पुत्र सुनेश्वर यादव 30 मई से लापता था। जिसकी लिखित सूचना परिजनों ने थाना को दिया था। तबसे परिजन किसी होनी अनहोनी घटना की आशंका से भयभीत थे। इधर, पांकी थाना क्षेत्र के बरदाग जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पांकी थाना पुलिस को दी गयी। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने वरीय अधिकारियों को सूचना देते हुए घटनास्थल की ओर रवाना हुए। बरदाग जंगल में एक झाड़ी से अज्ञात व्यक्ति का सिर कुचला हुआ शव बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान हेतू पांकी थाना क्षेत्र के निकटवर्ती थाना क्षेत्रों को सूचना दी गयी। इसके आधार पर लेस्लीगंज थाना द्वारा मृतक के परिजन को लेकर बरदाग जंगल लाया गया। जहां पर मृतक के परिजनों ने शव की पहचान की।

### 60 वर्षीय विक्षिप्त महिला का शव लघुनहर में मिला



**हुसैनाबाद पलामू।** अधौरा के नागेंद्र चौधरी की विधवा शिवपतिया कुंवर (60) का शव कबरा खुर्द गांव के समीप अधौरा लघु नहर से पुलिस ने बरामद किया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त महिला मानसिक विक्षिप्त थी। वह शनिवार को दोपहर से अचानक घर से गायब हो गयी थी। आज पशु चराने वाले राजबंधा गांव के चरवाहे ने देखा कि कबरा खुर्द मोड़ पर अधौरा नहर में एक महिला मृत पड़ी है। पहचान होने पर घरवालों की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। आशंका है कि लू की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

### पोक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना की पुलिस ने पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त पिंटू कुमार सिंह पिता उपेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नावा जयपुर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार पिंटू सिंह नावाजयपुर थाना क्षेत्र के खजूरी टोला कर रहनेवाला है। पुलिस ने इस पर दर्ज मामले के तहत अनुसंधान के बाद कार्रवाई की है।

### त्रिदंडी स्वामी के वयोवृद्ध शिष्य का निधन, शोक



**मोहम्मदगंज।** त्रिदंडी स्वामी के परम शिष्य कृष्णा मेहता (102) का निधन हो गया है। पंसा पंचायत के कोइरियाडीह निवासी कृष्णा मेहता का निधन शनिवार की रात हृदय गति रुकने से हो गयी है। रविवार को उनका का दाह संस्कार किया गया। इसमें त्रिदंडी स्वामी के कई अन्य शिष्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मुखिया विकास सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, अश्विनी सिंह, शुभम सिंह, जयप्रकाश मेहता, सत्येंद्र सिंह सहित अन्य कई लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत कृष्णा मेहता को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

### विधायक की पहल पर कसमार में दी गयी अंबेडकर की प्रतिमा, ग्रामीणों ने जताया आभार



**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत कसमार में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा दी गयी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के सौजन्य से अंबेडकर की प्रतिमा मिलने पर कसमार के लोगों ने विधायक के आवास नीलांबर पीतांबरपुर मौर्या फार्म हाउस पर बाबा साहब और विधायक जी के नारे लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही विधायक को आभार व्यक्त किया। मौके पर ओम प्रकाश सिंह उर्फ ढलान सिंह, गोपाल यादव, भाजपा तरहसी युवा मोर्चा अध्यक्ष कन्हाई लाल सिंह भी मौजूद थे।

## सतबरवा में युवक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के सतबरवा निवासी निर्दोष कुमार उर्फ माला (26) ने अपने ठेमा गांव स्थित दूसरे घर के कर्कट शीट में लगाये गये पाइप में रस्सी बांधकर फांसी के फंदे पर झूलकर रविवार की रात में जान दे दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक है। कई तरह की चर्चा में लोग व्यस्त दिखे और कहा कि निर्दोष कुमार काफी अच्छा युवक था। वह हर एक लोगों से घुल मिलकर रहता था। सभी को सहयोग भी करता था। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि सोमवार को शव को डाल्टनगंज के राजा मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने युवक निर्दोष को फांसी के फंदे से उतारा और नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा रात्रि में ही लेकर पहुंचे थे।

### युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम ईमली निवासी लक्ष्मी देवी पति गगनदेव मोची ने गांव के ही एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगायी है। उन्होंने पाटन थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से इस मामले में पहल करते हुए आरोपी युवक पर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने कहा कि 31 मई को मैं शौच के लिए बाहर निकली थी। इसी बीच गांव के मुन्ना कुमार पिता रमेश मोची आया और मेरे साथ खेत में दुष्कर्म किया। चिल्लाने पर वह भाग गया। युवक ने धमकी दी कि किसी को बतायेगी तो अंजाम बुरा होगा।

## पूर्व सांसद मनोज ने किया किशनपुर के भागीरथी के परिजन से मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशुनपुर निवासी भागीरथी सोनी की मौत लू लगने से हो गयी। भागीरथी अंबिकापुर में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। वे अपनी माता के श्राद्धकर्म में किशनपुर पहुंचे थे। इसी दौरान भागीरथी की भी मौत हो गयी। एक साथ दो मौत की जानकारी मिलने पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने मृतक भागीरथी के घर किशुनपुर पहुंचे। पूर्व सांसद ने मृतक के परिजन से मिल कर इस घटना पर शोक जताया। पूर्व सांसद ने परिजन को आर्थिक सहयोग भी किया। पूर्व सांसद ने परिजन को आश्वासन दिया कि वे हर संभव उनके परिवार के साथ हैं। उन्हें सरकारी लाभ भी दिलाया जायेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पलामू जिले में जितने भी व्यक्तियों की (हिट वेव) लू की चपेट में आने से मौत हुई हैं।

# टेंपो लगाने व बुजुर्ग की हत्या मामले में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- हुसैनाबाद चौखड़ा में दो पक्षों में हुआ था विवाद
- लाठी डंडे से पीटकर की गयी थी हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौकड़ा गांव में टेंपू हटाने के विवाद को लेकर मारपीट की घटना के दौरान हुई वृद्ध की मौत मामले में मृतक के पुत्र गोपाल कुमार गुप्ता ने हुसैनाबाद थाना में पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसने गांव के ही राजू सिंह, बबलू सिंह, विजय सिंह, मिथून सिंह, कुंदन सिंह को आरोपी बनाया है। अपने फर्द ब्यान में गोपाल कुमार गुप्ता ने बताया की बीते शुक्रवार की रात अपने ही परिवार की टेंपू सड़क किनारे खड़ी थी, इसी दौरान राजू सिंह घर हमारे घर के दरवाजा के पास आकर टेंपो हटाने को लेकर गाली गलौज करने लगा, हमने कहा की खाना खा कर टेंपू हटा देते हैं। इतना सुनते ही राजू सिंह जोर जोर से दरवाजा पीटने लगा जब हमारे पिता लखदेव साव बाहर निकले तो उक्त सभी लोगों ने हमारे पिता जी को लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिये। लड़ाई झगड़ा की आवाज सुन हम और हमारे भाई अजित साव, बिनोद साव, कुंडल साव जब घर से बाहर निकले, तो अपने पिता को उनलोगों ने लाठी डंडे से पीटते देख बीच बचाओ करने लगे इसी क्रम में उनलोगों ने हम सभी को लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी।



बुजुर्ग के घर पर जुटी लोगों की भीड़।

- हम सभी लोगों का प्राथमिकी इलाज अनुमंडलीया अस्पताल में किया गया, चिकित्सकों ने लखदेव साव, अजित साव, बिनोद साव को स्थिति को गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान शनिवार को हमारे पिता की मौत घटनास्थल ही हो गयी थी। बिनोद साव, अजित साव अभी भी सदर अस्पताल में है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की फर्द ब्यान के अधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। शीघ्र ही सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# लोहड़ी में रामचरितमानस नवाह्नपरायण यज्ञ को लेकर यज्ञ समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ी गांव में रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ की शुरुआत 7 जून से होगी। यज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति की बैठक हुई। यज्ञ के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गयी। यज्ञ समिति के सचिव नवल किशोर पाठक, अध्यक्ष अखिलेश पाठक तथा कोषाध्यक्ष आशुतोष पाठक को बनाया गया है। साथ ही संरक्षक मंडल में गौरी शंकर पाठक, बलराम पाठक, राम स्वरूप पाठक, सुरेश पाठक, मृत्युंजय पाठक एवं राजेश मिश्रा को रखा गया है। समिति के सचिव नवल किशोर पाठक ने बताया कि 7 जून को सुबह 7 बजे कलशयात्रा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें नगरभ्रमण के बाद ट्रेनिंग कॉलेज स्थित झरना से जल कलश में जल उठाया जायेगा। यज्ञ के दौरान संध्या 9 बजे से रात्रि 11 बजे तक मानस प्रवचन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें झांसी उत्तर प्रदेश की कथा वाचक मानस माधुरी माला के द्वारा प्रवचन किया जायेगा। 15 जून को भक्ति जागरण का आयोजन होगा। वहीं यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। 16 जून को हवन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, इंदुभूषण पांडेय, भास्कर पाठक, आनंद पाठक, व्यास सुरेंद्र पाठक, गुड्डू पाठक, पिंटू पाठक, निरंजन वैद्य, मंदीप पाठक, ओम प्रकाश पाठक, पंकज पाठक, शैल पाठक, मुकेश पाण्डेय समेत कई लोग उपस्थित थे।



यज्ञ समिति की बैठक में शामिल लोग।

# जीत को लेकर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने किया हवन



फोटो-हवन करते भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन एवं कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन चुनाव परिणाम में जीत सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को स्थानीय डगालपाडा के शिव मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना कर वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हवन की। विधिवत पूजन एवं हवन कार्यक्रम मुख्य पुजारी शिव प्रसाद पांडे, विनोद पांडे एवं सोमू चौधरी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हवन कार्यक्रम को संपन्न कराया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पंकज वर्मा, नगर महामंत्री दीपक सिंह एवं सूरज केसरी, मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष छोटन दा (जयंत शाह) सचिव संतोष लल्ला, सोनू शर्मा, प्रवीण कुमार, पुराना दुमका पंचायत के मुखिया रविंद्र बास्की, मजदूर यूनियन नेता विजय कुमार दास,नगर उपाध्यक्ष आनंद झा, ऋषिकेश गुप्ता, राजेश वर्मा, गौरव झा, अमित गुप्ता, विवेक, प्रवीण, सोनू शर्मा, शिवम कुमार,अभिजीत कुमार मुखर्जी, तपन मंडल, मनोज शाह, मुकेश सिंह ,वार्ड परिषद संजीव कुमार यादव, वार्ड पार्षद कौशलेंद्र कुमार,पूर्व वार्ड परिषद नरेंद्र साह, विक्की साह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पाकुड़ वन प्रमंडल द्वारा मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** वन प्रमंडल द्वारा सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह कार्यक्रम पर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिद्धू कान्हू पार्क के समीप से मैराथन दौड़ के प्रतिभागियों में उपस्थित पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया। 4 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में युवाओं ने भाग लिया । इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए, जागरूक करने को लेकर एक सप्ताह तक स्कूल, कॉलेज और गांव के लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं एसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पर्यावरण में जिस तरह से दिनों दिन बदलाव आ रहा है इसके संरक्षण के लिए हम सब को मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि पर्यावरण संतुलित रहे और लोग सुरक्षित हो। मैराथन दौड़ में बॉयज ग्रुप में प्रथम स्थान पर शिव मुर्मू ,द्वितीय स्थान पर मंटू ठाकुर, तृतीय स्थान पर अनिल किस्कू सफल हुए। वहीं गर्ल्स ग्रुप में फूल कुमारी पहले स्थान पर द्वितीय स्थान पर सोनाली मुर्मू, तृतीय स्थान पर चांदनी ने अपनी जीत दर्ज की। इन्हें 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुरष्कृत किया जाएगा। इस मौके पर खेल संघ के रणवीर सिंह, वन प्रमंडल कार्यालय के प्रधान सहायक इंद्रदेव राम, फॉरेस्टर बबलू देहरी, पवन गौर ,अनुज ,आकाश सहित वन प्रमंडल कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### सेवानिवृत्त डोजर ऑपरेटर जटरू उरांव को सम्मान समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई



बेरमो। सीसीएल एसडीओसीएम परियोजना के कल्याणी रेस्ट हाउस में सेवानिवृत्त डोजर ऑपरेटर जटरू उरांव को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। मुख्य अतिथि पीओ शैलेश प्रसाद ने कर्मठ व ईमानदार डंपर ऑपरेटर के रूप में पहचान बनाने वाले जटरू उरांव को माला पहनाकर व उपहार दे कर सम्मानित किया। उन्होंने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके सुखमय पारिवारिक जीवन की कामना की। कहा कि जटरू उरांव से हमलोगों ने बहुत कुछ सीखा है। खान प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त जटरू उरांव से नये डोजर ऑपरेटर को काफी कुछ सीखने को मिला है। उनके सुखमय भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को विक्रय पदाधिकारी डी के सिंहा, आउटसोर्सिंग वरीय प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता, ईएंडएम विभाग के पीई अखिल उज्जवल सहित यूनियन नेता बिनोद बिहारी चौधरी, रवि शंकर ठाकुर, मो कलीमुद्दीन, जितेंद्र दुबे, क्यूं कयूम अंसारी, प्रकाश कुमार, नरेश महतो, मो जमाल, मो कलीम आदि ने जटरू उरांव के कार्यो की जमकर प्रशंसा किया। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर ने किया। मौके पर माइंस इंचार्ज एनपी सिंह, आउटसोर्सिंग इंचार्ज संतोष सिंह सहित पप्पू राय, राजेश कुमार के अलावे दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### गोड्डा : स्लैब से कई लोग दुर्घटना के शिकार



गोड्डा। रोतारा चौक से 3 नंबर गली मे वार्ड नंबर 1 की पर जाने वाली गली मे नगर पंचायत परिषद की पर से पानी निकासी के लिए नाला बनाने का ठेका लिया गया और नाला बना भी जैसे भी हो लेकिन वार्ड नंबर 1 की पर मुड़ने वाली गली मे एक तो अंधी मोड़ है और उसपर स्लैब इतनी ऊंची बनी है की कई बार उस मोड़ मे मुड़ते ही दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं और उनके हाथ पांव टूट जाते हैं। इस समस्या से ठेकेदार को भी अवगत कराया गया था लेकिन इस पर उसकी कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई और वैसा ही छोड़ दिया गया। ठेकेदार अपनी मर्जी से काम खत्म कर चला जाता है और अपनी पेमेंट उठा लेता है और छोड जाता है मुसीबतें आम जनता के लिए जबकि बिभागीय अभियंता का पता नहीं होता इन कार्यों को देखने के लिए।

### उच्चकों ने किराना व्यवसायी के उड़ाये दो लाख रुपये

दुमका। दिन–दहाड़े उचक्कों ने किराना व्यवसायी के दो लाख रुपए से भरे थैले को सोमवार को उड़ा लिया। यह घटना सोमवार को दोपहर के करीब 2 बजे के आसपास शहर के गांधी मैदान के पास घटी। जानकारी के अनुसार व्यवसायी आनंद कुमार साहा ने नगर थाना में रुपए से भरे थैले को उड़ाने के मामले की शिकायत की है। पीड़ित व्यवसायी आनंद साहा का रामगढ़ थाना के सामने किराना का दुकान है। व्यवसायी ने बताया कि वह दुमका से थोक में सामान लेने के अक्सर आते–जाते रहते है। दोपहर करीब एक बजे गांधी मैदान के समीप नीचे बाजार सामान लेने के लिए वैन से आए थे। सामानों की खरीदारी करने के बाद वैन रखवा रहे थे। इसी बीच वैन का एक पहिया पंचर कर गया। आसपास के मजदूरों ने बताया कि वैन का एक पहिया पंचर कर गया है। इसके बाद हाथ में पैसों से भरे थैले को सीट के पीछे तिरपाल के नीचे छुपाकर रख दिया। पहिया बदलने में करीब आधा घंटा लग गया। जब दुकानदार को देने के लिए थैले को निकालना चाहा तो वह गायब था। पूरा वाहन खंगालने के बाद भी पैसों का पता नहीं चला। एक दुकानदार के सीसीटीवी में यह तो दिखा कि वह पैसे को छुपा रहे है, लेकिन दूसरी दुकान के सीसीटीवी में साफ दिख रहा था है कि तीन युवक उनके रुपए से भरे थैले को लेकर भाग रहे हैं। व्यवसायी आनंद साहा ने नगर थाना आकर पुलिस को सारी जानकारी दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। जिस दुकानदार के सीसीटीवी में तीन युवक दिख रहे हैं। उसका फुटेज लिया है। व्यवसायी ने बताया कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है। इससे यही लगता है कि पैसे उड़ाने वाले उस पर नजर रखे हुए थे। नगर थाना की पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में रामगढ़ के एक ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक से ढाई लाख रुपए की छिनतई कर ली गई थी। इस मामले का अभी उद्भेदन हुआ भी नहीं किया जा सका था, तब दूसरी घटना हो गयी। लोगों का कहना है कि रामगढ़ में लूट एवं छिनतई करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। व्यवसायी की रैकी रामगढ़ से ही की जा रही होगी।

### जीजीईएसटीसी का आईसीएआर के साथ करार



बोकारो। गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस बोकारो के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरुहार तथा भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान गढ़खतंगा, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। इसके तहत अनुसंधान व शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। डॉ सुजय रक्षित ने बताया कि कुछ कोर्सेज में इलेक्ट्रॉनिक और इंस्ट्रूमेशन जैसे तकनीकी विषय हैं जिन्हें बेहतरीन रूप से पढ़ाने के वास्ते उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस जो तकनीकी व अभियांत्रिकी का उच्च शिक्षण संस्थान है, के साथ एमओयू किया गया। डॉ प्रियदर्शी जरुहार ने कहा कि इस एमओयू के तहत दोनों संस्थाओं को कृषि और अभियांत्रिकी क्षेत्र में यथासंभव शैक्षणिक सहायता प्रदान होगी। ज्ञात हो कि जीजीएसईएसटीसी बोकारो झारखंड का उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षण संस्थान है जहां कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर डेटा साइंस साइबर सिक्योरिटी मैकेनिकल इंजीनियरिंग सिविल इंजीनियरिंग इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग फैशन टेक्नोलॉजी एमबीए बीबीए बीसीए तथा डिप्लोमा की पढ़ाई होती है। कॉलेज की तरफ से प्रो गौतम कुमार डॉ मनोजीत डे प्रो महमूद आलम प्रो दयाशंकर दिवाकर डॉ दीपक कुमार ने विशेष योगदान दिया। संस्थान के अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने इस महत्वाकांक्षी एमओयू के वास्ते कॉलेज को बधाई दी।

### स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा जनजागरण संगोष्ठी का आयोजन



बोकारो। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बोकारो के सेक्टर 3ई स्थित पर्यावरण मित्र आश्रम में तंबाकू के विरुद्ध संपन्न जनजागरण संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने किया तथा संचालन नशामुक्ति अभियान के संयोजक लक्ष्मण शर्मा ने किया। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू सेवन से अनेक लाइलाज घातक जानलेवा बीमारियां हो रही हैं जिससे लोग असमय ही काल के गाल में समारहे हैं। तंबाकू के सेवन से पुरुषों और महिलाओं में नपुंसकता पैदा होरही है साथही अनिद्रा और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। नौजवानों और अब तो बच्चों को भी कुछ संगठित गिरोह इस प्रकार के नशा का आदि बनाने में लगे हुए हैं जो समाज और राष्ट्र दोनों के लिए ही घातक है। सरकार को चाहिए कि ऐसे संगठित गिरोहों के विरुद्ध कठोर दण्ड का प्रावधान करे तथा जनमानस को इस नशे से बचाव हेतु कारगर जन जागरण अभियान चलाकर इससे बचाव का उपाय सुझाए । गुटखा जैसे घातक पदार्थों के उत्पादन पर सख्त रोक लगे। संगोष्ठी में शशि भूषण ओझा मुकुल रघुवर प्रसाद अखिलेश ओझा लक्ष्मण शर्मा ललित प्रसाद प्रभुनाथ चौधरी नीरज कुमार अभय कुमार गोलू उमेश शर्मा सहित अनेक पर्यावरण रक्षक मुख्य रूप से उपस्थित हुए ।

### बेरमो पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो दिन के भीतर ही किया हत्यारे को गिरफ्तार, भेजा जेल



बेरमो/तेनुघाट। बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 जून को चन्द्रपुरा थाना ग्राम बंदियों में एक 50 वर्षीय महिला को उसके पड़ोसी रोहित महतो के द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया था। इस संबंध में चंद्रपुरा थाना मे हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना की संवेदनशिलता को देखते हुए त्वरित गति के अनुसंधान एवं छापमारी अभियान चलते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त रोहित महतो, पिता– महादेव महतो, ग्राम–बंदियों, थाना–चंद्रपुरा, जिला– बोकारो को गिरफ्तार किया गया। पूछ–ताछ के क्रम मे गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया की उसके परिजन बिमार रहते है जिसका इनलोगो को अंदेशा था की मृतिका द्वारा डायन बिसाही किया गया है। इसी कारण इसे गईंता से मारकर हत्या कर दिया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त गईंता बरामद कर लिया गया। इस छापेमारी दल मे पुअनि अमन कुमार सिंह, थाना प्रभारी चन्द्रपुरा, महावीर उरांव, माधो टुडू, अजमत हुसैन के जवान इस छापेमारी अभियान मे शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : आंधी पानी से तुपकाडीह में तबाही



बोकारो। तुपकाडीह में हुऐ आंधी पानी के कारण भयंकर तबाही मची। मेनरोड के अलावे स्टेशन रोड मानगो कनारी खुटरी आदि पंचायतों में कई पेड़ गिर गए। बाजार के फुटपाथी दुकानदारों के छप्पर उड़ गये। जमकर वज्रपात भी हुए पर कहीं से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मेनरोड में कई बड़े पेड़ गिरने से वाहनों का गमनागमन कुछ देर तक रुक गया। बिजली के तार गिरने के कारण बाजार समेत सभी गांव अंधेरे में हैं। जैनामोड़ बिजली ऑफिस के अनुसार समुचित बिजली बहाल करने का प्रयास जारी है।

### दो अलग अलग मामलें में तीन को भेजा जेल

बरहेट। थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग मामले में तीन अभियुक्त को भेजा जेल। प्राप्त जानकारी अनुसार बरहेट बाजार के हरिजन टोला निवासी मुकेश ढोली को एक नाबालिग को अपहरण मामले में थाना कांड संख्या 58/24 के तहत न्यायिक हिरासत भेज दिया। वहीं दूसरा मामला पंचकठिया बाजार अंतर्गत एक सीएसपी संचालक को मारपीट करने मामले में पंचकठिया निवासी काली साह एवं सुगेन साह को थाना कांड संख्या 59/24 के तहत जेल भेज दिया है।

### पाकुड़ : बाइक के धक्के से बुर्जुग घायल

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ा सरसा के पास सोमवार को बाइक के धक्के से घायल हो गया है। घायल का इलाज सोनाजोड़ी सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार बड़ा सरसा गांव निवासी गणेश यादव 70बर्ष सुबह घर से मवैसी को चराने खेत ले जा रहा था। इस दौरान आइसक्रीम बिक्रेता सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक की ठोकर से गणेश बुरी तरह जख़्मी हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों ने गांव में इलाज कराया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल ले गया। जहां बुजुर्ग का इलाज चल रहा है।

### कार और बाइक की टक्कर में घायल

बेरमो/तेनुघाट। तेनुघाट डैम के पुल के उपर होंडा सिटी कार एवं बजाज पल्सर मोटर साइकिल की सीधे टक्कर होने से मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी स्थिति काफी नाजुक बनी हुए है। तेनुघाट थाना प्रभारी अजित कुमार के द्वारा घायलों को तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेजवा दिया गया। मोटर साइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। जिसमें दो व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गए है। मोटर साइकिल सवार व्यक्ति कहां के है। अभी पता नही चल सका है। मोटर साईकिल नंबर जे एच जीरो 9 बी एफ 2227 है। वहीं होंडा सिटी गाड़ी सुजीत कुमार का है। जिसे तेनुघाट ओपी में रखा गया है। पूछे जाने पर सुजीत कुमार ने बताया की वे टी टी पी एस लालपनिया में कार्यपालक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। पेटरवार में ससुराल से लौट रहे थे। बताया जाता है कि कार चालक सुजीत कुमार नसे में धुत था। होंडा सिटी कार का नंबर जे एच 9 ए बि 2244 है। टक्कर इतना जोरदार था की कार के आगे का दोनो बैलून खुल गया था। जिससे कार चालक बच गया। वही दूसरी घटना पेटरवार तेनु रोड़ की है। पीकप वैन ने मोटरसाईकल पर सवार दो व्यक्ति को चपेट मे ले लिया। पिकअप वैन ने मोटर साइकल को पीछे से जोरदार टककर मरते हुए गाड़ी को करीब पांच किलोमीटर तक रगड़ते हुए तेनुघाट थाना के पास पंहुचा वही तेनुघाट थाना ने चालक को अपने गिरफ्त मे ले लिया।

# पाकुड़ : सामूहिक दुष्कर्म मामलें में कस्तूरी गांव के ग्यारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**पुलिस कर रही है जांच**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हिरणपुर (पाकुड़)।** बीते शनिवार की शाम एक 19 वर्षीया महिला के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर रविवार शाम हिरणपुर थाना में कस्तूरी गांव के 11 लोगो के ऊपर मामला दर्ज की गई है। जिसमे मनवेल मरांडी, सकल हांसदा, मिस्त्री हेम्ब्रम, पांडु हेम्ब्रम, गुरदन सोरेन, विश्वनाथ हेम्ब्रम, समीर टुडू, जेने हांसदा, लुखिराम मरांडी, विवेक सोरेन व चांद सोरेन को आरोपी बनाया गया है।

पुलिस गिरफ्त में आये दो आरोपी मनवेल मरांडी व सकल हांसदा को सोमवार को न्यायिक हिरासत में पाकुड़ भेज दिया गया। उधर पुलिस ने घटनास्थल से महिला की सलवार भी बरामद कर लिया है। पीड़ित महिला ने थाना में दर्ज मामले में आरोप लगाई है कि बीते एक सप्ताह पूर्व मैं अपने पति के साथ इनके दीदी के घर घूमने के लिए आई थी।

शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे घूमने के लिए गांव के निकट स्थित पलनिया काजू बगान में आई थी। वापस लौटने के दौरान बगान निकट दो लोगो ने पति को पकड़ लिया व अन्य चार लोगों ने मुझे जबरदस्ती पकड़कर निकट के काजू बगान में लेकर गया।

जहां सभी ने जबरन मेरे सलवार खोलकर बारी बारी से दुष्कर्म किया। इस दौरान मेरे पति किसी तरह मौके से भाग निकला ।फिर उनलोगों द्वारा मुझे काजू बगान से जबरन हटाकर बगल के पोखरा के पास ले गया । जहां और छह -सात लोगो ने बारी बारी से जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस बीच दो लोग पानी लेने चला गया। वही उपस्थित अन्य आरोपियों द्वारा मुझे नँगी अवस्था मे सड़क में छोड़कर भाग निकला।

मैं किसी तरह भागकर पति के दीदी के घर पहुंचकर जानकारी दिया। तब ग्रामीणों ने पानी लाने गए दो आरोपियों को पकड़ा। ।इस मामले को दबाने को लेकर ग्राम प्रधान ने काफी प्रयास भी किया था , पर मैंने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग किया। बताते चले कि पीड़िता के पति साहेबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के है। वही महिला तीनपहाड़ थाना क्षेत्र की है। जो युवक के साथ बीते चार वर्षो से प्रेम प्रसंग में था। इधर पुलिस ने गिरफ्त में आये दो आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल से महिला की सलवार भी बरामद किया। वही आरोपियों के घरों में रात भर छापेमारी किया गया।

वही महिला की मेडिकल जांच भी की गई। इस सम्बंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि घटना को लेकर कांड संख्या35/24 में दर्ज किया गया है। वही दो व्यक्तियों को जेल भेज दिया गया है। तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## साहिबगंज : पोलिंग ऑफिसर की तबीयत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव के चुनाव कराने के लिए उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, ढोलबज्जा के सहायक शिक्षक दिनेश रविदास घर से निकलने के समय कहकर गये थे अपने परिवार जन से कि वोट कराकर जल्दी वापस आ जायेंगे,पर वो तो नहीं सके, आये तो उनके मृत शरीर। दिनेश रविदास घर से साहिबगंज पुलिस लाईन से अपने सहकर्मियों के साथ वोट दिलवाने के लिए बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुन्दरपहाड़ी प्रखंड के अपग्रेड मध्य विद्यालय, बरियारपुर,बुथ संख्या 83 में पोलिंग ऑफिसर के पद पर गये थे।सुबह तैयार होकर वोटरों के द्वारा वोट भी डलवा रहे थे कि अचानक गर्मी के कारण दिनेश रविदास की तबियत खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें सुन्दरपहाड़ी के अस्पताल लेकर गये पर उनकी स्थिति और भी बिगड़ने लगी। वहां के डॉक्टर ने स्थिति खराब देखा तो तुरंत रांची स्थित रिम्स में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से रांची ले जाने के क्रम में जामताड़ा के पास दिनेश रविदास का देहांत हो गया। वहीं से उनके मृत शरीर को उनके घर गंगटिया,राजमहल, साहिबगंज लाया गया। जहां से मृत शिक्षक के शरीर को दाह-संस्कार के लिए राजमहल ले जाया जा रहा है। दिनेश रविदास की मृत्यु की खबर सुनते ही उनके सहकर्मी, पड़ोसी, एवं परिजन की भीड़ लग गई। प्रकाश भान, प्रखंड अध्यक्ष, सहायक अध्यापक संघ, राजमहल ने बताया कि दिनेश रविदास मृदुल स्वभाव के इंसान थे, हमेशा उनके चेहरे पर हंसी रहता था। उन्होंने आगे कहा कि मृतक शिक्षक अपने पीछे पत्नी,चार बेटी,एक बेटा छोड़कर गया है। पूरे परिवार में एक मात्र कमाने वाला थे।

## तेज आंधी बारिश में बिजली के खंभों व सड़कों पर गिरा पेड़, बिजली हुई गुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो नगर के विभिन्न सेक्टरों एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश से सडकों पर गिरकर पेडों ने शरण ली तो कहीं कहीं बिजली के खंभों ने कहर ढाया। किसी की बाउंड्री दीवार ढह गई तो कहीं सड़कों को बिजली के तार चूमते दिखे। एहतियातन प्रबंधन ने बिजली कनेक्शन काट दिया। सड़कों पर आवागमन बाधित रहा। लोग उमस भरी गर्मी में मच्छरों की भिनभिनाहट के बीच प्रबंधन को कोसते दिखे। सड़क पर पेड़ गिरने के कारण अधिकांश रोड पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गयी। प्रबंधन के लोग आवाजाही को सामान्य करने हेतु बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने को तत्पर दिखे। समय पर सावधानी बरतने से कोई उल्लेखनीय बड़ी दुर्घटना नहीं घटी। विभिन्न सेक्टरों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई। बीच बीच में मरम्मत कार्य करने हेतु कई बार विद्युत विभाग को शट डाउन लेना पड़ा। बिजली नहीं रहने से खासकर व्यवसायियों और हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बोकारो प्लॉट होल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि एक जून से आज तक सिटी सेंटर के 1000 व्यवसायी 5 लाख रुपए का डीजल जला चुके हैं। जेनरेटर लगातार चल रहा है। जिन छोटे व्यवसायियों के पास जेनरेटर की सुविधा नहीं है उनका व्यवसाय चौपट हो चुका है। जबकि डीजल जलाने से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ताज्जुब की बात है कि पांच मिनट की आंधी भी झेल नहीं सका सेल की महारत्न कंपनी। इसके बावजूद किस आधार पर बिजली का बिल मांगते हैं। यह विद्युत नियामक आयोग के शर्तों का उल्लंघन है। इंटक के जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि रात में करीब 3 बजे अहले सुबह चोर केबुल काटकर ले गए। चार पांच की संख्या में आए चोर टाटा मैजिक लेकर आए थे। केबुल काटने के दौरान एक सेक्टर निवासी ने हो हल्ला किया तो चोर काटे हुए केबुल लेकर भाग गए। उन्होंने कहा कि शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार और बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली के तारों को अंडरग्राउंड कर देना चाहिए। गए। बीएसएल के कर्मचारी और अधिकारी विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए तल्लीन रहे। बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा भी बाधित हो गई। बोकारो स्टील के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार जल्द ही बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

## 23 वर्ष देश की सेवा कर घर लौटे सेवानिवृत्त हवलदार का जोरदार स्वागत व अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/ललपनिया।** असम गोवाहाटी में देश सेवा कर अपने घर गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत के नैया टोली ग्राम लौटे भारतीय सेवा के हवलदार प्रकाश प्रजापति का डिफेंस ग्रुप के सदस्यों के नेतृत्वमें होसिर और गोमिया क्षेत्र के लोगों ने स्वागत व अभिनंदन किया। नजारे को देख कर कोई भी बता सकता है की आम जनता के मन मे भारतीय फौजका क्या स्थान है। आईटीबीपी हवलदार में रहकर 23 वर्ष देश रक्षा कर सेवानिवृत्तहुए हवलदार प्रकाश प्रजापति को गोमिया रेलवे स्टेशन से लेने बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और युवा पहुंचे। भारत माता के जयकारो से गुंजा गोमिया और होसिर क्षेत्र वासियों ने भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जयकारों के साथ ढोल ढमाके एवं पटाको तथा हर्षोल्लास से पुष्प बरसाकर स्वागत अभिनंदन किया। यहां गोमिया रेलवे स्टेशन से लेकर घरतक सेवानिवृत्त हवलदार प्रकाश प्रजापति को क्षेत्रवासियों ने जनरैली निकालकर ले गए। जगह-जगहपर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन पुष्प वर्षा से किया गया। साथ ही लोगो ने हांथो में लिए तिरंगा झंडा, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद के नारों से पूरी रैली सराबोर हो गई। पूरे रास्ते भारत माता के जय कारे लगाए गए। इस मौके पर ससबेडा मुखिया शांति देवी, भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति, मुखिया प्रतिनिधि सह पत्रकार महावीर रविदास, एसआई पाचुलाल यादव, सुनिल यादव, एक्सआर्मी गंगाधर यादव, अनिल दास योगेंद्र प्रसाद, रंजीत प्रजापति, धीरज कुमार, मनोज कुमार, दिनेश, विकास प्रजापति, छोटी यादव, कुलदीप यादव एवं सुनील प्रजापति सहित भारी संख्या में लोग

## बोकारो : ऑब्जर्वर ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए चिन्हित चास स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के मतगणना केंद्र का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त गणना प्रेक्षक हरीश एन एंडकोनकर ने निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय कार्यपालक अभियंता अमृत कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। ऑब्जर्वर ने क्रमवार 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र 42 टुंडी विधानसभा क्षेत्र एवं 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना हाल का जायजा लिया। इस दौरान वज्रगृह से मतगणना हाल कंट्रोल यूनिट को ले जाने एवं गणना के पश्चात ईवीएम वीवीपैट को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में डीडीसी से पूरी तैयारी की जानकारी ली। वहीं गणना प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट हाल का भी निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी प्राप्त की। डीडीसी एवं अपर नगर आयुक्त ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन माचीस लाइट वॉटर बॉटल तंबाकू सिगरेट च्युइंग गम आदि लेकर प्रवेश प्रतिबंधित है।

# नयी सरकार

देश में आज एक नयी सरकार को चुन लिया जाएगा। लोकतांत्रिक प्रकिया के तहत चुनी हुई सरकार से लोकहित की उम्मीद की जाती है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में राजग की सरकार को फिर से बड़ी बहुमत से आना बताया जा रहा है वहीं कांग्रेस की इंडिया गठबंधन का दावा 295 सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाने का है। जो भी सरकार बनेगी उससे आम लोगों को एक उम्मीद बनती है। यह उम्मीद शिक्षा,स्वास्थ्य और न्याय को सुलभ और सस्ता बनाने की होगी। रोजगार और विधि व्यवस्था बेहतर करने की भी होती है। नयी सरकार अपना बजट भी प्रस्तुत करेगी और आने वाले दिनों में वह आम लोगों के कल्याण के लिये क्या कुछ करने वाली है इसका भी संकेते देगी। देश की 140 करोड़ जनता में आज भी 100 करोड़ लोग सामान्य जीवन जीते हैं और देश के लिये उनकी आय में वृद्धि सबसे आवश्यक है। देश के तीसरी आर्थिक ताकत बनने का रास्ता अगर चंद पूंजिपतियों को संपन्न बनाकर तय होगा तो यह व्यवस्था लंबी समय तक टिके रहने वाली नहीं होगी। आज देश में पूंजी का असमान वितरण और अमीरों का और अमीर होना तथा गरीबों की निर्धनता का बढ़ना सबसे बड़ी समस्या है। भारत की लोकतांत्रिक सरकारें अब तक सच स्वीकारने से भागती रही है। सरकार की मूल प्रबृति भी कल्याणकारी बनी रहे यह आज की सरकार से उम्मीद की जाती है। भारत उन देशों में शुमार होता जा रहा है जहां कर की उंची दर के कारण मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों का बजत शून्य होता जा रहा है। चुनाव जिन मुद्दों पर जीते जाते हैँ उनसे देश का कल्याण हो ही ऐसा नहीं भी होता है। निजीकरण या तो तेज किया जाए या सरकारीकरण को ताकतवर बनाया जाए। जो भी निर्णय हो सरकार निर्णय करने वाली हो। रोजगार और विकास योजनाओं को गति मिले जिससे देश में चहुंओर समृद्धि फैले।

# केदारनाथ तक रेल?

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) केदारनाथ धाम तक बड़ी रेल लाइन बिछाने के पक्ष में नहीं है। आरवीएनएल 73,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली 'चार धाम रेल परियोजना' की क्रियान्वयन एजेंसी है। आठ साल तक इस क्षेत्र का सर्वेक्षण और अध्ययन करने के बादआरवीएनएल ने एक आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि केदारनाथ तक रेल पटरी बिछाने में कुछ तकनीकी कठिनाइयां हैं और खर्च भी बहुत आएगा। इससे कोई सामरिक मकसद भी पूरा नहीं हो पाएगा।' इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और भारतीय सेना की सामरिक जरूरतों को देखते हुए यह बड़ी रेल लाइन चार धाम रेल परियोजना के लिए काफी महत्त्वपूर्ण है। यह परियोजना शुरू करने का विचार 2014 में आया था। परियोजना के तहत 300 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाने की योजना है। यह लाइन सुरंगों, पुलों और पहाड़ी क्षेत्रों में तीव्र ढाल से होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को जोड़ेगी। ये सभी स्थान उत्तराखंड में हैं। अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी तुर्की की एक कंपनी को 2018 में सौंपी गई थी। कंपनी ने इस पूरे क्षेत्र का विस्तृत अध्ययन करने के बाद अपनी अंतिम रिपोर्ट हाल में नकरात्मक रिपोर्ट सौंप दी। चार धाम रेल परियोजना दुनिया की सबसे महत्त्वाकांक्षी एवं चुनौतीपूर्ण रेलवे परियोजना है। लेकिन जिस प्रकार वर्फ का प्रभाव साल दर साल बढ़ रहा है उसका एक पूर्वानुमान और इस योजना के सफल होने न होने की ईमानदार अनुमान आवश्यक है। पीएम मोदी का केदारनाथ प्रेम सर्वविदित है लेकिन यह तपोभूमि है न कि पयर्टन स्थल। इस बात का ख्याल अवश्य रखा जाना चाहिए। आदि शंकराचार्य की समाधि और पाडंवों का हिमविलय का स्थल सामान्य स्थल नहीं हो सकता और पहले भी इस स्थल का प्रकोप दिखा है।

# मोदी ने जीता देश की जनता का अभूतपूर्व विश्वास?





– आरके सिन्हा

> प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक यात्रा उल्लेखनीय रही है। भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो 2014 से 2023 तक एफडीआई में रिकॉर्ड 596 बिलियन डॉलर आकर्षित कर रहा है। प्रति माह औसतन 1.72 लाख करोड़ रुपये के वस्तु एवं सेवा कर राजस्व, और एमएसएमई क्षेत्र का विकास, जिसमें 15 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, भारत के आर्थिक पुनरुत्थान को उजागर करता है।

संकेत है कि देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की ही सरकार बनने जा रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों से साफ है कि नरेन्द्र मोदी आज देश के एकछत्र नेता बन चुके हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता का इतना अभूतपूर्व विश्वास कैसे मिलने लगा है? अगर आप इस सवाल का उत्तर तलाशेंगें तो आपको पता चलेगा कि एक वे अपने वादों को सही ढंग से समय सीमा के अन्दर ही पूरा करते हैं। मोदी की गारंटी विभिन्न क्षेत्रों, नागरिकों और योजनाओं में किए गए वादों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करती है। ₹मोदी की गारंटी₹ का अर्थ ही है लोगों के कल्याण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता। मोदी की गारंटी का अर्थ है विकसित भारत, एक श्रेष्ठ भारत। यह युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और दशकों से उपेक्षित सभी हाशिए पर रहने वालों और कमजोर वर्गों के लिए एक गारंटी है।

**कल्याण की गारंटी**

सबसे बुनियादी जरूरतों से शुरूआत करते हुए, मोदी सरकार द्वारा आज सबसे गरीब लोगों को प्रमुख सरकारी कल्याणकारी कार्यक्रमों से लैस किया गया है। मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज प्रदान करते हुए, 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। इस गारंटी से यह सुनिश्चित होता है कि भारत वर्ष में कोई भी भूखा न सोए। प्रत्येक व्यक्ति को एक छत प्रदान करने के उद्देश्य से, मोदी सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से ₹सभी के लिए आवास₹ की गारंटी देती है। आज, इस योजना के तहत चार करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई है। गांवों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण भी इस वादे का हिस्सा है। आज जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पानी पहुंच रहा है, जो भारत के सभी ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और पीने योग्य नल के पानी के कनेक्शन की गारंटी देता है।

**सब हों स्वस्थ**

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) है, जो सरकार द्वारा वित्त पोषित दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो लगभग 12 करोड़ कमजोर परिवारों से संबंधित लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को कवर करती है। योजना एक सुरक्षा जाल के रूप में काम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि चिकित्सा आपात स्थिति गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए कर्ज के चक्र में न बदल जाए। प्रधानमंत्री मोदी खुद इस योजना के क्रियान्वयन पर नजर रखते हैं। इसलिए गरीबों को लाभ हो रहा है, वे उनसे जुड़ रहे हैं।

**अन्नदाताओं को सशक्त बनाना**

प्रधानमंत्री मोदी की किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता कृषि बजट में उल्लेखनीय वृद्धि से स्पष्ट है, जो 2024-25 में 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो 2014-15 के बाद से उल्लेखनीय 300 प्रतिशत की वृद्धि है। पीएम-किसान योजना से 11 करोड़ से अधिक किसानों को सीधा लाभ हुआ है, जिन्हें सहायता के रूप में 2.6 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकार किसानों को उद्यमी बनने में भी सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है क्योंकि 7,000 जीवंत कृषि और संबद्ध स्टार्टअप भी शुरू हो चुके हैं।

**नारी शक्ति के बढ़ते कदम**

अभी तक मिलने वाली खबरों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों को देश की महिलाओं ने भरपूर वोट दिए। मोदी सरकार औरतों को पूरे लगन और संकल्प पूर्वक स्वावलंबी बना रही है। सरकार की जन धन योजना जैसी पहल से 28 करोड़ महिलाओं को पहली बार बैंक खाते तक पहुंच प्राप्त हुई है, जबकि लगभग 31 करोड़ मुद्रा ऋण महिलाओं को दिए गए हैं। तीन तलाक के उन्मूलन ने मुस्लिम महिलाओं के लिए एक नए युग की शुरूआत की है। इसके अलावा, पीएम उज्वला योजना जैसी पहलों की सफलता, दस करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान करके, महिलाओं को सशक्त बनाया है, जो सरकार की महिलाओं के अधिकारों और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। ग्रामीण स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों पर ध्यान केंद्रित करके एक अधिक समावेशी और लिंग संवेदनशील समाज बनाने में योगदान किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण में एक बड़ी छलांग है।

भारत के युवाओं की क्षमता को पहचानते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके सशक्तिकरण की गारंटी दी है। जैसे ही भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभर रहा है, 1 लाख से अधिक स्टार्टअप के साथ, पीएम मुद्रा योजना ने 8 करोड़ पहली बार युवा उद्यमियों को ऋण प्रदान की है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक यात्रा उल्लेखनीय रही है। भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो 2014 से 2023 तक एफडीआई में रिकॉर्ड 596 बिलियन डॉलर आकर्षित कर रहा है। प्रति माह औसतन 1.72 लाख करोड़ रुपये के वस्तु एवं सेवा कर राजस्व, और एमएसएमई क्षेत्र का विकास, जिसमें 15 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, भारत के आर्थिक पुनरुत्थान को उजागर करता है।

**अनुच्छेद 370 का अंत**

मोदी सरकार ने संविधान की अनुच्छेद 370 को हटाकर सारे देश का सम्मान पाया है। यह एक इस तरह का कानून था जिसने कश्मीर के 1.5 करोड़ से अधिक लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया था। 1994 और 2004 के बीच, 40 हजार से अधिक आतंकवादी घटनाएं हुईं, लेकिन मोदी सरकार के नौ वर्षों में, इन घटनाओं में भारी गिरावट आई, केवल 2,197 घटनाएं हुईं। इसी तरह, नागरिकों की मौतों की संख्या में 72 प्रतिशत की कमी आई, और सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में 59 प्रतिशत की कमी आई। कोविड काल को कौन भूल सकता है? उस कठिन दौर में प्रधानमंत्री मोदी दिन-रात देश की जनता के साथ खड़े थे।

## खास बात
### योग का नियम

**स्वामी मुक्तरथ**



योग के नियम -

अगर आप यह कुछ सरल नियमों का पालन करेंगे, तो अवश्य योग अभ्यास का पूरा लाभ पाएँगे:

किसी गुरु के निर्देशन में योग अभ्यास शुरू करें।

सूर्योदय या सूर्यास्त के वक़्त योग का सही समय है।

योग करने से पहले स्नान जरूर करें।

योग खाली पेट करें। योग करने से 2 घंटे पहले कुछ ना खायें।

आरामदायक सूती कपड़े पहनें।

तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए - योग करने से पहले सब बुरे खयाल दिमाग से निकाल दें।

किसी शांत वातावरण और सॉफ जगह में योग अभ्यास करें।

अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखें।

योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें।

अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें।

धीरज रखें। योग के लाभ महसूस होने मे वक़्त लगता है।

निरंतर योग अभ्यास जारी रखें।

योग करने के 30 मिनिट बाद तक कुछ ना खायें। 1 घंटे तक न नहायें। प्राणायाम हमेशा आसन अभ्यास करने के बाद करें।

अगर तकलीफ बढ़ने लगे या कोई नई तकलीफ हो जाए तो तुरंत योग अभ्यास रोक दें।

योगाभ्यास के अंत में हमेशा शवासन करें।

राज योगःराज का अर्थ शाही है और योग की इस शाखा का सबसे अधिक महत्वपूर्ण अंग है ध्यान। इस योग के आठ अंग है, जिस कारण से पतंजलि ने इसका नाम रखा था अष्टांग योग। इसे योग सूत्र में पतंजलि ने उल्लिखित किया है। यह 8 अंग इस प्रकार है: यम (शपथ लेना), नियम (आचरण का नियम या आत्म-अनुशासन), आसन, प्राणायाम (श्वास नियंत्रण), प्रत्याहार (इंद्रियों का नियंत्रण), धारण (एकाग्रता), ध्यान (मेडिटेशन), और समाधि (परमानंद या अंतिम मुक्ति)। राज योग आत्मविवेक और ध्यान करने के लिए तैयार व्यक्तियों को आकर्षित करता है।

सत्यानंद योग मिशन, रांची

# ओंकार सतनाम

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**सच्चे** गुरु नानक देव जी कहते हैं कि हकिम रजाई चलणा नानक लिखिआ नाल। जो लिखा है वह होगा। जो उसने लिख रखा है वही होगा। अपनी तरफ से कुछ भी करने का उपाय नहीं है। कोई परिवर्तन नहीं हो सकता। फिर चिंता किसको? फिर बोझ किसको? जब तुम बदलना ही नहीं चाहते कुछ, जब तुम उससे राजी हो, उसकी मर्जी में राजी हो, जब तुम्हारी अपनी कोई मजबूरी नहीं, तब कैसी बेचैनी और कैसा विचार।

तब सब हलका हो जाता है। पंख लग जाते हैं। तुम उड़ सकते हो उस आकाश में जिस आकाश का नाम है इक ओंकार सतनाम। इसे एक घटना से इस प्रकार समझें। ऐसा हुआ कि बल्ख का एक नवाब था इब्राहिम। उसने बाजार में से एक गुलाम खरीदा। गुलाम बड़ा स्वस्थ, तेजस्वी था। इब्राहिम उसे घर लाया। इब्राहिम उसके प्रेम में पड़ गया। आदमी बड़ा प्रभावशाली था। इब्राहिम ने पूछा कि तू कैसे रहना पसंद करेगा?

तो उस गुलाम ने मुस्कुरा कर कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरी कैसी मर्जी, वो जैसा रखेंगे वैसा रहूंगा। इब्राहिम ने पूछा : तू क्या पहनना, क्या खाना पसंद करता है? उसने कहा, मेरी क्या पसंद? मालिक जैसा पहनाए, पहनूंगा। मालिक जो खिलाए, खाऊंगा। इब्राहिम ने पूछा कि तेरा नाम क्या है? हम क्या नाम लेकर तुझे पुकारें? उसने कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा क्या नाम? दास का कोई नाम होता है? वो जो नाम दे वही अच्छा। आखिर यही ओंकार सतनाम आत्मा का भी साथ देता है।

**भारत** की बेटी गीतांजलि श्री को संपूर्ण वैश्विक साहित्य जगत की ओर से शुभकामनाएँ,बधाई ! उनकी पुस्तक रेतसमाधि के अंग्रेजी अनुवाद टॉम्ब ऑफ सेंड के लिए उन्हें बुकर पुरस्कार मिला है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

**हमें** हमारा नेतृत्व एक ही बात के लिए हमेशा आगाह करता है कि हमारा मिशन केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, हमारा मिशन देश होना चाहिए, देश के हित के लिए कार्य करना होना चाहिए।

**– आदित्यनाथ योगी**





नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों की सोच को बंधनमुक्त करती है,उनके सपनों को नई उड़ान का अवसर देती है,आत्मसम्मान के साथ आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाती है,चुनौतियों का सामना करने लायक बनाती है।

**– अन्नपूर्णा देवी,**

## कार्टून वर्ल्ड

गर्म होती पृथ्वी




# पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है।

दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। 3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब

## सामयिक

से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।

भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। ह्लद एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूटह्व के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है।

बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे।

## लेटर टू एडिटर

### प्रकृति से लड़ाई

**केदारनाथ** तक रेल पहुंचाने की योजना को एक विदेशी कंपनी ने सही नहीं माना है।मगर आरवीएनएल ने देखा कि सैकोट तक तो रेल लाइन आ सकती है मगर उससे आगे मक्कूमठ से सोनप्रयाग तक रेल मार्ग तैयार करना असंभव होगा। विभिन्न भूगर्भीय चुनौतियों और निर्माण से जुड़ी कठिनाइयों के कारण रेल लाइन बिछाना चुनौतीपूर्ण होता।

**– रविकांत सिंह, रांची**

### एमएसपी जरूरी

**साल** 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

**– सुनील झा, हजारीबाग**

# प्रकृति है तो हम हैं, यह समझने में हो चुकी है बहत देर

## पर्यावरण

**विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून पर विशेष...... मनोज कुमार सिन्हा**

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति वैश्विक जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना है। यह दिन पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान खोजने और पर्यावरण की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्टॉकहोम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सम्मेलन के दौरान की गई थी। इस सम्मेलन में पहली बार पर्यावरणीय मुद्दों पर व्यापक रूप से चर्चा की गई थी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की स्थापना हुई और 1974 में पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस दिन का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह सरकारों, संगठनों, और व्यक्तियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने और अपने कार्यों को पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करता है।

इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम यानी 2024 का नारा है- 'हमारी भूमि हमारा भविष्य'. इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित है. अच्छी बात है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं और धरती पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के अभियान चलाये जा रहे हैं, मगर क्या तेजी से कट रहे जंगल व शहरों में विकास के नाम पर कटे पचासों वर्ष पुराने पेड़ों की भरपाई नये रोपे हुए पेड़-पौधे कर पायेंगे ? तब तक धरती और हमारा क्या हाल होगा? ऐसे में जरूरी है कि तमाम अभियानों के साथ-साथ हम अपनी नयी पीढ़ी को भी करें जागरूक।

पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है. प्रकृति का संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे ही हमारे अस्तित्व की सुरक्षा है, लेकिन विकास के नाम पर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण की प्रक्रिया ने पर्यावरण को गहरा प्रभावित किया है. जीवाश्म ईंधन का जलना, बढ़ता प्रदूषण और क्षय होती हरियाली चिंता का सबब बनती जा रही हैं. प्रकृति का क्षय यानी जीवन का क्षय.

वनों की कटाई से न केवल जीव-जंतु बेघर हो रहे हैं, बल्कि इससे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा भी बढ़ रही है, जो ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण है. वायु, जल और भूमि प्रदूषण की वजह से स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, जैसे कि सांस की बीमारियां, जलजनित रोग और त्वचा संबंधी समस्याएं. अतः हरियाली को हम बचायें पौधे और प्रकृति का संतुलन बनाये रखें, क्योंकि हम प्रकृति के ऋणी हैं।

अच्छी बात है कि बदलते समय के साथ लोग धीरे-धीरे पर्यावरण के महत्व को समझने लगे हैं और जागरूक हो रहे हैं. धरती पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधा रोपण अभियान चलाये जा रहे हैं, मगर तेजी से कट रहे जंगल व शहरों में पचासों वर्ष पुराने पेड़ों की भरपाई क्या नये रोपे हुए पेड़-पौधे कर पायेंगे? तब तक धरती और हमारा क्या हाल होगा?

ऐसे में सबसे जरूरी है कि तमाम अभियानों के साथ-साथ हम अपनी नयी पीढ़ी को भी साथ-साथ जागरूक करें, उनमें प्रकृति के प्रति समझ और संवेदना पैदा करें. हमारें बच्चों की जीवनी शक्ति बनी रहे, उन्हें शुद्ध हवा-पानी मिले, इसके लिए उन्हें प्रकृति प्रेमी बनाना होगा और उन्हें प्रोत्साहित करना होगा. बच्चों को यह याद रखना होगा कि प्रकृति है, तो हम हैं. पर्यावरण केवल वर्तमान नहीं, बल्कि भविष्य भी है।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने पार्टी संगठन की बैठक में किया दावा

# हजारीबाग में आज खिलेगा कमल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कुल 17 प्रत्याशी अपनी किस्मत जनता की अदालत में आजमा रहे हैं। 04 जून यानी मंगलवार को देश के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए भी मतगणना होगा और लोकसभा चुनाव का नतीजा आएगा। मतगणना के पूर्व दिन सभी प्रत्याशियों के लिए यही रात अंतिम यही रात भारी, बस एक रात की अब कहानी है सारी...। जहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच चौक-चौराहे, गली-मुहल्ले और शहर से लेकर गांवों तक चर्चा का माहौल गर्म रहा की कौन जीतेगा और कौन हारेगा। वहीं प्रत्याशियों के दिनचर्या में भी कई बदलाव दिखे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ( एनडीए समर्थित उम्मीदवार ) की टिकट से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दिनचर्या की शुरूआत माता- पिता से पैर छूकर आशीर्वाद के साथ किया। जिसके बाद परिवार जनों के साथ नाश्ता करके पूर्व की दिनचर्या की भांति अपने विधायक सेवा कार्यालय से दिन की शुरूआत जनता से मिलकर किया। इस दौरान क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। घंटों तक सेवा कार्यालय में जनता से मुखातिब होने के बाद उन्होंने अपने कई मित्रों के घर जाकर उनसे मुलाकात की और मतगणना स्थल पर पहुंचने का उनसे आग्रह किया। तत्पश्चात भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कारगिल पेट्रोल पम्प के समीप स्थित द फ्लोरेस्टा बैंक्वेट सभागार में आयोजित भाजपा के हजारीबाग लोकसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक में शालिम हुए और यहां पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों को संबोधित किया। जिसके बाद भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शहर के कानी बाजार स्थित उनके बगीचा सभागार में मतगणना की तैयारी को आयोजित भाजपा के काउंटिंग एजेंटों के मतगणना कार्य के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए और उन्हें भी संबोधित किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे काउंटिंग एजेंटों के रहने खाने के विशेष इंतजाम को लेकर देर रात्रि तक भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जुटे रहें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मतगणना केंद्र के लिए मंगलवार की अहले सुबह भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल द्वारा काउंटिंग एजेंटों को विदा किया जाएगा। जिसके उपरांत मंदिर में पूजा-अर्चना करके वे खुद मतगणना केंद्र के लिए रवाना होंगे। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थकों की ओर से विजय जुलूस की भव्य तैयारी की जा चुकी है। विजय जुलुस में ढोल-तासे के साथ एक साथ होली दीपावली मनाने को लेकर मिठाई बनाया गया है, पटाखें लाए गए हैं। कई व्यक्ति भाजपा और पीएम मोदी के समर्थन में आकर्षक साज-सज्जा में नजर आएंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकताओं के अथक परिश्रम और देवतुल्य जनता- जनार्दन (मतदाताओं) के प्रचंड समर्थन और आशीर्वाद के बदौलत हम निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे और इस बार ना सिर्फ झारखंड बल्कि संपूर्ण देश में एनडीए गठबंधन प्रचंड मतों से जीतेंगी और तीसरी बार देश में मोदी सरकार जरूर बनेगी।


मनीष जायसवाल व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में बाईक चालक की मौत घर में छाया मातम


दुर्घटना में मृत व्यक्ति।

**गोला(रामगढ़)।** गोला थाना क्षेत्र के सोसोकलां गाँव निवासी जहांगीर अंसारी उर्फ मस्तान पिता स्वर्गीय मुंशी रजा की दर्दनाक मौत रविवार की देर रात सड़क दुर्घटना में हो गई। इस संबंध में लोगों का कहना है कि प्रति दिन की तरह रामगढ़ से काम कर वह अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान गोला के नकटी गढ़ा के समीप विपरीत दिशा से जा रहे एक ऑल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जहांगीर रोजी रोटी के लिए वेल्डिंग का काम कर के अपने परिवार का जीविकाकोपार्जन करता था। गाँव में नेक कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने में अहम योगदान रखता था। उसकी मौत के बाद घर वालों का रोरो कर बुरा हाल है वहीं घटना के बाद गांव में मातम छाया है।

### दिवंगत पत्रकार डी मुन्ना के वृद्ध पिता की मौत,परिजनों पर टुटा दुखों का पहाड


कांधा देते परिजन।

**चौपारण।** जवान बेटे के खोने के गम और पारिवारिक दायित्वों, जवाबदेही निभाने में कमी के कारण एक वृद्ध पिता का हुआ जीवन से परित्याग। पत्रकार डी मुन्ना के जाने के तीन माह के भीतर पिता का हुआ निधन। इससे पूरा परिवार घोर संकट में आ गया है। कोई पुरुष सदस्य परिवार में नहीं, दो पोते हैं, जो छोटे हैं। तीन पोतियां हैं, जिनमें से एक मेडिकल की पढाई कर रही है। एक इंजीनियरिंग की तैयारी में है। आर्थिक, मानसिक समस्या से हर तरह से परिवार बेहद बुरे हाल में है। रविवार रात से ही रो रोकर सभी परिजन बेहोशी के कगार पर है। महज तीन माह के भीतर परिवार के दो प्रमुख सदस्यों के जाने से पूरा परिवार बिखरने के कगार पर आ गया है। इसे लोग नियति की क्रुरतम फैसला मान रहे हैं। वहीं डाक्टर इंजीनियर बनने की चाहत पाले बेटियों की आंखों में संभावनाएं की जगह आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बडी पोती पलामू मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा है। दुसरी इंजीनियरिंग की तैयारी में है। बाकि बच्चे अभी स्कूल में हैं। आर्थिक उपार्जन का कोई साधन नहीं है। जमीन भी काफी कम है। मकान अर्द्ध निर्मित है। सरकार द्वारा आंबटित जमीन को कुछ मुट्ठी भर लोगों ने कब्जा कर रखा है। परिवार को मदद की सख्त आवश्यकता है। चतरा मोड में बीते चार दशक पूर्व चाय की दुकान चलाकर इमानदारी से जीवन बीताने वाले दशरथ दास नहीं रहे। 78 साल की उम्र में जवान बेटे के अचानक जाने के गम में हृदयाघात से मौत हो गई। उन्हें अपने चार अल्पायु के पोते और पोतियों ने कांधा दिया। दो अभिभावकों को खोने के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड आ गया है। बच्चों का भविष्य प्रभावित होने की संभावना है। अभिभावक नहीं रहने से भटकने की संभावना रहती है। अब घर में केवल बुढी पत्नी, विधवा बहु और पांच छोटे बच्चे बचे हैं। ऐसे में परिवार किसी रहनुमा या चमत्कार की आस में हैं।

### झामुमो विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 जून को उरीमारी में

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन दिनांक 10 जून 24 को पार्टी कार्यालय उरीमारी चेक पोस्ट के पास किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने 23 पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष उपसचिव, उपाध्यक्ष सदस्यगण एवं कार्यकर्ता को सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है। विधानसभा स्तरीय बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदीया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## तिलैया में धूमधाम से मंडा पूजा हुआ संपन्न


मंडा पूजा में शामिल कांग्रेस प्रत्याशी।

**कुजू।** श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति तिलैया द्वारा आयोजित मंडा पूजा सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मंडा पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल व विशिष्ट तिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, आजसू नेता तिवारी महतो, भुनेश्वर महतो भुन्नू एवं वार्ड पार्षद हेमनी देवी शामिल हुए। इस दौरान रात्रि में शिव भक्तों द्वारा लोटन सेवा का अनुष्ठान संपन्न किया गया। तत्पश्चात छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने विभिन्न पौराणिक कथाओं पर करतब पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इधर सुबह में अग्नि देव की पूजा के उपरांत फूलखुंदी की गई। बाद में वनस झूला झूलकर भक्तों ने अपनी शिव भक्ति का परिचय दिया।

### भुरकुंडा लोकल सेल में हिस्सेदारी को लेकर देवरिया में ग्रामीणों की हुई बैठक कहा

## पूर्व के भांति 17.5 प्रतिशत हिस्सेदारी नहीं मिली तो होगा उग्र आंदोलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी में खुल रहे लोकल सेल में भागीदारी को लेकर देवरिया में पांडेय गोप ग्रुप की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता शिव नारायण यादव और संचालन शंकर यादव ने किया। बैठक में क्षेत्र के 12 गांव के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भुरकुंडा लोकल सेल में पूर्व की भांति पांडेय गोप ग्रुप की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन और प्रशासन की होगी। मौके पर देव नारायण बेदिया ने कहा कि पांडेय गोप ग्रुप को 17.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। हमारी मांग है कि पूर्व की तरह हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। वहीं शंकर यादव ने कहा कि जल्द ही ग्रुप के सभी ग्रामीणों की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में राजलाल मुंडा, रामा यादव, राजेंद्र मुंडा, अजय यादव, सत्येंद्र मुंडा, कौलेश्वर यादव, जतरू मुंडा, जगेश्वर महतो, मोहन मुंडा, कालू राम चरकू बेदिया, मथुरा प्रजापति, नाजीर करमाली, रामेश्वर बेदिया, दशरथ बेदिया, लालजी मांझी, सोना मांझी, सुरेंद्र यादव, जीवन, काशीनाथ, कैलाश तुरी, सुनील तुरी, कमलेश सहित कई लोग उपस्थित थें।


बैठक में उपस्थित लोग।

## सनातन धर्म की रक्षा के लिए देवकुली में निकली पद यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत देवकुली गांव में 3 जून दिन सोमवार को क्षेत्रीय आचार्य देवकुली निवासी कृष्णदेव पांडेय समाज सेवी उमेश गिरी, देवकुली पसंस मनोहर प्रसाद के नेतृत्व में देवी महिला सशक्तिकरण महासमिति के बैनर तले सनातन ( हिंदू ) धर्म कि रक्षा के लिए समिति के अध्यक्ष राखी देवी, उपाध्यक्ष किरण देवी, सचिव पदमा देवी, उप सचिव यशोदा देवी, कोषाध्यक्ष कविता देवी, उप कोषाध्यक्ष कंचन देवी, महामंत्री इंदु देवी समेत अन्य समिति सदस्य ग्रामीण क्षेत्रवासियो के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राखी देवी और संचालन आचार्य कृष्णदेव पांडेय ने किया। श्री पांडेय ने कहा की पिछले कई दिनों से देखने सुनने को मिल रहा है हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंड स्थित कई पंचायत के गांवो में अन्य समुदाय के लोगो द्वारा हिंदुओ को प्रलोभन, दिग्भ्रमित, लोभ लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा था। इस मामले को लेकर हम सभी ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने ठाना है की सनातन धर्म हिंदू संस्कृति को बचाना है। हमलोंगो का मात्र एक लक्ष्य है की हमारा सनातन आथर्त्त हिंदू धर्म संगठित रहे और लगातार धर्मांतरण जैसी घटना पर विराम लगे। तथा धर्म परिवर्तन करवा रहे लोगो पर सरकार कठोर से कठोर प्रशासनिक कार्यवाही करे। वही उन्होंने सरकार से सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों में संस्कृत विषय की पुस्तके भी पूर्व की भांति चलाने की आग्रह किया और कहा की संस्कृत विषय रहेगा तभी हम सभी सनातनी हिंदुओ का संस्कार रहेगा। चुकी सम्पूर्ण भारत देश सहित विश्व में विभिन्न धर्म के समुदाय निवास करते है जो अपने अपने आस्था धर्म को मानते और सभी स्वंतत्र है। लेकिन आखिरकार सनातन हिंदू धर्म के लोगो को क्यों बहला फुसलाकर कर धर्मांतरण करवाया जा रहा है। इन तथ्यों पर सरकार को विराम लगाने की आवश्यकता है। चुकी जबरन धोखे से धर्म परिवर्तन करवाना यह कानूनन अपराध है। इसे हमलोगो को जन जन तक जागरूकता पहुंचाना है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधान विधायक अमित कुमार यादव थे। उन्होंने भी कहा की हम सनातन हिंदुओ को अपने धर्म को नही भूलना चाहिए। और अन्य समुदाय के लोगो को भी चाहिए की जबरन किसी भी धर्म के लोगो का जबरन प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन नहीं करवाए। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष जुटे थे।



पदयात्रा में शामिल लोग।

## एक नजर में

### युवक मुकेश लापता, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत गांव तिलरा इचाक थाना जिला हजारीबाग निवासी मुकेश कुमार यादव पिता घनश्याम यादव उर्फ घनु उम्र आधार कार्ड अनुसार लगभग 24 वर्ष रंग सांवला 1 जून दिन शनिवार को अपने घर से बिना अभिभावक को बताए निकल गए। परिजनों ने कहा की मुकेश की दिमागी हालत ठीक नहीं है हमलोगो ने क्षेत्र के आस पास काफी खोज बिन किया इसके बाद सूचना मिला की मुकेश बौरा के सरीफ मजार चतरा में है। उक्त स्थल पर जब हमलोगो ने गया और वहां के क्षेत्रीय तथा स्थानीय लोगो से पूछ ताछ किया तो कही कोई सूचना नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि मुकेश बौरा सरिफ मजार चतरा से लापता है। जिन किसी सज्जन को लापता युवक मुकेश कुमार यादव मिले तो इन संपर्क सूत्र संख्या मो. न.- 9102611245 पर जानकारी दे। उक्त खबर की जानकारी टाटीझरिया प्रखंड के समाज सेवी नारायणपुर निवासी प्रबिल प्रसाद कुशवाहा ने दिया। श्री कुशवाहा ने बताया की इचाक थाना में भी लिखित आवेदन परिजनों द्वारा देकर लापता युवक को खोजबीन के लिए देकर गुहार लगाया गया है।

### बरही के ए टू जेड फर्नीचर दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा डीवीसी के पास संचालित ए टू जेड फर्नीचर की दुकान में रविवार रात अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि संचालक मो. सागिर द्वारा दुकान रात्रि लगभग 8:45 बजे बंद करने के 5 मिनट के बाद ही दुकान में आग लगी। आस-पास के लोगों ने दुकान से धुआं और आग का अंगार निकलते देखा। लोगों ने इसकी सूचना दुकान के संचालक मो. सागीर एवं प्रोपराइटर मो मेराज को दी। आनन फानन में दुकान खोला गया तो देखा गया कि आग पूरी तरह फैल चुका है, जिसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और बरही पुलिस प्रशासन को दी गई। वही आस-पास के ग्रामीण एवं दुकानदारों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक आग पूरी तरह फैल चुकी थी। घटना के तुरंत बाद बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार दलबल के साथ मोर्चा संभाल लिया। फायर ब्रिगेड की टीम के साथ उन्होंने आग बुझाने में पूरा सहयोग किया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने जली हुई दुकान एवं आस-पास के दुकानों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस घटना में संचालक मो. सागिर आग बुझाने के प्रयास में घायल भी हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। दुकान के संचालक बताते है कि दुकान में रखे सामानों में डाइनिंग, लगभग 400 कुर्सी, बर्तन स्टैंड, बर्तन सेट, स्टील का सामान, क्रॉकरी, डिनर सेट, मिक्सर, स्टील ड्राम, फर्नीचर सहित कई कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गए। उन्होंने बताया कि लगभग 14 से 15 लाख का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, सामाजिक कार्यकर्ता दयानंद चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, शिवनंदन यादव, राजेन्द्र यादव, नागेंद्र प्रसाद, रामचन्द्र यादव, कुंदन श्रीवास्तव, रवि केशरी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया।

### रंग लाई अडाणी फॉउंडेशन की पहल

▸▸ **अग्निवीर की लिखित परीक्षा में पांच युवा सफल**

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा कोल खनन परियोजना के तहत सेना और राज्य पुलिस की भर्ती की तैयारी कर रहे पांच युवाओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। पहले बैच के तहत कुल नौ छात्र इस लिखित परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल छात्रों में संजय राज, राजू यादव,भानु प्रताप,राजदीप कुमार और सुशांत शर्मा शामिल हैं।अदाणी फॉउंडेशन ने युवाओं की नि:शुल्क पढ़ाई- लिखाई के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। इस पहल के तहत अदाणी फॉउंडेशन के विशेषज्ञ शिक्षक और शारीरिक प्रशिक्षक लगातार बच्चों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कक्षाओं में मॉक अभ्यास के लिए टेस्ट लिए जाते हैं। इसके अलावा इन्हें ट्रैक शूट, टी शर्ट और जूते भी उपलब्ध कराए गए हैं। अग्निवीर की परीक्षा के अलावा फरवरी माह में हुए शार्ट सर्विस कमीशन, एसएससी जीडी की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में भी 11 छात्र शामिल हुए हैं, जिनका रिजल्ट जल्द ही आने वाला है। इन परीक्षाओं में पूरी तरह से सफल होने के बाद छात्र भारतीय सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए होने वाली परीक्षाओं में भी हिस्सा ले पाएंगे। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगातार निशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे प्रदान दिये जाते हैं।

### फुड पॉयजनिंग मामले में डीएफएसओ ने बरही के दो राशन दुकान का किया निरीक्षण

**बरही।** बेंदगी फुड पॉयजनिंग प्रकरण का मुख्य कारण नॉन एडिबल घी और एक्सपायर्ड सूजी सामने आया है। उक्त बातें जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया। नॉन एडिबल घी मंदिर प्रबंधन ने पहले से पूजा के लिए रखा था। हलवा बनाने के क्रम में घी घटने पर महिला रसोईया ने अनजाने में प्रसाद बनाने में उसका प्रयोग किया। वही सूजी भी 18 मई को एक्सपायर्ड हो चुका था, जिसे बरही चौक के खुदरा विक्रेता दशरथ साव के दुकान से खरीदा गया था। जिसे खुदरा विक्रेता ने गया रोड स्थित थोक विक्रेता राहुल ट्रेडिंग से खरीदने का काम किया था। दोनो दुकानों का निरीक्षण कर खुदरा विक्रेता के दुकान में पड़े करीब 8 किलोग्राम एक्सपायर्ड सुजी को विनष्ट करवाया गया है।

# सुशीला देवी हत्याकांड का एसआईटी ने किया उदभेदन

### मृतिका की बहू की बहन एवं उसके दूसरे पति द्वारा सहयोगियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से घटना को दिया गया अंजाम

▸▸ **पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

▸▸ **72 घंटे के अंदर एसआईटी ने मामले का किया उदभेदन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** गत 30 मई को सुबह लगभग 9:00 बजे रामगढ़ थाना अंतर्गत पतरातू बस्ती विद्यागनर में सेवा निवृत रेलवे कर्मी अशर्फी प्रसाद के घर में अपराध कर्मियों ने घूसकर उनकी पत्नी सुशीला देवी की हत्या कर नकदी एवं आभूषण की लूटपाट कर साक्ष्यों को छुपाने के उद्देश्य से घर में आग लगा दिया। इसकी जानकारी सोमवार को प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि घटना के संदर्भ में रामगढ़ थाना कांड संख्या-150/2024, दिनांक 30.05.2024, धारा-394/302/436/448/427 भादवि के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के पंजीकृत कर अनुसंधान आरंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० बिमल कुमार द्वारा घटना की संवेदनशीलता एवं गंम्भीरता को ध्यान में रखते हुए इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुये स्वयं के नियमित, सतत एवं निकट निगरानी में काण्ड का उदभेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं लूटे गये सम्पत्ति तथा घटना में प्रयुक्त सामानों की बरामदगी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को प्राप्त गुप्त सूचना पर तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन किया गया। साक्ष्यों के आधार पर करीब 72 घंटे में इस कांड का उदभेदन करते हुये कांड में शामिल मुख्य साजिशकर्ता कुमारी स्नेहा एवं उनके पति-आरिफ नैयर उर्फ आर्या के अलावे कांड में शामिल एक अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं उनलोगों की निशानदेही पर हत्या कारित करने में प्रयुक्त चाकू, लूटे गये जेवरात, घटनास्थल तक आने एवं जाने में इस्तेमाल किया गया वाहन, मोबाईल फोन, घटना के समय पहना गया जूता, सीसीटी का डीवीआर एवं अन्य सामानों को बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के पीछे का मूल कारण इनकी आर्थिक तंगी और बहुत आसानी से मृतिका के घर से भारी मात्रा में जेवरात/पैसा प्राप्त होने की संभावना, आपसी रंजिश एवं बदले की भावना से मृतिका की बहू की बहन एवं उसके दूसरे पति द्वारा अपने सहयोगियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया गया एवं साक्ष्य मिटाने के उददेश्य से आगजनी की घटना कारित की गई। परन्तु उसकी चालाकी सफल नहीं हो सकी और वे गठित एसआईटी टीम की तत्परता से 72 घंटे में पकड़ लिये गए।

घटना में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनमें कुमारी स्नेहा उर्फ रिंकी उम्र करीब 34 वर्ष पति आरिफ नायर, आरिफ नैयर उर्फ आर्या उम्र करीब 30 वर्ष, पे० शकील नैयर, दोनों साकिन हिन्दपिढी,थाना कोतवाली, जिला-रांची, अफसर अली उम्र लगभग 21 वर्ष पे०-अकबर अली, सा-रहमत नगर चितरपुर थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ शामिल हैं।

वहीं घटना को अंजाम देने में प्रयोग किये गये सामानों को भी एसआईटी ने जब्त कर लिया है। जिनमें घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया चाकू,लूटे गये जेवरात (सोने के कान की बाली 02 अदद, टॉप्स 04 अदद, मंगलसूत्र का लोकेट 01 अदद, नाक का बेसर 01 अदद, चाँदी का पायल 01 जोडा), घटना कारित में इस्तेमाल इंडिगो कार एवं स्कूटी, सीसीटीवी का डीवीआर, 3 पीस एन्ड्रायड मोबाईल फोन, घटना के दौरान प्रयोग किये गए कपडे एवं ग्लब्स का अवशेष शामिल है।


जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।


जब्त सामान।

### छापेमारी दल में शामिल लोग

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, पुअनि नवीन प्रकाश पाण्डेय, पुनि सत्येन्द्र कु० सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो० अख्तर अली, महिला थाना प्रभारी श्वेता कुजूर, पुअनि मो० नौशाद, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि ओमकार पाल, सअनि सुजित कुमार सिंह सहित रामगढ़ थाना, रजरप्पा थाना, बासल थाना एवं बरकाकाना ओपी के सशस्त्र बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मंत्री के गांव में पानी की किल्लत, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

**चतरा।** झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पैतृक गाँव मोकतमा पंचायत के बागी टोला के ग्रामीण भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। गाँव में तीन चापाकल हैं, लेकिन दो कई वर्षों से खराब पड़े हैं और एक भी ठीक से काम नहीं करता है। ग्रामीण महिलाओं को पीने के पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। नहाने के लिए तालाब के गंदे पानी का इस्तेमाल करने से ग्रामीणों के शरीर में फोड़े-फुंसी हो रहे हैं।

### एनटीपीसी के हाइवा चालक की लापरवाही से बाल-बाल बचे लोग

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के चट्टीबारियातू कोल माइंस के कोल ट्रांसपोर्टिंग करने वाले हाइवा के ड्राइवर शम्भू यादव की लापरवाही सामने आई है, जिसके कारण मिसरोल तेलयाडीह के आधा दर्जन लोग बाल-बाल बच गए। ड्राइवर ने खुद वाहन नहीं चलाया बल्कि खलासी को चलाने दिया, जिससे हाइवा अनियंत्रित हो गया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### महिलाओं के साथ जेएसएलपीएस कर्मियों ने की मासिक बैठक

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत छः घरवा में सक्रिय महिलाओं के साथ जेएसएलपीएस कर्मियों ने मासिक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आईपीआरपी सुनीता देवी ने की और संचालन सीसी सुनील कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित सभी सक्रिय महिलाओं से महीने भर के कार्य की जानकारी ली गई और प्रोत्साहन राशि देने के लिए वर्क डन जमा करवाया गया।

### विधायक किशुन दास ने किया संगम हॉस्पिटल का उद्घाटन

**सिमरिया।** सिमरिया में नवनिर्मित संगम हॉस्पिटल का उद्घाटन विधायक किशुन दास और जिप सदस्य देवनंदन साहु ने किया। अस्पताल में हड्डी एवं नस रोग से संबंधित सभी प्रकार के उपचार आधुनिक मशीन और योग्य चिकित्सकों द्वारा किए जाएँगे। अस्पताल में एमबीबीएस, एमएस सहित प्रशिक्षित नर्स और टेक्नीशियन 24 घंटे मौजूद रहेंगे। डिजिटल एक्सरे, ईसीजी सहित अन्य जांच और सभी उपचार बहुत ही कम शुल्क में किए जाएँगे।

### सड़क निर्माण से जल नल योजना बाधित, संवेदक पर लापरवाही का आरोप

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत इगोबाग में प्रधानमंत्री जल नल योजना का प्रारंभ लगभग 6 माह पूर्व किया गया था, जो कि पूरे गांव को इस योजना का लाभ मिल रहा था, मगर जयनगर से सरमटांड सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा जल नल योजना के लाभार्थी का पाइप उखाड़ दिया गया है और मरमती भी नहीं कराया गया। जिस कारण पानी का सुचारु प्रवाह रुक गया है। बता दें कि इस भीषण गर्मी में पानी के लिए ग्रामीण तरस रहें हैं। ग्रामीणों ने जब रोड के संवेदक से बात किया तो कहते है कि हम पीएचईडी विभाग को लिखित सूचना दे दिए हैं और जब ग्रामीणों ने पीएचइडी विभाग के जेई से बात किया तो उनके द्वारा बताया जाता है कि यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है।

### उपायुक्त सुविधा केंद्र आलू, चिप्स प्रसंशकरण इकाई का किया औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित बाजार समिति में सुविधा केंद्र आलू, चिप्स प्रसंशकरण इकाई का उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने चिप्स प्रसंशकरण इकाई का मुआयना किया, वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों से भी बातचीत की। साथ ही संबंति अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अन्य आवश्यक कार्यवाही को करते हुए प्रसंशकरण प्रक्रिया जल्द से जल्द चालू करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्तउत्पादों का बेहतर तरीके से ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया।

## जीआरपी ने सियालदह अजमेर ट्रेन में तड़के की चेकिंग

# भारी मात्रा में गांजा बरामद अनुमानित कीमत लाखों में

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जीआरपी पुलिस ने सोमवार को सुबह सुबह सियालदह अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन से लाखों रुपए का गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपया बताई गई है। इस संबंध में रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने बताया कि उनके नेतृत्व में स्टेशन पर गश्ती की जा रही थी। इस बीच सुबह लगभग 5 बजे प्लेटफार्म संख्या चार पर सियालदह अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन आकर रुकी तो जीआरपी के ट्रेन चेकिंग के दौरान दिव्यांग बोगी के शौचालय के समीप रखा हुआ एक ट्रॉली बैग मिला, ट्रॉली बैग के संबंध में जब जीआरपी ने ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से पूछताछ की तो कोई भी यात्री ने ये नहीं कहा की ये बैग हमारा है। बाद में जीआरपी ने लावारिस पड़े उस बैग को अपने कब्जे में लेकर तलाशी ली तो सबकी आंखें फटी की फटी रह गई। ट्रॉली बैग में 15 पैकेट गांजा पाया गया। जिसे बरामद कर लिया गया। निसंदेह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रेल पुलिस ने अब एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्ती सूची बनाते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए रेल पुलिस के वरीय पदाधिकारी से संपर्क साधा है। बता दे हाल के दिनों में जिस तरह शराब के साथ-साथ ट्रेन से गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की तस्करी की रफ्तार बढ़ गई है। निश्चित रूप से तस्करों के लिए कोडरमा स्टेशन एक सेफ जोन बनता जा रहा है। गांजा बरामद्गी के दौरान आरपीएफ के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी शशि कुमार, आरक्षी आनंद कुमार सिंह सिंह सहित कई जवान मौजूद थे।

## बिजली विभाग कर्मी बनकर लोगों से कनेक्शन काटने के नाम पर पैसों की ठगी, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिजी गुप्त सूचना के आधार पर साईबर अपराधियों का एक गिरोह मरकच्चो थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर बिजली विभाग के कर्मी बनकर लोगों से सम्पर्क कर उनका बिजली का कनेक्शन काटने के नाम पर पैसों की ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसपी द्वारा जीतवाहन उरांव अनुमंडल पुलिस पदाकिारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए इस गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछ-ताछ करने एवं उसके मोबाईल फोन की जांच करने पर यह पाया गया कि, इनके द्वारा लोगों को फोन कर यह बताया जाता था कि, उनका बिजली का कनेक्शन काटा जा रहा है, अगर उन्हें अपना कनेक्शन चालु रखना है तो इनके द्वारा दिये गए नम्बर पर सम्पर्क करने को कहा जाता था। उसके बाद व्हाट्सअप पर एक लिंक भेजा जाता था, जिसपर क्लिक करते ही इन अपराधियों द्वारा मोबाईल को हैक कर पैसों की ठगी की जाती थी। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 05 मोबाईल फोन, 07 सिम कार्ड, 05 एटीएम कार्ड एवं 01 अपाची मोटरसाईकिल बरामद की गई है। इस सन्दर्भ में मरकच्चो थाना कांड सं0-48/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों में :** 24 वर्षीय रोहित गोस्वामी पिता रूपलाल गोस्वामी बाघेडीह थाना जमुआ, 18 वर्षीय रोहित मंडल पिता महेन्द्र मंडल सा. बेहराडीह थाना जमुआ, 18 वर्षीय सतीश वर्मा पिता कामेश्वर माहतो सा. मलिडीह थाना जमुआ, तीनों गिरीडीह जिला निवासी के नाम शामिल हैं।

**छापेमारी दल में :** डोमचांच अंचल निरीक्षक विनोद कुमार, थाना प्रभारी मरकच्चो पुअनि.सौरभ कुमार शर्मा, तकनिकी शाखा कोडरमा व सशस्त्र बल व मरकच्चो थाना के जवान शामिल थे।

### नगर पंचायत कोडरमा में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक

**कोडरमा।** नगर पंचायत प्रशासक शशि शेखर सुमन की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व संग्रहण के लिये बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष का टैक्स संग्रहण एवं कार्य योजना की चर्चा की गई। उन्होंने कोडरमा नगर पंचायत वासियों से आग्रह किया कि ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें। 30 जून तक होल्डिंग टैक्स भुगतान करने पर 5 से 15 प्रतिशत तक की छूट का प्रावाान है। पिछले वर्ष के बकायदारों को नोटिस देने का निर्देश दिया गया, नोटिस के बावजूद भी होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने पर नगर पालिका अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी एवं बैंक खाता फ्रिज की जाएगी। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु राजन कुमार आदि उपस्थित थे।

## दो सड़क हादसों में पन्द्रह घायल, चार की स्थिति गम्भीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में हुए दो सड़क हादसों में 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। वहीं सोमवार की सुबह डोमचांच थाना क्षेत्र के कोठियाराबर में बोलेरो और सवारी गाड़ी की जोरदार टक्कर में दोनों गाड़ी में सवार 13 लोग घायल हो गए। घायलों में 35 वर्षीय चंचला देवी, 25 वर्षीय बबीता देवी, 72 वर्षीय चतुर्भुज स्वर्णकार, 50 वर्षीय चिंता देवी, 24 वर्षीय मिथिलेश कुमार सोनी, 2 वर्षीय रूपाली कुमारी, 32 वर्षीय गणेश सिंह, 23 वर्षीय फूलदेव कुमार सोनी, 30 वर्षीय साबो देवी, 40 वर्षीय रामदेव सिंह, 25 वर्षीय किरण देवी, 42 वर्षीय मुन्नी देवी, 30 वर्षीय गीता देवी के रूप में हुई है।

इनमें चार की स्थिति गम्भीर बनी हुई है, वहीं कुछ लोगों को हल्की-फुलकी चोट लगी है। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी में एक ही परिवार के लोग सपही से सवार होकर झारखंडी धाम पूजा करने जा रहे थे। वहीं कोठियाराबार के समीप विरीत दिशा से आ रही बोलेरो से टक्कर हो जाने के कारण दोनों गाड़ी पलट गए और दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

## डीडीसी ने की मनरेगा एवं अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार मरकच्चो में मनरेगा एवं अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान समतलीकरण फ़ोटो हो खेल मैदान के लिए प्रखंड स्तरीय नोडल नियुक्त कर भूमि का निरीक्षण कर पंद्रह दिनों के अन्दर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। वहीं बिरसा हरित अंतगर्त गड्डा खुदाई का कार्य एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने, ऑनगोइंग कूप को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। वहीं कई पंचायत के मनरेगा योजनाओं में खराब प्रदर्शन करने वाले ग्राम रोजगार सेवक को एक सप्ताह के अंदर प्रगति हेतु निदेश दिया गया। पुराने योजनाओं को पूर्ण करने हेतु एक सप्ताह के अंदर सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को निदेश दिया गया। वहीं जिन पंचायत में कूप निर्माण भौतिक रूप से पूर्ण कर लिया गया हैं उन्हें नरेगा सॉफ्ट पर पूर्ण कराये। अबुआ आवास के लाभुकों का शत प्रतिशत मास्टर रॉल निर्गत करने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतगर्त सभी पंचायत सचिव को निदेश दिया गया कि सभी स्वीकृत लाभुकों द्वारा शत प्रतिशत आवास कार्य प्रारंभ कराएं और उनका प्लिथ स्तर तक कार्य कराते हुए जियो टैग करें। द्वितीय किश्त की राशि का भुगतान के लिए आवश्यक हैं कि उन लाभुकों का डॉक्यूमेंट यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं। इस संबां में सभी पंचायत सचिव को निदेश दिया गया कि उन सभी लाभुकों का जाति प्रमाण पत्र दो-तीन दिनों के अन्दर बनाने हेतु निदेश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना एवं अन्य आवास योजनाओं का भी निरिक्षण कर पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया। बैठक में सभी पंचायतों के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रखंड समन्वयक/ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला स्तर से लोकपाल, मनरेगा, परियोजन पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला समन्वयक, प्रशिक्षण समन्वयक डीआरडीए मौजूद थे।

## चतरा सांसद का किसके सिर पर सजेगा ताज और किसके अरमानों पर गिरेगी गाज

# 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज, आठ बजे शुरू होगी मतगणना

पंकज सिंह

**चतरा।** आखिर वह दिन आ गया, जिसका बड़ी बेसब्री से सभी को इंतजार था। 18वीं लोकसभा में चतरा का सांसद का किसके सिर पर ताज सजेगा और किसके अरमानों पर गाज गिरेगी, इसका जवाब आज मंगलवार को मिल जाएगा। चतरा कॉलेज चतरा परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह ठीक आठ बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी समेत 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम खुलने के बाद आज हो जाएगा।चतरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के बीच सीधा मुकाबला है। पिछले दो लोकसभा चुनाव से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर साफ नजर आई थी। जिला प्रशासन मतगणना की सभी तैयारी पूरी कर ली है। मतगणना कार्य कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगा। मतगणना स्थल में केवल पास धारकों को ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश से पहले सघन चेकिंग होगी। कोई भी हथियार या अन्य आपत्तिजनक सामान लेकर जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। मतगणना स्थल की पूरी बैरीकेटिंग की गई है। मतगणना के लिए राजनीतिक दलों ने भी एजेंट बना दिए है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती एक साथ होगी। इसके लिए अलग-अलग कमरे की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक कमरे में 18-18 टेबल लगाया गया है।

**5 विधानसभाओं के राउंड :** सिमरिया विधानससभा क्षेत्र की 419 ईवीएम की मतगणना 24 राउंड में होगी। चतरा विधानसभा क्षेत्र के 475 ईवीएम की मतगणना 27 राउंड होगी। मनिका विधानसभा की 321 ईवीएम की मतगणना 18 राउंड में होगी। लातेहार विधानसभा क्षेत्र की 358 ईवीएम की मतगणना 20 राउंड में होगी और पांकी विधानसभा क्षेत्र की 326 ईवीएम की मतगणना 19 राउंड में होगी।

### 9:30 बजे से आने लगेगा रूझान



**जीत से पहले जश्न की तैयारी :** चुनाव परिणाम की घोषणा से पहले राजनीतिक दल जीत का जश्न मनाने की तैयारी कर रहे हैं, जैसे ही परिणाम आएगा, विजेता दल आतिशबाजी और फूल मालाओं के साथ विजय रैली निकालेगा। हालाँकि, तैयारी गुपचुप तरीके से हो रही है क्योंकि हारने पर किरकिरी हो सकती है।

**टीवी पर रहेगी निगाह :** चतरा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। लोग सुबह से ही टीवी के सामने निगाहें जमाकर बैठने की सोच रहे हैं। शहर के कुछ युवाओं ने बताया कि टीवी पर न्यूज चैनल के सामने बैठकर पल-पल की खबर लेंगे।

**कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना :** चतरा कॉलेज चतरा में मतगणना होगी। सुरक्षा के लिए एसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी, 200 पुलिसकर्मी और सीआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। मतगणना कर्मचारियों को सुबह 6 बजे और अधिकारियों को सुबह 5.30 बजे मतगणना केंद्र पर पहुंचना होगा। मतगणना स्थल के आसपास 100 मीटर तक बिना वैध परिचय पत्र के किसी को नहीं जाने दिया जाएगा। मतगणना हाल में मोबाइल, कैलकुलेटर और धूम्रपान की चीजें नहीं ले जा सकेंगे।

## एक नजर में

### सिकंदराबाद मंडल में चलने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण किया जाएगा ट्रेनों का रद्दीकरण

दक्षिण मध्य रेलवे में सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-बल्हारशाह खंड में चलने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण निम्नलिखित ट्रेनों का रद्दीकरण किया जाएगा।

| क्र.सं. | गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | रद्दीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 07005 | सिकंदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस | 240624 |
| 2. | 07006 | रक्सौल- सिकंदराबाद एक्सप्रेस | 270624 |
| 3. | 07051 | हैदराबाद- रक्सौल एक्सप्रेस | 220624, 290624 |
| 4. | 07052 | रक्सौल- सिकंदराबाद एक्सप्रेस | 250624, 020724 |
| 5. | 03253 | पटना- सिकंदराबाद एक्सप्रेस | 240624, 260624, 010724, 030724 |
| 6 | 07255 | हैदराबाद- पटना एक्सप्रेस | 260624, 030724 |
| 7. | 07256 | सिकंदराबाद - पटना एक्सप्रेस | 280624, 050724 |

### मतगणना कार्य के सुचारू संचालन को लेकर डीसीऔर एसपी ने किया संयुक्त संबोधन




खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने 3 जून को जिला खनिज कौशल विकास केंद्र (डीएमएफटी) चतरा में संयुक्त संबोधन किया।

उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और बिना पहचान पत्र के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ जैसे खैनी, गुटखा आदि का प्रवेश भी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध कर ग्रामीणों ने जंगल बचाने का लिया संकल्प



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा वन प्रक्षेत्र के बरकुटे-कुडलौंगा गांव के समीपवर्ती सिकनी जंगल और कोयद गांव के ढीभर जंगल में पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह सह वृक्ष बचाओ अभियान के तहत वृक्ष बचाओ संकल्प को लेकर वृक्षों पर रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने वन देवी की पूजा-अर्चना की और वन रक्षा का आह्वान किया। वन विभाग के प्रभारी वनपाल ललटू कुमार और सुनील उरांव ने ग्रामीणों को जंगल बचाने की शपथ दिलाई। पर्यावरणविद् उमेश प्रसाद ने ग्रामीणों से अपील की कि जंगल में असंख्य जीव-जंतुओं का आश्रय है और इसे उजाड़कर हम अपने अस्तित्व को संकट में डाल रहे हैं। कोयद पंचायत के माननीय मुखिया किसुन राम ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है। प्रभारी वनपाल ललटू कुमार ने कहा कि वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ग्रामीणों का सहयोग भी अपेक्षित है। वनरक्षी सुनील उरांव ने कहा कि जंगल बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना आवश्यक है और ग्रामीणों को जिम्मेदारी से वनों को बचाने के लिए आगे आना होगा।

### जल संकट: कुंदा पंचायत में जलमीनारों की बदहाली, पानी के लिए भटक रहे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं, तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। जल संकट भीषण रूप ले चुका है, लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल नल योजना भी फेल हो गई है। कुंदा पंचायत के 72 में से 30 जलमीनार नए बोरिंग करके लगाए गए हैं, लेकिन बाकी 42 जलमीनार पहले से मौजूद चापाकलों में लगाए गए हैं, जिनमें से कई पहले से ही सूख चुके हैं। जलमीनार लगाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है और संवेदक व विभाग जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। कई जलमीनारों के पाइप लीकेज के कारण घरों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। संवेदक ने घटिया किस्म के पाटर्स लगाए हैं और कार्य में लापरवाही बरती है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। जलमीनार लगाने से पहले चापानल के गहराई व पानी के जलस्तर की जांच नहीं की गई, जिससे कई जलमीनार बेकार हो गए हैं। कुंदा मुखिया ने उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को आवेदन देकर जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार लगाने के बाद भी उन्हें पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### ग्रामीण कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर आरके बसंत ने खड़ा किया प्रश्न

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने ग्रामीण कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़ा किया है। वहीं उन्होंने गरहाई बिरसा चौक से डेबुआडीह तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 185 मीटर सड़क के कालीकरण में पूरी तरह अनियमितता बरती गई है, जिसके विरुद्ध स्थानीय लोगों द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को 28 मार्च 2024 को दिया जा चुका है। उन्होंने कहा है कि इस सड़क के कालीकरण में एक लेयर पत्थर डस्ट डालकर कमजोर गिट्टी से सड़क बनाई गई है, जो दो महीने भी चल जाए तो बहुत है। बिना विभाग की निगरानी एवं एस्टीमेट से परे कार्य का किया जाना निश्चित रूप से भारी कमीशन लेने की पुष्टि करता है।

## स्पीड न्यूज

### भगवान श्री सत्यनारायण कथा पुजन व भंडारा कार्यक्रम हुआ संपन्न



गुमला। रायडीह प्रखण्ड कू सुरसांग पंचायत के रमजा बेन्दवाकोना गांव में पिछले कई वर्षो से संचालित सतनारायण व्रत कथा व भंडारा कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। ग्राम वासी मिलकर अपने घर परिवार और क्षेत्र की सुख समृद्धि को लेकर भगवान श्री सत्यदेव, सत्यनारायण वर्त कथा व सामुहिक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्य क्रम में मुख्य रूप से श्री अशोक सिंह, सुखराम उरांव, मंगलनाथ सिंह, चतुर सिंह, शोभित सिंह, महेश सिंह, बुधराम सिंह, संगीता देवी, जितपती देवी, सालो देवी, शुशिला देवी, बिमला देवी, बिलासो देवी तथा अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे। जानकारी देते हुए अशोक सिंह ने कहा कि भगवान श्री सत्यनारायण जी का वर्त कथा पुजन करना हर सनातनियों को विषेश जरुरी है। क्योकि वही हमारे पालन हार हैं।

### पानी की समस्या से जूझ रहे गोमट गांव के ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



घाघरा। प्रखंड के गोमट गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बने बड़े पानी टंकी से पानी सप्लाई करने की मांग को लेकर बीडीओ के नाम प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक प्रदीप कच्छप को आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गुमला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा बड़े पानी टंकी का निर्माण पंचायत में कराया गया है। लेकिन गोमट गांव में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। सिर्फ पाइपलाइन बिछाया हुआ है। पानी का सप्लाई नहीं हो रही है। गांव में कनेक्शन पानी का लेने के बावजूद भी पानी नहीं आ रहा है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या से हमें हर दिन तपती गर्मी में जूझना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पानी सप्लाई गांव में शुरू करने की मांग की है। वही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में एकमात्र सोलर जलमीनार भी लगाया गया था। जो खराब पड़ी हुई है। इसके साथ ही गांव में पेयजल हेतु ना तो चापाकल है और न ही कोई अन्य साधन है। कुंआ का पानी दूर से लाना पड़ता है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया है। समस्या का हल को लेकर कार्य किया जाएगा। विभाग से बात कर पानी की समस्याओं को दूर कराया जाएगा। मौके पर वार्ड सदस्य बसंती देवी, सुमन देवी, फुलमनी देवी, रानी देवी, ज्योति उरांव, इंदु देवी, चांद मुनि उरांव, लालीन देवी, कामिनी उरांव, शांति उरांव, सहमनिया उरांव, बासी उरांव, रोपा उरांव, बुधवा उरांव, मोहर साहू, विष्णु उरांव सहित कई शामिल थे।

### थाना प्रभारी ने की बाजारों में दुकान व्यवस्थित ढंग से लगाने की अपील

रायडीह। रायडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट पतराटोली में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा अव्यवस्थित ढंग से दुकानों और रोड में लगे सभी गाड़ियों को सजाकर एक किनारे लगाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी के अपील पर सभी दुकानदार और गाड़ियों के मालिकों ने अपनी गाड़ी सजाकर लगाया। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने सभी दुकानदार और गाड़ी मालिकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग आपकी दुकान और गाड़ियों को सजा कर रखेंगे। जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी नहीं होगी। बाजार के दिन सड़क में जाम लगने से लोगो को आने जाने में बहुत परेशानी होती है। इसलिए आपसे आग्रह होगा की अपना दुकान और गाड़ी सजाकर रखे।

### चैनपुर : पहली बारिश में ही खुली पोल, नाली का पानी आया सड़क पर

चैनपुर। स्वच्छता अभियान को ढोल पीटने वाले प्रखंड प्रशासन के पास इस वर्ष की बारिश को लेकर कोई प्लानिंग दिखाई नहीं दे रही है। प्रत्येक वर्ष बारिश के पहले प्रखंड प्रशासन के द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। किंतु जमीनी हकीकत काफी बदतर होती है। मानसून के दस्तक के साथ सोमवार को करीब डेढ़ घंटे की बारिश ने प्रखंड प्रशासन की पोल खोलकर रख दी। चैनपुर मुख्य की नाली वर्षो से जाम थी और यह स्थिति आज भी बरकरार है। कुछ देर जमकर पानी गिरने के बाद ही नाली से गंदा पानी भी ओवर फ्लो हो गया और बस स्टैंड मुख्य सड़क गंदे पानी से लबालब भर गया। वहीं राहगीरों को इस गंदे पानी को पारकर आवाजाही करना पड़ रहा है। नाली के गंदे पानी के साथ साथ कचरा भी सड़क पर पसर जा रहा है।

### घाघरा पुलिस ने 250 किलो गांजा के साथ एक वाहन किया जब्त

घाघरा। घातघरा पुलिस ने रविवार की रात लगभग 250 किलो गांजा के साथ एक वाहन को जब्त किया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठा कर सभी फरार हो गए। वहीं दूसरा वाहन जिसमे गांजा लदा था कुछ दूरी पर पीछे पीछे आ रहा था। उक्त वाहन को भी जब पुलिस दिखी तो चालक वाहन को मोड़कर पुनः गम्हरिया से घाघरा की ओर भागने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दूर भगाने के बाद सभी ने अपना कपड़ा चेंज किया ताकि पहचान में ना आ सके और सभी फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने वाहन में जाकर देखा तो भारी मात्रा में गांजा लदा था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि गांजा की मात्रा लगभग 250 किलो होगा। इस पूरे मामले में थानेदार तरुण कुमार से पूछने पर उन्होंने कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा।

### आंधी व बारिश से गिरा बिजली का खंभा



गुमला। गुमला में अचानक हुए जोरदार बारिश व आंधी तूफान से भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर पेड़ की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गई। वहीं तेज आंधी के कारण बाईपास रोड मे तिरा के समीप बिजली का एक विशालकाय खंभा खेत में गिर गया है। वहीं आंधी व बारिश के कारण पूरे जिले में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली नहीं आने से लोग परेशान भी दिखे। इधर बारिश होने के कारण उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिला। आंधी तूफान के कारण कई लोगों के घरों को भी नुकसान हुआ। तेज गांधी के कारण घरों के छत भी उड़ गए।

# रायडीह अंचल बना पत्थरों के अवैध उत्खनन का चरागाह

**मनरेगा की आड़ में गैरमजरूआ एवं वन विभाग के पहाड़ों में अवैध रूप से ब्लास्ट किया जा रहा है**

खबर मंत्र संवाददाता



अवैध रूप से पत्थरों का किया जा रहा उत्खनन।

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पत्थरों का अवैध उत्खनन का किया जा रहा। मनरेगा योजना के आड़ में कुछ भेंडरों के द्वारा खुलेआम गैरमजरूआ एवं वन विभाग के पहाड़ों में अवैध रूप से ब्लास्ट कर पत्थर तोड़े जा रहे है। बताते चले कि रायडीह प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर पंचायतों में मनरेगा से बन रहे कुंओ के निमार्ण कार्य के नाम पर कुछ भेंडरों के द्वारा अवैध रूप से पत्थरो का खनन कार्य कराया जा रहा है, तो कुछ के द्वारा सरकार द्वारा निर्गत लाइसेंस धारी खदानों से पत्थर खरीद कर योजना में सप्लाई किया जा रहा है। ऐसा ही मामला प्रखंड के मांझाटोली स्थित बंद खदान में भेंडर के द्वारा सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर पत्थरों का खनन कराया जा रहा है। जब इस संबंध में भेंडर जमाल ताज से बातचीत किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि मुझे मनरेगा के कुंए में पत्थर सप्लाई करनी है। जिसके कारण मैं पत्थर का खनन करवा रहा हूं। इसमें मेरी कोई गलती नही है। हमलोग समय से पत्थर का आपूर्ति नही कर पाएंगे तो कुंआ धंस जायेगा। इतना ही नहीं उक्त भेंडर के द्वारा केपुर मौजा के आलावे अरंडा मौजा में भी अवैध पत्थरो का खनन किया जाता है।

**अवैध कार्य करने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी : सीओ**

इस बारे में सीओ रायडीह श्रीकांत मांझी से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन की जानकारी आप लोगो के माध्यम से प्राप्त हुआ है। क्षेत्र का दौरा कर जांच की जायेगी एवं अवैध कार्य करने वालो पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# डीसी ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चयनित चार आईकॉन को किया सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता



अमित कुमार को सम्मानित करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण।

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन के लिए लोहरदगा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चयनित जिला के चार आईकॉन को सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त विभिन्न कोषांगों में बेहतर कार्य करनेवाले कार्यपालक दण्डाधिकारी अभिनीत सूरज को भी उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। जिन आईकॉन को सम्मानित किया गया उनमें क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व प्रशिक्षक अमित कुमार, कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी और पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी (संजना की अनुपस्थिति में यह प्रमाण पत्र संजना के पिता ने प्राप्त किया) शामिल हैं। इस मौके पर स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, कुश्ती कोच महादेव उरांव व अन्य उपस्थित थे।

# सब्जी की कीमत कम होने से किसान परेशान, लागत भी नहीं निकल रहा है

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के हरा साग एवं सब्जियों के कीमत में भारी कमी एवं बाजार में मांग नहीं होने से सब्जी उत्पादक किसान को भारी नुकसान हो रहा है किसानों को सब्जी उत्पादन हेतु लागत कीमत भी नहीं मिल पा रहा है किसान सब्जियों को आने-अपने दम पर बेचने के लिए मजबूर हैं। किसान बताते हैं कि इस गर्मी में कड़ी मेहनत के बाद खेती की सिंचाई कर रहे हैं। महंगे बीज एवं खाद लगाकर खेती की गई है परंतु हरा सब्जी एवं सांग की कीमत बाजार में बिल्कुल भी नहीं है। ना ही सब्जियों की मांग बाजार में है. जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय बाजारों में सब्जियों की कीमत करेला 10 रूपये किलो, नैनूवा पांच रुपया किलो, झिंगी 10 रूपये किलो, भिंडी 10 रूपये किलो, फूलगोभी 20 रूपय किलो, पत्ता कोभी 20 रूपये किलो, बैगन 5 रूपये किलो, कद्दू दो रुपया किलो, कोहड़ा 2 रूपये किलो, खीरा 5 रूपये किलो, गाजर 10 रूपये किलो, टमाटर 10 रू किलो, मुरली 10 रू किलो, पालक 10 रूपये किलो, गांधारी 10 रूपये किलो के भाव से बिक रहा है। इस कीमत पर सब्जियों को बेचने से किसानों को सब्जी उत्पादन में लगाए गए लागत की प्राप्ति भी नहीं हो रही है। किसान अपने उत्पादित सब्जियों को बाजार में बेचने के लिए तो ला रहे हैं पर उसका उचित कीमत नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि भरी दुपहरी में गर्मी से जूझकर खेतों की सिंचाई की जाती है। कड़ी मेहनत कर फसल उपजाया जाता है। इसके बाद भी उचित कीमत नहीं मिलने पर गहरी निराशा होती है।

# आज चमकेगा किसी एक प्रत्याशी का भाग्य

**मुख्य मुकाबला कांग्रेस के सुखदेव भगत व भाजपा के समीर उरांव के बीच**

**इन दोनों का समीकरण बिगाड़ चुके हैं निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा**

खबर मंत्र संवाददाता







**गुमला।** मतगणना के साथ ही किसी एक प्रत्याशी के भाग्य का सितारा चमकने वाला है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुका था। मंगलवार को ईवीएम में बंद पड़े मतों की गणना के साथ किसी एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी के भाग्य का किस्मत खुल जाएगा और वे जोरदार जश्न भी मनाएगा। लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से कुल 15 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे थे। जिसमेंमुख्य मुकाबला भाजपा के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत के बीच देखा गया और इन दोनों उम्मीदवारों का खेल मैदान-ए-जंग में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा ने बिगाड़ कर रख दिया। चमरा लिंडा के मैदान में रहने के कारण दोनों है प्रत्याशियों के वोटों पर सेंधमारी हो गई। जिससे हार जीत के समीकरण का खेल ही बिगाड़ कर रह गया। कांग्रेस व भाजपा की प्रत्याशी जीत को लेकर कितना अश्वस्त है यह तो पता मतगणना करना के बाद ही चलेगा। लेकिन यह बात तो तय हो चुका है कि हार जीत का अंतर बड़ा नहीं होगा। पहले के ही जैसा परिणाम सामने निकल कर आएगा।

**मतगणना आज तैयारी पूरी**

मतगणना की प्रशासनिक तैयारी जिले में पूरी कर ली गई है। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच वज्रगृह से ईवीएम की निकासी के बाद मतगणना का कार्य आरंभ होगा। विधानसभा वार मतों की गणना कई चरणों में होगी। मतगणना को लेकर कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सभी तैयारियां पूरी होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच एक-एक कर ईवीएम मशीन निकालकर पूरे पारदर्शित के साथ इसकी गणना होगी।

मतदान केंद्र के बाहर व भीतर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना का कार्य सीसीटीवी कैमरे के निगरानी के बीच होगी। सुबह 8:00 बजे से गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र में मतगणना का कार्य आरंभ होगा।

# आदिवासी महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**महिला थाना पहुंचकर पीड़िता ने लगायी गुहार**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 वर्षीय एक आदिवासी महिला के साथ विशेष समुदाय के दो युवकों ने द्वारा दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। किसी तरह पीड़िता उन दोनो से खुद को बचाते हुए सामाजिक संगठन के माध्यम से महिला थाना पहुंच आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित महिला ने बताया वह मजदूरी का काम करती थी। सोमवार को चितरी डांडू में काम करने के दौरान ठेकेदार की पत्नी सबीना खातून नामक महिला से विवाद हुआ और नसीमा के इशारे पर ही दो मुस्लिम युवक अकबर अंसारी और मुस्ताक अंसारी घर छोड़ने के बहाने ले गए और रास्ते में जंगल में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। इसी बीच किसी तरह महिला उन दोनो से बच के निकली और परिजनों के साथ हिंदू संगठनों को घटना की जानकारी दिया। जिसके बाद ग्रामीण और हिंदू संगठन महिला थाना पहुंच आवेदन देकर आरोपियों पर करवाई का मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा की जांच के बाद ही आगे की करवाई करेंगे।

# काउंटिंग ऑब्जर्वर व जनरल ऑब्जर्वर ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए मतगणना मंगलवार को चंदाली स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के मतगणना केंद्र में होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर ए वेंकटेसू व जनरल ऑब्जर्वर केडी कुंजम के ने सोमवार को केंद्र का निरीक्ष किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह भी मौजूद रहें। इस दौरान उन्होंने जनरल ऑब्जर्वर एवं काउंटिंग ऑब्जर्वर के द्वारा विधानसभा वार टेबलों की संख्या और मतगणना कर्मियों व काउंटिंग एजेंट के प्रवेश व निकासी के बारे में भी जानकारी ली गई। वज्रगृह से मतगणना हॉल कंट्रोल यूनिट को ले जाने व गणना के पश्चात इवीएम-वीवीपैट मशीन को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में उपायुक्त से पूरी तैयारी की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक द्वारा मतगणना दिवस के दिन सुरक्षा व्यवस्था की भी सम्पूर्ण जानकारी दी। मौके पर डीडीसी, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, डीसीएलआर सहित अन्य संबंधित अदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

### लोहरदगा : अज्ञात युवक की मिली शव

लोहरदगा। बगडू थाना क्षेत्र के पतरातू बरकाटोली में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों द्वारा मिली जानकारी पर बगडू थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए शिनाख्त करने में जुट गई है। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया की एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला है लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने में जुटी है साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। इधर बीच दोन में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराया, चालक घायल



लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र की बक्सीडिप्पा के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान शिवलाल साहू पिता स्व मुखलाल साहू सेन्हा निवासी के रूप में हुई। स्थानीय लोगो और पुलिस के मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



कैरो लोहरदगा। कैरो चट्टी मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के खण्डा गांव जोड़ा पुल के समीप सोमवार सुबह 9 बजे के करीब मोटरसाकिल दुर्घटना में भंडरा प्रखण्ड के जमगाई निवासी मधुसूदन लोहरा के 21 वर्षिय पुत्र संजय लोहरा घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चट्टी के ओर से केटीएम मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से संजय लोहरा कैरो के तरफ आ रहा था। इसी बीच खण्डा जोड़ा पुल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के पोल पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पोल टूट गया। वंही संजय लोहरा के नाक व मुँह में गहरी चोट लगी है। घटना की जानकारी मिलने पर कैरो थाना के एसआई संजय सिंह अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर गाडी को अपने कब्जे में लेकर, थाना के वाहन से घायल को ईलाज के लिए कुडू स्वस्थ्य केंद्र ले गई।

### तमिलनाडु में काम करने जा रही चार बालिकाओं का किया गया रेस्क्यू





लोहरदगा। लोहरदगा रेलवे स्टेशन से आरपीएफ ने तमिलनाडु में काम करने के लिए जा रहे चार बालिकाओं का रेस्क्यू किया गया। चारों बालिकाओं को रविवार को बाल कल्याण समिति लोहरदगा में प्रस्तुत कर बालिकाओं को बालिका गृह होप छत्तर बगीचा में रखा गया। सोमवार को चारों बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन के द्वारा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया है। बाल कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा बालिकाओं का काउंसलिंग की गई। इस दौरान बालिकाओं ने अपने दास्तान सुनाई बच्चियां घाघरा प्रखंड के गुमला जिला के रहने वाली हैं। बाल कल्याण समिति के नियमानुसार बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ गुमला बाल कल्याण समिति को ट्रांसफर कर दिया गया। बच्चियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। इसमें बाल कल्याण समिति की सदस्य मनोरमा मिंज, सुशीला कुमारी, पूजा कुमारी, बबीता कश्यप, थाना प्रभारी, चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा, ग्राम स्वराज संस्थान के संयुक्त प्रयास से बाल व्यापार रोकने में सफलता प्राप्त हुई।

# समय से योजनाओं को पूरा करें : बीडीओ

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सोमवार प्रखंड के अकाशी पंचायत के विभिन्न गांवों में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत के कुम्हारिया के लाभुक मुस्तफा अंसारी व बांधना उरांव के कूप निर्माण कार्य का जायजा लिया। कार्यस्थल पर महिला मजदूरों द्वारा कूप निर्माण का कार्य किया जा रहा था। कार्यस्थल पर महिला मजदूरों की मौजूदगी देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार मुहैया कराना है। इनमें खासकर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ना है, ताकि उनकी बदहाली दूर हो सके। मनरेगा की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के महिला एवं पुरुष मजदूरों को रोजगार मिल रहा है जो काफी अच्छी बात है। उन्होंने लाभुक को बेहतर गुणवत्ता से समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को कार्य में गुणवत्ता लाने को कहा गया। साथ ही गांव में कई अबूवा आवास योजना का निरीक्षण करते हुए समय से आवास पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, रोजगार सेवक लालदेव भगत, लाभुक एवं मजदूर उपस्थित थे।

# संविदा पर कार्यरत अमीन के खिलाफ उपायुक्त को दिया आवेदन

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा आंचल कार्यालय में पूर्व में संविदा पर कार्यरत अमीन फिरोज आलम पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन देकर करवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिए अपने आवेदन में बताया कि फरवरी में ही फिरोज आलम अमीन का संविदा खत्म होने के बाद भी राजस्व उप निरीक्षक राजेन्द्र कच्छप के साथ दलाल के रूप में कार्य कर रहा है। जो कि आम जनता से दाखिल खारिज एवं ऑनलाईन के नाम पर मोटी रकम का वसूली करता है। जिससे प्रखंड के ग्रामीण जनता परेशान है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में परवेज मिरदहा, अजीत भगत, मुमताज अंसारी, संजीत कुमार, दिलशाद अंसारी अन्य लोग सामिल थे। इस संबंध में सीओ दुर्गा कुमार ने कहा है की राजस्व उप निरीक्षक राजेंद्र कच्छप के बीमार होने के कारण फिरोज राजेंद्र की मदद करता है। फिरोज द्वारा दाखिल खारिज के लिए राशि लेने का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर करवाई की जायेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला : विश्व साइकिल दिवस पर डीएवी के विद्यार्थियों ने निकाली साइकिल रैली

**साइकिलिंग से मेंटल हेल्थ बेहतर रहता है: प्रधानाचार्य**

खबर मंत्र संवाददाता





**गुमला।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों के द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली जिला विज्ञान केंद्र गुमला से प्रारंभ होकर सारू पहाड़ तक गई और वापस परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम के पास खत्म हुई। इस रैली में विद्यालय के इको क्लब के सदस्यों एवं एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस दौरान एएनओ समेत 20 विद्यार्थियों ने लगभग 200 किलोमीटर की समेकित यात्रा की। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहू ने कहा कि साइकिलिंग एक तरह की एक्सरसाइज है। इससे दिमाग हैप्पी हार्मोन्स रिलीज करता है और तनाव कम होता है। आप बेहतर महसूस करते हैं। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफि सर अभिजीत झा ने कहा कि फि टनेस को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण की रक्षा करने के लिए जनमानस में चेतना जगाने के लिए यह रैली आयोजित की गई थी। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस रैली में कैडेट आर्यन कुमार सिंह, कैडेट सौरांश कुमार, कैडेट सचिन कुमार गोप, कैडेट विपुल अग्रवाल, कैडेट रोहन गोप, कैडेट लाल कनक वर्धन नाथ सहदेव, कैडेट आदित्य उरांव, कैडेट आदित्य राज, कैडेट लक्ष्य सोढानी, कैडेट सृष्टि उरांव, कैडेट तनिषा कुमारी एक्का, कैडेट लक्ष्मी कुमारी, कैडेट नुपूर कुमारी, कैडेट सूरज कुमार सिंह, कैडेट काव्या कुमारी सिंह, कैडेट खुशी उरांव, कैडेट तनिष्का उरांव, इको क्लब की ताशा झा ने भाग लिया।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। स्थानीय गुदरी बाजार स्थित अग्रवाल साइकिल के द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली गुदरी बाजार से शुरू होकर महावीर चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, थाना रोड, शास्त्री चौक होते हुए पुनः गुदरी बाजार पहुची। अग्रवाल साइकिल के संचालक कमल अग्रवाल ने लोहरदगा वासियो को साइकिल चलाने के फायदे तथा पर्यावरण को होने वाले प्रदूषण से बचाव में साइकिल के सहायक होने की बात बताई। उन्होंने साईकिल के उपयोग से होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। कहा साइकिल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। साइकिल यातायात का सरल, सस्ता, स्वच्छ, एवं पर्यावरण के अनुकूल साधन है। स्वास्थ्य लाभ, तनाव में कमी पर्यावरण संरक्षण, खर्च में कटौती के लिए साइकल का उपयोग करें।

शिक्षक मनीष कुमार ने कहा कि साइकिल का उपयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित होगा। साइकिल चलाने से शारीरिक क्षमता का विकास होता है।

उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क व डेनमार्क सहित विश्व के तमाम बड़े व विकसित नगरों में लोगों के द्वारा साइकिल की बहुत ज्यादा उपयोगिता होती है। लेकिन हमारे यहां इसका चलन कम होता जा रहा है। अभी महंगाई को देखते हुए इसका उपयोग सेहत के लिये काफी फायदामंद है। वही उज्वल बंसल ने कहा कि साइकिल की सवारी लगती है बडी प्यारी, स्वास्थ्य को बढ़ाये, न फैले कोई प्रदूषण, न कोई बीमारी। आज से 20 साल पहले लोग 50 किमी का सफर इस से आसान तरीको से करते थे परंतु आज संसाधन बढ़ रहा है लोग इसे भूलते जा रहे है। मौके पर कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, उज्जवल बंसल, मनीष गुप्ता, निखिलेश कांस्यकार, बसंत महतो, राकेश सोनी, पिंटू महतो, टिंकू महतो, राजेश साहू, संदीप साहू, कलीम अंसारी, अनुपम, देवेंद्र, राजपाल, जागेश्वर, चरण कुमार समेत बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमी लोग मौजूद थे।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई-छह लोग गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


क्षतिग्रस्त कार।

**लातेहार।** पलामू-रांची एनएच-39 सड़क के पतकी जंगल में सोमवार को करीब दो बजे एक स्विफ्ट डिजाइर कार (जेएच01 डीबी-0825) अनियंत्रित होकर एक पेड़ में जाकर टकरा गई। जिसमे कार में सवार छः लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में लक्ष्मी शर्मा और उनके भाई सुशांत शर्मा, नमन कुमार, रितिका कुमारी, तेजस कुमार और चालक अभिमन्यु कुमार सिंह शामिल है। सभी पलामू जिले के जपला जेपी चौक के रहने वाले है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह परखच्चे उड़ गई। कार चालक अभिमन्यु कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी लोग जपला से लातेहार होते हुए बोकारो एक पूजा कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पतकी जंगल पार कर रहे थे। इसी दौरान कार के ब्रेक के पास पेप्सी के दो लीटर का बोतल फंस गया। जैसे ही एक मोड़ के पास कार का ब्रेक लगाने का प्रयास किया तो ब्रेक नहीं लगा। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जाकर टकरा गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गया। सड़क से गुजर रहे राहगिरो की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ भारद्वाज ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायल लक्ष्मी शर्मा और नमन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि लक्ष्मी शर्मा का बाया पैर और हाथ टूट गया है। जबकि उनके सिर पर गंभीर बहुत चोट आई। वहीं नमन का बाया हाथ टूट गया है। सिर पर काफी चोट आई है। बाकी चारों घायल युवक खतरे से बाहर है। इधर, घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

## नगर पंचायत का आधा अधूरा काम लोगों को बन रहा परेशनी का सबब


गिरी हुई पेड़ का टहनी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के गुरुद्वारा रोड मे शनिवार को देर दोपहर आई तेज आंधी, पानी के कारण बरगद का एक विशाल पेड़ गिर गया था। हालांकि पेड़ गिरने के बाद नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा पेड़ के टहनियों की छटाई कराई गई थी, लेकिन समुचित तरीके से पेड़ की टहनियों को नहीं हटाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगामी छह जून को इसी वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा की जायेगी। सैकड़ो की संख्या में सुहागन महिलाएं यहां पूजा पाठ करती है। अगर गिरे हुए पेड़ को नहीं हटाया गया तो वट सावित्री पूजा के दौरान महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मोहल्ले वासियों ने गिरे हुए बरगद के पेड़ को जल्द से जल्द हटाने की मांग नगर पंचायत के प्रशासक से की है।

## एक नजर में

### लोहरसी में बिजली का 4-5 खम्भा गिरा, दर्जनों घरों में 3 दिनों से बिजली गुल


गिरा हुआ खम्भा।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत के लोहरसी बाजार टांड के समीप लगे ट्रांसफॉमर के पास बिजली का 4-5 खम्भा बीते शनिवार को हल्की बारिश व तूफान में गिर गया। जिसके बाद ही लोहरसी बाजार टांड समेत आसपास के दर्जनों घर अंधेरे में डूब गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पोल गिरने के बाद इसकी सूचना देने के लिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों के सम्पर्क किया था, लेकिन अबतक समाधान नही निकल पाया है। पोल गिरने के 3 दिन बीत जाने के बाद भी अबतक गिरे हुए पोल को दुरुस्त नही किया गया है, जिस कारण भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को बिन बिजली के ही रहना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई, जरूरी कार्य, विद्युत संचालित व्यवसाय व उपकरण सब ठप पड़ गया है। ग्रामीणों को मोबाइल भी चार्ज करने के लिए भी दूसरे टोलों में जाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इधर खबर लिखे जाने तक बिजली विभाग की ओर से बिजली व्यवस्था को ठीक करने के लिए प्रयास किया गया था। विभाग के लोगो ने बताया कि सोमवार की देर शाम बिजली सेवा को बहाल कर दिया जाएगा।

### फादर सुमन निरंजन मिंज ने अपना पद प्रभार फादर क्रिस्टोफर डुंगडुंग को दिया


प्रभार देते सुमन निरंजन मिंज।

**लातेहार।** संत जेवियर अकादमी लातेहार के मैनेजर फादर सुमन निरंजन मिंज का तबादला डाल्टनगंज होने के बाद सोमवार को उन्होंने अपना पद प्रभार फादर क्रिस्टोफर डुंगडुंग को दिया। फादर सुमन के तबादला के बाद प्राचार्य ने माला पहनकर उन्हें विदाई दी गई। विद्यालय के प्राचार्य फादर हबील कुजूर ने कहा कि फादर सुमन ने अपने गुण को प्रदर्शित करते हुए विद्यालय को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके कार्य को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फादर सुमन निरंजन मिंज 06 मई 2023 को संत जेवियर अकादमी लातेहर का पदभार संभाला था। पदभार संभालते ही उन्होंने प्रधानाध्यापक और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विद्यालय में बेहतर कार्य किया। उन्होंने आगे बताया कि उन्हीं के कार्यकाल में विद्यालय को आईसीएसई बोर्ड में मान्यता मिली। जो गर्व की बात है।

### मारपीट करने व जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में एसटी-एससी थाना मे दर्ज कराया मामला

**लातेहार।** शीशल प्रक्षेत्र, लातेहार मे कार्यरत वनरक्षी प्रकाश सांगा (रांची) ने थाना क्षेत्र के कढ़िमा ग्राम निवासी संतोष यादव पर उसके साथ मारपीट करने व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने के आरोप में एसटी-एससी थाना मे मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार अनुसार वनरक्षी श्री सांगा शनिवार को शीशल प्रक्षेत्र के उदयपुरा गांव मे विभाग से संचालित योजना देखने गये थे। इस दौरान कढ़िमा निवासी संतोष यादव मौके पर पहुंच कर योजना मे काम करने के एवज मे मजदूरी की मांग की। इसके बाद संतोष यादव ने वनरक्षी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे वनरक्षी को सदर अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हे छुट्टी दे दी गयी। इस संबंध मे एसटी-एससी थाना कांड संख्या 04-24 भादवि की धारा 341, 324, 307, 353, 504 व एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के छापामारी शुरू कर दी है।

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न


बैठक करते समिति के लोग।

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक संरक्षक अभिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मासिक दानपात्र खोला गया। कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह ने बताया कि मासिक दानपात्र में कुल 28 हजार रुपए प्राप्त हुए। बैठक में मंदिर के देनदारियों का निष्पादन किया गया। बैठक में इसके अलावा मंदिर के उपरी तल्ले के सभी सात कमरों में कराये जा रहे सुंदरीकरण की चर्चा की गयी। बताया गया कि प्रत्येक कमरे के सुंदरीकरण में तकरीबन 30 से 35 हजार रुपए खर्च होगें। इससे कमरों की रंग रोंगन करायी जायेगी। प्रत्येक कमरे पलंग एवं अन्य फर्नीचर उपलब्ध कराये जायेगें। इसके अलावा अन्य कार्य कराये जायेगें। बैठक में कहा गया कि अगर कोई दानदाता किसी कमरे के खर्च का वहन करेगें तो उनका नाम कमरा एवं मंदिर के बोर्ड में अंकित कराया जायेगा। समिति ने नगर वासियों से इस कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सामुहिक कार्य से ही कोई कार्य संपन्न हो पाता है। बैठक में मंदिर समिति के संरक्षक विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अशोक कुमार दास, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, सतीष कुमार, आकाश कुमार, धनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार व परितोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी : कृष्ण कुमार



**बेरमो/फुसरो।** समाजसेवी चंदन तिवारी के नेतृत्व में पुराना बीडीओ ऑफिस में दो दिन पूर्व शनिवार को आये आंधी-तुफान की तबाही से उखड़े गये वृक्ष के स्थान पर पीपल के पौधा का पौधरोपण किया। मुख्य रूप से मौजूद भाजपा नेता कृष्ण कुमार व समाजसेवी चंदन तिवारी ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और प्रकृति की सुरक्षा के महत्व पर जोर देना है। पौधरोपण अभियान में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने पर्यावरण के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। पौधा लगाने के व्यापक अभियान ने पर्यावरण संरक्षण प्रति प्रतिभागियों के समर्पण को रेखांकित किया है। लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि क्षेत्र के कई स्थानो में आंधी तुफान से अनेको पेड गिरे है, इसकी भरपाई लोगो को पौद्यरोपण कर करनी होगी। पौधारोपण करने में महेंद्र चौधरी, मो हय्या, मो शहाबुद्दीन, उदय गुप्ता आदि लोगों का योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### चोरी के डेढ़ क्विंटल लोहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभिजीत पावर प्लांट से लोहा चोरी कर अवैध लोहा का कारोबार करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट का लोहा चोरी कर एक युवक द्वारा बालूमाथ की ओर लाया जा रहा है। सूचना के बाद टीम का गठन कर बालूमाथ थाना क्षेत्र के चितरपुर मोड़ के पास से एक सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल डब्लू 58 बीएस 2124 में लदा डेढ़ क्विंटल लोहा के साथ अखिबुल शेख उर्फ सुसलिम शेख 32 वर्ष पिता इस्लाम ग्राम अलीनगर थाना नौदा मुर्शिदाबाद (प०बंगाल) निवासी को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद गिरफ्तार अखिबुल शेख को बालूमाथ थाना कांड संख्या 61/24 धारा 379, 414 भा०द०वी० के तहत मामला दर्ज करते हुए मंडल कारा लातेहार भेजा गया।

### डूरु गांव में नहाने के दौरान पानी में डूबकर बालक बेहोश

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत डुरू गांव सोमवार को नदी में अपने मामा के साथ नहाने के क्रम में टूटू कुमार नामक बच्चा गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बच्चे के मामा गोवर्धन गंझू ने बच्चे को पानी से निकला तब तक वह बेहोश हो चुका था। आननफानन में परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया, जहां चिकित्सकों ने बच्चे का प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि बच्चा अभी स्वस्थ्य है।

### वैष्णव दुर्गा मंदिर में स्थायी शीतल जल प्याउ का हुआ उद्घाटन


उद्घाटन करते लोग।

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में शीतल जल स्थायी प्याउ (अमृत धारा) का उद्घाटन मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहु व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला) समेंत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि उक्त स्थायी प्याउ झालदा निवासी स्व विश्वनाथ लोहारीवाला एवं सरवती देवी लोहारीवाला के पुण्य स्मृति में उनकी पुत्री राजेश्वरी देवी महलका (लातेहार) के द्वारा मंदिर समिति को प्रदान किया गया है। मौक पर वैदिक मंत्रोच्चारण पुजारी त्रिभुवन पांडेय व रामेश्वर पांडेय ने किया। मंदिर समिति ने इस पुनित कार्य के लिए लोहारीवाला एवं महलका परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होने कहा कि किसी को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, अशोक दास, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह राजीव कुमार साहू (घंटी), ओमप्रकाश प्रसाद, पिंटू कुमार, सतीष कुमार, आकाश कुमार जायसवाल, निधि कुमारी, समृद्धि कुमारी, मुकेश कुमार, परितोष ठाकुर समेंत कई लोग मौजूद थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मंदिर के उपरी तल्ले में बने कमरों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। उन्होने इस कार्य में सहयोग करने की अपील लोगों से की। कहा कि कमरों के सुंदरीकरण का खर्च वहन करने पर दानदाता का नाम मंदिर में अंकित किया जायेगा।

# अमरवाडीह आदिवासी टोला में पेयजल का किल्लत, जलमिनार बना पर पानी नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता


जानकारी देते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह के आदिवासी टोला में पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण राजेश उरांव, गोपाल उरांव, नेपाल उरांव, विकास, बुद्धू उरांव, छटू उरांव, सीटू उरांव, फुटुक गंझु, बिनोद गंझु, नागेश्वर गंझु, महाराणा गंझु, सुरेश गंझु, नरेश उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की हमलोग सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह आदिवासी टोला में निवास करते हैं। जहाँ सरकार द्वारा लाखो खर्च कर पेयजल सुविधा के लिए घर-घर जलनल योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जलमिनार का लाभ दिया है। अमरवाडीह के आदिवासी टोला में पिछले एक वर्ष पूर्व सोलर जलमिनार के लिए स्ट्रक्चर तैयार कर कई घरों में नल कनेक्शन कर दिया गया है लेकिन अभी तक किसी के घर में एक बून्द भी पानी नसीब नहीं हुआ है। स्ट्रक्चर तैयार करने के बाद पंद्रह घरों में एक वर्ष पूर्व ही पाईप लाइन लगाकर घर में नल कनेक्शन दे दिया गया है। लेकिन टंकी और सोलर जलमिनार नहीं लगाया गया है। टंकी और सोलर जलमिनार लगाए वगैरे संवेदक गायब हो गया। प्रचंड गरमी से व्याकुल ग्रामीण काफी दूर जाकर पानी की जुगाड़ कर प्यास बुझाने को बिवश हैं। यहां जल नल योजना हाथी का दाँत साबित हो रहा है। जलमिनार के लिए स्ट्रक्चर तो तैयार कर दिया गया है लेकिन टंकी और सोलर जलमिनार लगा ही नहीं जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। पेयजल के लिए टोला वासी दूर दूर से पानी की जुगत तो कर लेते हैं लेकिन दैनिक कार्य के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इधर गोलीटांड सीधा टोंगरी निवासी राधेश्याम पाण्डेय ने बताया की यहां भी पेयजल के लिए काफी कठिनाई होती है। दूर जाकर पेयजल की व्यवस्था करना पड़ता है। ज्ञात हो की बारियातू प्रखंड क्षेत्र में अधिकतम अनुपात मे सोलर जलमिनार खराब पड़ा हुआ है। कई नदी तालाब व कुआँ में जल स्तर निचे चला गया है। सोलर जलमिनार हाथी का दाँत साबित हो रहा है। मरम्मती के आभाव में विभागीय लापरवाही के कारण दर्जनों सोलर जलमिनार खराब पड़ा हुआ है। ग्रामीणों व समाज सेवी महेंद्र उरांव ने उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से अविलम्ब पेयजल सुविधा बहाल कराने की गुहार लगाई है।

## हाथी का दांत साबित हो रहा है बालूमाथ में लगा हाईमास्ट लाइट

खबर मन्त्र संवाददाता


खराब हाइमास्ट लाईट।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना चौक में 10 वर्ष पूर्व जिला प्रशासन द्वारा लगाया गया हाइमास्ट लाइट हाथी का दांत बनकर रह गया है। लाखों रुपए की लागत से लगाए गए इस हाईमास्ट लाइट के लगने के बाद एक वर्ष तक ठीक-ठाक चला लेकिन उसके बाद रखरखाव के अभाव में यह बेकार हो गया। बालूमाथ के ग्रामीणों ने कई बार बालूमाथ प्रशासन से इसे बनाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। वहीं ग्रामीण स्थानीय विधायक, सांसद एवं पंचायत जनप्रतिनिधि से भी बनवाने की मांग पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। लेकिन किसी के द्वारा इस पर सुद्धि नहीं ली गई है। जबकि यह हाईमास्ट लाइट नही जलने के कारण बालूमाथ थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बीच चौराहा पर होने के कारण रात के अंधेरे में रोशनी के जगह अंधेरा छाया रहता है। कई बार अगल-बगल के दुकानों में भी चोरी की घटना भी हो चुकी है। आसपास से ग्रामीण एवं दुकानदार कहते हैं कि अगर यह लाइट बना दिया जाता है तो दुकानों में चोरी समेत कई छोटे-मोटे अपराधीक घटनाओं पर अंकुश लग जाता। बालूमाथ के दुकानदारों ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह से बेकार पड़े हाइमास्ट लाइट को बनवाने की

## तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन

## उदयवीर सिंह यादव की प्रेरणा से आचार्य कुलम के बच्चों ने योग का किया प्रचार प्रसार


योग अभ्यास कराते जिला प्रभारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित आर्मी से रिटायर्ड उदयवीर सिंह यादव ने अपनी जीवन दान आचार्य कुलम हरिद्वार को दे दिया है। मालूम हो श्री यादव कारगिल युद्ध में घायल हो गए थे वीरता के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया था। अवकाश प्राप्ति के उपरांत वे अपनी जीवनदान पतंजलि योगपीठ को प्रदान किया है। आचार्य कुलम से अपने ननिहाल आए बच्चों यति यशवी एवं यथार्थ शाह ने पिछले तीन दिनों से शहरवासियों को योगाभ्यास का अभ्यास कराया। पतंजलि जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता ने इन बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए योग के गूर इन्हें बताएं। शिविर में मुख्य रूप से बच्चों के पिता अवनीश शाह माता पम्मी गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। मालूम हो आचार्य कुलम के दोनों छात्र स्थानीय व्यवसायो एवं होटल कार्निवल व राज के प्रोपराइटर राजू रंजन प्रसाद की नाती एवं नतनी है। जो गर्मी की छुट्टियों में अपने ननिहाल आए थे और यहां के लोगों को योग के संबंध में जानकारी दिया और योग कराया। समापन समारोह में वरीय अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता, पत्रकार बद्री प्रसाद एवं रंगकर्मी आशीष टैगोर, पतंजलि की कमला देवी, राजू रंजन प्रसाद, मीना देवी, रेखा देवी, डॉ. मनोरंजन, वेदांश रंजन आदि ने सहयोग किया।

## मनिका प्रखंड में दिवंगत पत्रकार कौशल किशोर पांडे की मनाई गई पहली पुण्यतिथि

# स्वर्गीय कौशल किशोर पांडे ने पत्रकारिता से क्षेत्र में बनाया था एक अलग पहचान : प्रतिमा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता


पत्रकार स्वर्गीय कौशल किशोर पांडे का पुण्यतिथि मानते लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप स्थित सामुदायिक भवन में दिन सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार स्व.कौशल किशोर पांडे का पहला पुण्यतिथि मनाया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय पांडे के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन धारण किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा की स्व.कौशल किशोर पांडे ने मनिका प्रखंड क्षेत्र में पत्रकारिता से अपना एक अलग पहचान बनाया था। वहीं सुरेंद्र पासवान ने कहा की कौशल किशोर पांडे पत्रकार के साथ-साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। जो समाज के लिए हर समय आवाज बन कर खड़ा रहते थे। आज स्वर्गीय कौशल किशोर पांडे हमारे बीच नहीं है लेकिन क्षेत्र वासियों के दिलों में वह हमेशा जिंदा रहेंगे उनका अनुभव व व्यक्तित्व लोग हमेशा याद करेंगे। ज्ञात हो कि स्वर्गीय पांडे पिछले 3 जून 2023 को अपने पैतृक आवास बिहार से मनिका आ रहे थे इसी क्रम में हेरहंज थाना के नवादा में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई थी। वहीं पुण्यतिथि कार्यक्रम के मौके पर बबन पासवान, दीपू कुमार, नीतीश भारती, सचिन कुमार, अभय कुमार, पूर्वांचल सूर्य के नागेंद्र यादव, दीपू कुमार राय, भाजपा नेता मनदीप कुमार, अमरदीप कुमार, दिनेश प्रसाद, पवन राय, अंकित कुमार गोलू, आनंद कुमार राय, मिथुन कुमार, रौशन कुमार, अविनाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त, प्राथमिकी दर्ज



जप्त ट्रैक्टर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** गुप्त सूचना के आधार पर अंचल अधिकारी शंभू राम एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से छापेमारी थाना क्षेत्र के कोयल नदी से बालू उठाव कर परिवहन करने के दौरान ट्रैक्टर को जप्त कर थाना में ले गई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ट्रैक्टर को ग्राम चंदना से चंदना स्कूल के बीच परिवहन के दौरान अवैध बालू लदे बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के महिन्द्रा ट्रैक्टर को पकड़ा गया। वहीं पुलिस बल को देख ट्रैक्टर चला के अपने गाड़ी छोड़कर भाग निकला। ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। इसके बाद अंचल अधिकारी शंभू राम के द्वारा अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज के लिए पत्र दिया गया। थाना प्रभारी के द्वारा उक्त ट्रैक्टर मालिक सह चालक बकोइया गांव निवास ए रामनाथ पाठक के पुत्र अमरेंद्र कुमार पाठक एवं वाहन के विरुद्ध अवैध खनन एवं परिवहन से संबंधित सुसंगत धाराओं के अंतर्गत थाना कांड संख्या 46/24 के अंतर्गत प्राथमिक की दर्ज की गई है।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

# कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना आज

## ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट गणना को लेकर द्वितीय रेंडमाइजेशन कार्य पूर्ण

**कटिहार।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के निमित ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट गणना हेतु माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक के प्रतिनियुक्ति को लेकर मतगणना प्रेक्षक के अध्यक्षता में एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य किया गया। इस अवसर पर कटिहार लोकसभा क्षेत्र के छः विधानसभा हेतु मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक सहित 10 प्रतिशत अतिरिक्त कर्मियों का रेंडमाइजेशन विधानसभावार किया गया। वहीं मतगणना कर्मियों का तृतीय रेंडमाइजेशन मतगणना परिसर में मतगणना के दिन प्रातः पांच बजे किया जाएगा। उक्त आयोजित रेंडमाइजेशन के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी एवं सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी उपस्थित थे।

**एजेंसी**

**किशनगंज।** पुलिस लाइन स्थित बाजार समिति परिसर में मंगलवार को होने वाले मतगणना को लेकर मतगणना स्थल के साथ साथ जिले के चिन्हित स्थानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। चुनाव परिणाम घोषित होने के पूर्व या बाद में किसी व्यक्ति द्वारा शांति भंग किये जाने पर उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी। एसपी सागर कुमार ने कहा कि एहतियातन मतगणना केंद्र के बाहर 200 मीटर की दूरी पर धारा 144 लगाया गया है। सुरक्षा को लेकर डीएम तुषार सिंगला व एसपी सागर कुमार ने मतगणना केंद्र में व्यवस्था का जायजा लिया। बल की प्रतिनियुक्ति को लेकर एसपी ने कनीय पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। केंद्र के बाहर 200 मीटर की दूरी पर किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा। केंद्र के बाहर भीड़ नहीं जुटाया जाना है। केंद्र परिसर सीसीटीवी कैमरा से लैश है। गौर करे कि मतगणना केंद्र परिसर व केंद्र के पास प्रवेश के लिए कुल सात बैरिकेटिंग बनवाये गए हैं। जिसमे एक-एक बैरिकेटिंग पश्चिमपाली व ठाकुरगंज मार्ग की ओर बनवाये गए हैं। चार बैरिकेटिंग केंद्र परिसर में बनवाये गया हैं। सभी बैरिकेटिंग में जांच के बाद ही किसी को भी अंदर प्रवेश करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के अंदर जिला प्रशासन के द्वारा जारी प्रवेश पत्र के बिना किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा। 200 मीटर की दूरी पर गाड़ियों का भी पड़ाव वर्जित रहेगा। वही सोमवार की दोपहर तक विजयी जुलूस को लेकर आवेदन नहीं दिया गया था। क्षेत्र में क्यूआरटी का गठन किया गया है। इसके अलावा सभी थानाध्यक्ष और अंचल निरीक्षक अपने अपने क्षेत्रों में बल के साथ मौजूद रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति में सीधे कार्रवाई करेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना केंद्र की निगरानी ड्रोन कैमरे से होगी। ड्रोन सुबह से मतगणना के अंतिम समय तक निगरानी रखी जाएगी।असामाजिक तत्वों पड़ कड़ी निगरानी रहेगी। साथ ही एक टीम सोशल मीडिया की हर गतिविधि पर नजर रखेगी। क्यूआरटी भी अलर्ट मोड पर रहेगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में मौजूद रह कर हर गतिविधियों पर निगरानी रखेंगे। वे लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। इसकी रिपोर्ट भी बीच बीच मे वरीय पुलिस अधिकारी को देंगे।



## प्रदेश में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती

**पटना।** देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। मंगलवार को मतगणना होगी। राज्यभर में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जायेगी। सभी केंद्रों पर तीन परत में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। तीनों परत में अलग-अलग स्तर के सुरक्षा बल तैनात हैं। पहली पंक्ति में ज्यादातर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान रहेंगे। दूसरी परत में बीसैप या जिला बल के जवान और तीसरी परत में स्थानीय और जिला बल के जवान तैनात रहेंगे। जिला बल के जवान बाहरी परिसर में, बीसैप के जवान मतगणना केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बलों के जवान मतगणना स्थल पर सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इन्हीं के जिम्मे ईवीएम की सुरक्षा भी है। संवेदनशील और अधिक महत्व वाले केंद्रों पर शुरू की दो परतों में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों को पर्याप्त संख्या में बल तैनात कर दिए गए हैं। चुनाव कराने के लिए बाहर से बुलाई गई केंद्रीय सुरक्षा बलों की 153 कंपनियों को भी संबंधित जिलों में ही रोक दिया गया है।

# मतगणना को लेकर सारी तैयारी पूरी

## जिलाधिकारी ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण

**एजेंसी**

**भागलपुर।** भागलपुर लोकसभा चुनाव को लेकर मतगणना मंगलवार सुबह 8:00 बजे से बरारी स्थित पॉलिटेकनिक कॉलेज में शुरू होगा। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी भागलपुर के द्वारा इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय हो कि भागलपुर लोकसभा सीट पर इस बार एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार मंडल और इंडिया तो गंठबंधन के प्रत्याशी अजीत शर्मा के बीच सीधा मुकाबला है।

परिणाम को लेकर हर कोई उत्सुक नजर आ रहा है। लोकसभा क्षेत्र 26 में कुल 6 विधानसभा है। अलग-अलग राउंड में गिनती होगी। उल्लेखनीय है कि मतगणना कक्ष में गणना के लिए 14-14 टेबुल लगाया गया है। सभी टेबुल पर 3-3 मतगणना कर्मी लगाए गए हैं। पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना के लिए एवं इटीपीबीएस की गणना के लिए 10 टेबुल लगाए गए हैं। इधर मतगणना प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटि रहित संपन्न करने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना केंद्र का निर्माण, बेरिकेडिंग, मतगणना कक्ष की तैयारी, मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान निर्वाध विद्युत की आपूर्ति एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र संस्थापन को लेकर पहले ही समीक्षा कर ली गई है। मतगणना केंद्र में सीसीटीवी, वीडियोग्राफी, मीडिया केंद्र, नियंत्रण कक्ष का भी संस्थापन कि गई है। मतगणना स्थल पर प्रातः 5:30 बजे से कर्मियों को रिपोटिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को मतगणना केंद्र में प्रवेश प्रतिबंधित है। साथ ही मतगणना कक्ष में कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर प्रवेश करना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## चुनाव आयोग के तमाम प्रयास के बाद भी बिहार में नहीं बढ़ा मतदान का प्रतिशत

**पटना।** बिहार समेत देश भर में लोकसभा 2024 के लिए मतदान की प्रक्रिया खत्म हो गई है और अब आज से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार देर शाम तक जनता का निर्णय सबके सामने होगा। इस बीच बिहार के 40 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत को लेकर जो आग्रह जारी किए गए हैं । वह चुनाव आयोग के लिए चिंता की सबब बन सकती है। इस बार भी बिहार में आयोग के तरफ से तमाम प्रयासों के बावजूद लोकसभा चुनाव में मतदान का औसत नहीं बढ़ा। सात चरणों में कराये गए लोकसभा चुनाव में सिर्फ नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान का औसत 60 फीसदी से ज्यादा रहा। चार सीटों पर तो 50 फीसदी से भी कम मत पड़े। इस बार राज्य में सबसे कम मतदान नवादा संसदीय क्षेत्र में सिर्फ 43.17 फीसदी तो सबसे ज्यादा कटिहार में 63.76 फीसदी रहा।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी से किया आग्रह

**एजेंसी**

**कटिहार।** जिले में प्रचंड गर्मी एवं अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों की परेशानियां बढ़ गयी है। खासकर बारसोई अनुमंडल क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों के हाथ पंखे वाले दिन की याद दिला रही है, क्योंकि कटिहार जिला अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बारसोई के बलिया बेलौन एवं सालमारी में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है। भवन निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है, जिस कारण इस प्रमंडल में बेहतर विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक संजीव हंस से आग्रह है कि बलिया बेलौन एवं सालमारी में निर्माणाधीन पावर - सब-स्टेशन का निर्माण कार्य की गति तेज करें।

## ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

**मेराल।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के ससुर लखिया गांव निवासी राम केवल राम के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पलामू लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, सहित कई नेताओं के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने दिवंगत राम केवल राम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## मोतिहारी पुलिस ने चटिया दियर से हिरण किया बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मलाही थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधारपर छापेमारी करते हुए गंडक नदी से सटे चटिया दियर में ग्रामीणों द्वारा छुपाकर कर रखे एक हिरण को बरामद किया है। मलाही थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में उक्त कारवाई की गई।बरामद हिरण को वन विभाग को सौंप दिया गया।छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी रंजन कुमार, मलाही थानाध्यक्ष विनीत कुमार, पीएसआई, प्रीति कुमारी, अखिलेश पासवान व चौकीदार दिनेश कुमार शामिल थे।

# सेवानिवृत दारोगा का ग्रामीणों ने किया स्वागत



सेवानिवृत दरोगा का स्वागत करते ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता के दक्षिण टोला निवासी स्व. सुखराम के पुत्र सह सेवानिवृत पुलिस और निरीक्षक द्वारिका राम को गांव में पहुंचते ही गांव के ग्रामीणों ने पुरजोर स्वागत किया। पिंटू राम, बबलू कुमार, सुदेश्वर राम, राहुल कुमार, रंजीत प्रसाद, अजय कुमार राम, राहुल विश्वकर्मा, उमाशंकर राम, सुभाष कुमार, पप्पू कुमार, विजय राम एवं युगल राम के द्वारा मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर उतरते ही फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। उसके बाद खरसोता में पहुंचते ही पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम के नेतृत्व में लोगों ने स्वागत किया और उसके बाद द्वारिका राम गांव में देवी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, बजरंगबली मंदिर, रविदास मंदिर एवं डॉ भीमराव के प्रतिमा पर माता टेक आशीर्वाद प्राप्त किए। हरिद्वार का राम ने बताया कि 15 सितंबर 2004 में सिमडेगा जिला में सिपाही पद पर बहाल हुए थे। उसके बाद राज्य में कई जिला में पद स्थापित रहे और अपने कार्यों को बखूबी निर्वाहन किया। उसके बाद झारखंड सरकार के द्वारा 2023 में प्रमोशन करते हुए पुलिस अवर निरीक्षक बनाया गया। जो धनबाद जिला के धनसार थाना से 31 मई 2024 में सेवानिवृत्ति किया गया। गांव में पहुंचकर बहुत ही अच्छा लग रहा है और मैं ग्राम पंचायत में सेवा भाव से लोगों को भला करने का काम करूंगा। इधर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम ने कहा कि द्वारिका राम बहुत ही कुशल व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं और इन्हें सब कोई सम्मान करते हैं।

## मासिक सत्संग का आयोजन

**कांडी।** प्रखंड के बीपीएम पब्लिक स्कूल ढबरिया के प्रांगण में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान प्रखण्ड इकाई कांडी के तत्वावधान में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला प्रचारक रामरेश यादव व गढ़वा जिला उपदेष्टा सह अक्षयकोश संग्रह प्रभारी सुरेन्द्र विश्वकर्मा थे। सभी ने सद्गुरु के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विहंगम योग की चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सद्गुरु के पास निर्भ्रांत ज्ञान की धारा होती है, जिससे जीवों का कल्याण होता है। सद्गुरु देव ईश्वर और जीवों को मिलाने का कार्य करते हैं। जिला उपदेष्टा सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि हमारे द्वारा किया गया शुभ-अशुभ कर्म का फल सबको भोगना पड़ता है। सद्गुरु के शिष्य ज्ञान के आधार पर साहस धैर्य के साथ प्रारब्ध भोगता है जबकि एक सांसारिक व्यक्ति रोकर भोगता है। कार्यक्रम की समाप्ति वंदना, आरती व शांतिपाठ के साथ सम्पन्न हुआ। साथ ही महाप्रसाद का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड प्रभारी संदीप कुमार ने किया। मौके पर रामबरत विश्वकर्मा, जय प्रकाश मेहता, प्रवीण कुमार, राम किशोर प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, अवधेश मेहता, रेणु देवी, मंजू देवी, आशा देवी, अनुराधा देवी सहित कई गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

# चार धाम की यात्रा के लिए 25 तीर्थ यात्रियों के जत्था रवाना




जत्था को रवाना करते प्रभात कुमार दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय से 25 तीर्थ यात्री सोमवार को केदारनाथ व बद्रीनाथ सहित दो दर्जन धाम के लिए रवाना हुए। सभी तीर्थ यात्रियों को भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रभात कुमार दुबे उर्फ़ बडू दुबे ने शॉल ओढ़कर, मिठाई खिलाते हुए पानी पिलाकर रवाना किया। प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में तीर्थ यात्रियों का दल कांडी से रवाना होकर वाराणसी होते हुए अयोध्या, नैमिशारण्य, हरिद्वार, ऋषिकेश, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, मथुरा, गोकुल, नंदगांव, वृन्दावन, वरसाने, चित्रकूट, प्रयागराज व विंध्याचल स्थित देवी का दर्शन करते हुए पुनः कांडी वापसी होगा। इस यात्रा में यात्रियों को बस में हीं बावर्ची द्वारा बनाया हुआ दिन के दो वक्त का भोजन दिया जाएगा। प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि 20 दिनों की उक्त दुर्लभ यात्रा में भोला पाण्डेय, अगस्त तिवारी, उपेंद्र नारायण द्विवेदी, विजय कुमार तिवारी, परमानन्द तिवारी, शरादानंद उपायाय, नागेंद्र भूषण तिवारी, उमेश उपायाय, दिनेश उपायाय, रामनरेश राम सहित दो दर्जन तीर्थ यात्री शामिल हैं।

### खबर एक नजर में

## चर्चित फिल्म निमार्ता निशांत उज्ज्वल को मिला दादा साहब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड

**पूर्वी चंपारण।** भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध निमार्ता और वितरक निशांत उज्ज्वल को उनकी चर्चित भोजपुरी फिल्म माई 'द प्राइड ऑफ भोजपुरी' के लिए सर्वश्रेष्ठ भोजपुरी फिल्म निमार्ता का दादा साहब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड उनको मुंबई के जुहू स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कश्मीर फाइल व मैरी कॉम फेम दर्शन कुमार और इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा द्वारा दिया गया। अवार्ड मिलने से अभिभूत निशांत उज्जवल ने कहा कि इस अवार्ड ने मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है,कि अवार्ड समारोह में निशांत उज्जवल की फिल्म माई 'द प्राइड ऑफ भोजपुरी' के लिए मशहूर निर्देशक रजनीश मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवार्ड मिला। वहीं बेवफा सनम के लिए स्मृति सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और पवन सिंह को इसी फिल्म के लिए बेस्ट ऐक्टर का अवार्ड मिला। इसके अलावा, हिंदी में गदर 2 के लिए अनिल शर्मा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान मिला।

## पत्नी से विवाद के बाद फांसी के फंदे से झूला पति, हुई मौत

**नवादा।** पत्नी से विवाद के बाद पति फांसी के फंदे से झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना इलाके के बिहटा गांव में सोमवार को घटित हुई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। सदर अस्पताल नवादा में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान का पत्नी से कुछ विवाद हुआ था। विवाद की वजह रहा कि रात्रि में लक्ष्मण ने पत्नी से शरीर में लगाने के लिए तेल मांगा। जिसपर दोनों के बीच बहस हो गई। मृतक के भाई छोटे लाल चौहान ने बताया कि इसी बात के बाद उनके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई के अनुसार पति-पत्नी के बीच छोटे मोटे मसले पर विवाद होना आम बात है। लेकिन, फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का अंदेशा किसी को नहीं था। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद घर-परिवार में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

## सांप के डंसने से मजदूर की मौत



विलाप करते परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सलगा गांव निवासी स्व. कान्हा यादव के लगभग 52 वर्षीय पुत्र दिहाड़ी मजदूर श्यामनाथ यादव की मजदूरी करने के दौरान जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। इधर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक श्री बंशीधर नगर के हलीवंता गांव में एमजीसीपीएल कंपनी में मजदूरी करने गया था। मजदूरी करने के दौरान रविवार की रात्रि में जहरीले सांप ने डंस दिया। इसके पश्चात सहकर्मी मजदूर एवं ग्रामीणों के सहयोग से श्री बंशीधर नगर अस्पताल में इलाज करवाया गया। इलाज के दौरान ही सोमवार के सुबह मजदूर श्यामनाथ यादव की मौत हो गई। उसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# समाजसेवी ने कार्यपालक पदाधिकारी से की जमा गंदा पानी को निकासी करवाने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को लिखित आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 स्थित खजूरी गांव के ठाकुर टोला में पूर्व से पीसीसी पथ पर लगभग 1 फीट जमा गंदा पानी को निकासी करवाने की मांग की है। दिए गए आवेदन ने कहा गया है कि गांव की बड़ी आबादी को इसी रास्ते गंदा पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिसके कारण आम अवाम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गंदा पानी जमा होने कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिसके कारण यहां के बड़ी आबादी के लोगों को किसी बड़ी बीमारी होने की आशंका सताए हुए हैं। साथ ही कहा है कि सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण होने से इस



पथ पर जमा पानी

समस्या का समाधान किया जा सकता है। कहा कि इस संबंध में इसके पूर्व भी पदाधिकारी को लिखित आवेदन दी गई थी। उसके बावजूद भी अभी तक इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया। इसकी प्रतिलिपि उपायुक्त को भी दी गई है। आवेदन देने वालों में मारुति नंदन सोनी के अलावे जवाहर राम, राजेंद्र ठाकुर, दिलीप सिंह, देवनाथ साव, पप्पू कुमार राम, शिवकुमार मेहता, नंद किशोर विश्वकर्मा, छोटेलाल ठाकुर, रूबी देवी, मीना देवी, रीता देवी, शीला देवी, गुंजन कुमारी आदि ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## पटना में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से अपराधियों ने लूटे 14 लाख रुपये

**पटना।** राजधानी पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अतंर्गत गोखुलपुर गांव स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार को दिनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया और लाखों रुपये लूट लिये। बैंक में घुसे बदमाशों ने पहले हथियार के बल पर कर्मियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद तिजोरी से लगभग 14 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। बिहटा थाना प्रभारी ने बताया कि लूट की घटना हुई है। अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। राशि का आकलन किया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस बिहटा मार्ग के सभी रास्तों को सील कर छापेमारी कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## पेज एक का शेष

### 64.2 करोड़ लोगों ...

इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। हमने 2019 में 540 के मुकाबले 2024 के लोकसभा चुनाव में 39 पुनर्मतदान देखे। इसमें भी 39 में से 25 पुनर्मतदान तो सिर्फ दो राज्यों में हुए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह उन आम चुनावों में से एक है, जिसमें हमने हिंसा नहीं देखी। यह हमारी दो साल की तैयारी का परिणाम है।

**समान वोट आये तो लाटरी से नतीजे :** निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा लापता जेंटलमेन नाम दिये जाने के संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे। राजीव कुमार ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल, डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान और सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किया, कई के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज कीं और शीर्ष अधिकारियों का तबादला किया। मतगणना प्रक्रिया को ले कर उन्होंने कहा कि निर्वाचन संचालन नियमावली 1961 के नियम 54ए के तहत निर्वाचन अधिकारी (आरओ) की टेबल पर सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जाती है। अगर शीर्ष दो उम्मीदवारों को समान मत मिलते हैं तो उस स्थिति में नतीजे लॉटरी के आधार पर घोषित होंगे।

**लंबे अंतराल से सीख मिली :** मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीच काफी लंबा अंतर हो जाता है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है। चुनाव गर्मी से पहले होने चाहिए। मतदान सोमवार और शुक्रवार को नहीं कराए जाने चाहिए। हमने विधानसभा चुनावों में ऐसा ही किया था, लेकिन यह इतनी बड़ी प्रक्रिया है कि हम इस बार इसे नहीं कर पाये। उन्होंने इसके लिए देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों, परीक्षाएं और सुरक्षा बलों के मूवमेंट को जिम्मेदार ठहराया।

# चार राज्य तय करेंगे 'अबकी बार, किसकी सरकार'

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र के चार राज्य 4 जून को आने वाले लोकसभा परिणामों की कुंजी रखते हैं। अन्य सभी राज्यों में, भाजपा या तो एक छोटी खिलाड़ी है या एक मजबूत खिलाड़ी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे राज्यों में टैली में कोई बड़ा अंतर नहीं हो सकता है। बिहार, प। बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र ऐसे राज्य हैं, जिनके परिणाम से भाजपा या फिर इंडिया ब्लॉक को लेकर तस्वीर साफ हो सकती है कि केंद्र में किसकी सरकार बनेगी, बहुत कुछ यहां से तय हो सकता है। क्या क्षेत्रीय क्षत्रप मोदी की हवा में फिर से साफ हो जायेंगे या वह भाजपा को निर्णायक नुकसान पहुंचाने में सफल होंगे। क्या है शरद पवार, उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव जैसे दिग्गजों के लिए इस चुनाव के दूरगामी परिणाम हांगे।

हालांकि, विभिन्न कारणों से, ये चार राज्य एक युद्धक्षेत्र में बदल गए हैं और भाजपा की संभावनाओं को बना या बिगाड़ सकते हैं क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि ये राज्य किस तरफ झुकेंगे। कांग्रेस के साथ सीधे चुनावी लड़ाई में भाजपा बेहतर प्रदर्शन करती है। कई लोगों का मानना है कि भाजपा तीसरी बार आसानी से सत्ता में लौटेगी, भले ही उसकी सीटें थोड़ी कम हों। भाजपा ने पिछले चुनावों में 303 सीटें जीती थीं और एनडीए, जिसका नेतृत्व गठबंधन करता है, ने 352 सीटें जीती थीं।

इसने अपने लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। इन राज्यों में कांग्रेस के साथ आमने-सामने के मुकाबलों में, भाजपा ने 2019 में 138 लोकसभा सीटों में से 133 और 2014 में 138 में से 121 सीटें हासिल कीं।

यहां तक कि उन राज्यों में भी जहां भाजपा और कांग्रेस ने अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा की, भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ शानदार सफलता हासिल की है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस 190 निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी थी।हालांकि, पार्टी इनमें से केवल 15 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि शेष 175 सीटें भाजपा के खाते में गईं। इन 175 सीटों में से, भाजपा ने 10% से अधिक अंतर से 144 सीटें जीतीं।

भाजपा को कर्नाटक और कुछ अन्य राज्यों में भी कुछ सीटों का नुकसान हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबले में पार्टी को कोई खास नुकसान होने की संभावना नहीं है। जिन राज्यों में उसे बड़ी कटौती का सामना करना पड़ सकता है, वे वे राज्य हैं जहां उसका क्षेत्रीय दलों के साथ सीधा मुकाबला है। उत्तर प्रदेश एक अपवाद हो सकता है, जहां यह मजबूत स्थिति में है और जहां राजनीतिक समीकरण कमोबेश स्थिर नहीं रहे हैं, जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में या तो राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के कारण बहुत उथल-पुथल रही या भाजपा को एक मजबूत दावेदार का सामना करना पड़ा। इन चार राज्यों में कुल 151 सीटें भाजपा के भाग्य का फैसला करेंगी।



## बिहार में भाजपा को चुनौती

बिहार में भाजपा के सामने एक कठिन चुनौती है। इसने 2019 में 54% वोट शेयर के साथ 40 में से 39 सीटें जीती थीं। चुनाव से पहले महीनों में राज्य में राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए यह मानक इसके लिए बहुत ऊंचा लगता है। विश्लेषकों का कहना है कि सत्ता विरोधी लहर के अलावा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए खेमे में वापसी भी अपेक्षित रूप से काम नहीं कर रही है। एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के कुल 7.64 करोड़ मतदाताओं में से 20-29 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 1.6 करोड़ है, जो युवा मतदाताओं के महत्व को दशार्ता है। भाजपा प्रवक्ता मनोज शर्मा ने एक अखबार से बातचीत में कहा था कि प्रधानमंत्री के रोड शो का उद्देश्य पार्टी के चुनाव अभियान में और अधिक ऊर्जा भरना था। पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा को 53 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन अब हमारा लक्ष्य 60 प्रतिशत तक पहुंचना है। फिर भी, 40 में से 39 सीटों के अपने पिछले प्रदर्शन को दोहराना भी भाजपा के लिए कठिन लगता है और बड़ा नुकसान इसकी कुल संख्या को प्रभावित कर सकता है।

## महाराष्ट्र में दिलचस्प स्थिति

महाराष्ट्र : 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने कुल 48 सीटों में से 41 सीटें जीतीं और 51.34% वोट शेयर हासिल किया। भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा और 23 पर जीत हासिल की, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23 सीटों पर चुनाव लड़ा और 18 पर जीत हासिल की। इस बार दो मुख्य क्षेत्रीय दलों शिवसेना और एनसीपी में विभाजन के साथ राजनीतिक समीकरणों में भारी बदलाव आया है। हालांकि, भाजपा को इन दोनों दलों के अधिक शक्तिशाली गुटों का समर्थन मिला है, लेकिन राज्य में राजनीतिक स्थिति बेहद दिलचस्प बनी हुई है। मतदाता अपनी-अपनी पार्टियों में विभाजन की व्याख्या और प्रतिक्रिया कैसे करते हैं, यह चुनाव परिणामों के साथ ही पता चलेगा। राज्य की उलझी हुई राजनीति को देखते हुए, भाजपा के लिए 2019 के प्रदर्शन को दोहराना मुश्किल हो सकता है, जबकि मतदाता भी पूरे दिल से भाजपा का समर्थन कर सकते हैं और यहां तक कि उसकी सीटों की संख्या भी बढ़ा सकते हैं, क्योंकि पार्टी को अब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के बड़े गुट के साथ-साथ अजीत पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी के बड़े गुट का भी समर्थन प्राप्त है। ।

## बंगाल में भाजपा ने बनायी पैठ

पश्चिम बंगाल, 2019 में, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी के गढ़ में 18 सीटें जीतकर और राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के बाद दूसरे स्थान पर रहकर मजबूत पैठ बनाई। टीएमसी को यहां 22 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा को उम्मीद है कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य पर अपने लेजर-शार्प फोकस और राज्य भर के मतदाताओं के बीच भारी समर्थन के बाद वह अपनी संख्या में एक दर्जन या उससे अधिक सीटें जोड़ लेगी। पश्चिम बंगाल में एक दर्जन सीटों के जुड़ने जैसे महत्वपूर्ण लाभ से भाजपा को अन्य राज्यों में हुए नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने एक साक्षात्कार में विश्वास व्यक्त किया है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में सबसे बड़ी लाभार्थी के रूप में उभरेगी। लेकिन टीएमसी नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राज्य पर लगातार पकड़ को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

## ओड़िशा में भाजपा-बीजद सीधे सीधे मुकाबले में

ओडिशा में, भाजपा और सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजेडी) ने गठबंधन बनाने की कोशिश की, लेकिन अब वे एक-दूसरे के खिलाफ सीधे मुकाबले में हैं। विश्लेषकों के अनुसार, कांग्रेस के वोट शेयर में संभावित वृद्धि के बावजूद, भाजपा और बीजेडी के बीच गठबंधन ओडिशा की सभी 21 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने की क्षमता रखता है। 2019 के चुनावों में, भाजपा ने 21 लोकसभा सीटों में से आठ पर जीत हासिल की, जबकि बीजेडी ने 12 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को केवल एक सीट मिली। बीजेडी को 42.8% वोट मिले, भाजपा को 38.4% और कांग्रेस को 13.4% वोट मिले। 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद बढ़त के साथ, भाजपा बीजद के लिए मुख्य चुनौती बनकर उभरी। यहां भाजपा पीएम मोदी के चेहरे पर भी चुनाव लड़ रही है।

स्पीड न्यूज

### सेना प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र से पुरस्कृत मेजर राधिका को सम्मानित किया



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में उल्लेखनीय सेवा के लिए संयुक्त राष्ट्र से पुरस्कृत मेजर राधिका सेन को सम्मानित किया है। सेना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि मेजर राधिका सेन ने यहां जनरल पांडे से मुलाकात की। जनरल पांडे ने ह्यसंयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयरह्न पुरस्कार मिलने पर मेजर सेन की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मेजर सेन ने भारतीय सेना के मूल्यों को बढावा देते हुए अन्य महिला अधिकारियों को भी शांति सेना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मेजर सेन को हाल ही में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने यह पुरस्कार प्रदान किया था।

### भाजपा ने जीत के जश्न को लेकर बनाई देशव्यापी योजना

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सात चरणों के दौरान डाले गए मतों की गिनती मंगलवार को होनी है। इससे पहले भाजपा खेमे ने 4 जून को होने वाली मतगणना और जीत के जश्न को मनाने को लेकर देशव्यापी योजना तैयार कर ली है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर अहम बैठक हुई। इसमें जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के नेताओं के साथ बैठक कर इन तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। दोनों ने पार्टी नेताओं को इसे लेकर कई अहम दिशा-निर्देश भी दिए। जेपी नड्डा के आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और लोकसभा चुनाव अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। मतगणना के दिन पार्टी के सभी काउंटिंग एजेंट देशभर में बने अपने-अपने काउंटिंग सेंटर पर समय पर पहुंचे।

## ब्रह्मोस मिसाइल जासूसी में वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल को उम्रकैद की सजा

एजेंसी

**नागपुर।** ब्रह्मोस मिसाइल तकनीक की जासूसी करने वाले वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल को नागपुर की एक अदालत ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले निशांत अग्रवाल को 2018 में नागपुर के उज्जवलनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया था। वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल उत्तराखंड के रूडकी का रहने वाला था। निशांत ने एनआईटी, कुरूक्षेत्र से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। पढ़ाई में मेधावी निशांत को 2014 में नागपुर में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट में नौकरी मिल गई। वह ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट के हाइड्रोलिक-न्यूमेटिक्स और वॉरहेड इंटीग्रेशन विभाग के 40 लोगों की एक टीम का नेतृत्व करता था। यूनिट ने 2017-18 में निशांत को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया था। निशांत ब्रह्मोस के सीएसआर, आर एंड डी ग्रुप का सदस्य भी था। गिरफ्तारी के समय निशांत अग्रवाल ब्रह्मोस नागपुर और पिलानी साइटों की परियोजनाओं की देखरेख कर रहा था। निशांत नागपुर हवाई अड्डे के पास बस्ती उज्जवलनगर में मनोहर काले के यहां किराये पर रहता था। इसी बीच निशांत पाकिस्तान के हनीट्रैप में फंस गया और वह पाकिस्तान के लिए जासूसी करने लगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 2018 की शुरूआत में एक आईएसआई एजेंट को हिरासत में लिया था। उससे पूछताछ में निशांत अग्रवाल का नाम सामने आया। इसकी सूचना मिलिट्री इंटेलिजेंस को दी गई।



## नताशा व हार्दिक के बीच खत्म हुई अनबन, एक्ट्रेस ने दी खुशखबरी

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से नताशा और हार्दिक पांड्या के तलाक की चर्चा हो रही है। हालांकि दोनों तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन इन सबके बीच नताशा लगातार इंस्टाग्राम पर कई अपडेट्स शेयर कर रही हैं और लोगों को कई मिक्स हिंट भी दे रही हैं। नताशा ने हाल ही में तलाक की खबरों पर इशारा किया था लेकिन देर रात उन्होंने कुछ ऐसा किया, जिससे हार्दिक पांड्या के फैंस को राहत मिली। नताशा अपने इंस्टाग्राम पर हार्दिक पांड्या के साथ शादियों और वैलेंटाइन सहित कई तस्वीरें रेस्टोर की हैं। नताशा ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर हार्दिक के साथ अपनी सभी तस्वीरें पुनर्स्थापित की हैं, जिसमें वेलेंटाइन डे और उनकी शादी जैसे विशेष क्षणों की तस्वीरें भी शामिल हैं। नताशा के इस कदम से प्रशंसकों के बीच खुशी का माहौल है, जो दोनों की एक साथ तस्वीरें देखकर राहत महसूस कर रहे हैं। फोटो के गायब होने का कारण अभी तक अज्ञात है। तलाक की अफवाहों ने तब जोर पकड़ लिया, जब नताशा ने अपने इंस्टाग्राम से हार्दिक का सरनेम "पांड्या" हटा दिया और उनकी शादी की तस्वीरें हटा दीं।



## मालदीव ने प्रतिबंध लगाया तो इजरायल ने कहा भारत जायें

**नई दिल्ली।** इजरायल ने मालदीव में प्रतिबंध के बाद अब अपने नागरिकों को भारत के समुद्र तटों का लुफ्त उठाने की सलाह दी है। इजरायली दूतावास ने इसके लिए भारत के कुछ बेहतरीन तटों की तस्वीरें साझा की हैं। भारत में इजरायल के दूतावास का कहना है कि मालदीव ने अब इजरायलियों के आने पर बैन लगा दिया है। तस्वीरों में कुछ खूबसूरत और अद्भुत भारतीय समुद्र तट हैं जहाँ इजरायली पर्यटकों का हार्दिक स्वागत होता है और बेहद आदर सत्कार दिया जाता है। हमारे डिप्लोमेट्स द्वारा यात्रा की गई जगहों के आधार पर इजरायली दूतावास लक्षदीप, गोवा, अंडमान निकोबार और केरल जाने का सुझाव देता है। उल्लेखनीय है कि मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनने के बाद से ही वहां कट्टरपंथ और भारत विरोध बढ़ा है। अब गाजा में इजरायल की कार्रवाई के बाद मालदीव ने इजरायली नागरिकों पर प्रतिबंध लगाया है। भारत के साथ रिश्तों में खटास के साथ ही नई सरकार चीन के नजदीक मानी जा रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप की सुंदरता को प्रमोट किया था।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या का आरोपित काठमांडू से गिरफ्तार

**काठमांडू।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की कोलकाता में हुई हत्या के एक आरोपित को काठमांडू से गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल सीआईडी की टीम में आज कई स्थानों पर दबिश दी है। इस बीच सांसद की हत्या के मुख्य आरोपित के काठमांडू के रास्ते अमेरिका भाग जाने का खुलासा हुआ है। कोलकाता में व्यापारिक साझेदार के जरिये सुपारी देकर कराई गई बांग्लादेश के सांसद अनवारूल अजीम अनार की हत्या के मुख्य आरोपित के अमेरिका फरार हो जाने की पुष्टि हुई है। नेपाल पुलिस के सूत्रों ने अमेरिकी पासपोर्ट होल्डर रहे सांसद के व्यापारिक साझेदार अख्तरूज्जमा के अमेरिका फरार होने की जानकारी दी है।

## चुनाव आयोग ने रमेश को आरोप साबित करने के लिए अतिरिक्त समय देने से मना किया

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी जयराम रमेश की उस अर्जी को मंगलवार को खारिज किया जिसमें उन्होंने 150 संसदीय क्षेत्रों के जिला अधिकारियों को प्रभावित करने के अपने बयान के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए आयोग से समय एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की थी। आयोग ने श्री रमेश को आज एक पत्र भेजकर कहा कि वह शाम सात बजे तक अपने आरोप के संबंध में तथ्यात्मक सूचनाएं/आधार प्रस्तुत करें। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उनके पास अपनी बात सिद्ध करने के लिए कुछ सामग्री नहीं है। आयोग ने कहा कि ऐसी स्थिति में वह श्री रमेश के खिलाफ समुचित कार्रवाई करने के लिए कदम उठायेंगे। चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतगणना से पहले 150 जिला अधिकारियों को फोन करने संबंधी दावे को गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा था और शाम तक इस मामले में आरोपों का आधार बताते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा था। आयोग ने नोटिस में श्री रमेश के शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के पोस्ट का हवाला देते हुए उनसे जवाब मांगा है। इस पोस्ट में श्री रमेश ने दावा किया,निवर्तमान गृह मंत्री ने डीएम को फोन किया है। अब तक 150 से बात भी कर ली है। आयोग ने आज श्री रमेश को भेज गए पत्र में कहा है कि किसी भी जिलाधिकारी ने आयोग को ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

## शाह व नीतीश की बातचीत, मोदी से भी मिले थे सीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा मंगलवार को होने वाली है। इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में राजनीतिक हलचल लगातार जारी है। दिल्ली दौरे पर आए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना रवाना होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ फोन पर लंबी बातचीत की है। इससे पहले नीतीश कुमार ने सोमवार को दिन में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। पीएम आवास पर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात और इसके कुछ घंटे बाद ही भाजपा के रणनीतिकार एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ फोन पर हुई नीतीश कुमार की बातचीत को मंगलवार को होने वाली काउंटिंग और चुनावी नतीजों के बाद बनने वाली सरकार के गठन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमित शाह के साथ फोन पर हुई बातचीत से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर पीएम मोदी और नीतीश कुमार के बीच 35 मिनट से ज्यादा देर तक बातचीत हुई। यह बताया जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी और अमित शाह, दोनों नेताओं को राज्य में हुए लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों के बारे में जानकारी दी। इस मुलाकात और बातचीत को 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद घटे घटनाक्रम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार स्वयं इस बार 2019 का इतिहास दोहराना नहीं चाहते हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने और बड़ी जीत मिलने के बावजूद नीतीश कुमार केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर नाराज हो गए थे।



Er. Partha Pal
B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

# चुनाव के नतीजों से पहले झूमा शेयर बाजार

### निफ्टी और सेंसेक्स तीन प्रतिशत उछला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को है। इससे पहले तमाम एग्जिट पोल में एनडीए को जबरदस्त बहुमत के अनुमान जताए गए हैं। दूसरी तरफ नतीजों से पहले भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र ऐतिहासिक रहा। बाजार में 2024 की सबसे बड़ी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 2,507 अंक या 3.39 प्रतिशत बढ़कर 76,468 अंक पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स ने 76,738 अंक के उच्चतम स्तर को छुआ और नया ऑल टाइम हाई बनाया। निफ्टी 733 अंक या 3.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,263 अंक पर बंद हुआ है और दिन के कारोबार में निफ्टी ने 23,338 अंक का नया ऑल टाइम हाई बनाया। बाजार में बैंकिंग शेयरों में जबरदस्त रैली देखने को मिली। निफ्टी बैंक 1,996 अंक या 4.07 प्रतिशत बढ़कर 50,979 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,647 अंक या 3.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,353 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 402 अंक या 2.41 प्रतिशत बढ़कर 17,098 अंक पर है। इंडिया विक्स में 14.92 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है और यह 20.93 पर आ गया है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, रियल्टी, ऑटो, फिन सर्विस, मेटल, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स टॉप गेनर्स थे। बाजार में कोई भी इंडेक्स लाल निशान में बंद नहीं हुआ है। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। एनटीपीसी, एसबीआई, पावर ग्रिड, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, नेस्ले और इन्फोसिस टॉप गेनर्स थे। बोनांजा पोर्टफोलियो में रिसर्च एनालिस्ट, वैभव विदवानी का कहना है कि एग्जिट पोल के नतीजों में सरकार की वापसी के संकेत के कारण घरेलू बाजारों में शानदार तेजी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने के कारण भी बाजारों को सहारा मिला है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट, रूपक दे का कहना है कि एग्जिट पोल के नतीजे मौजूदा सरकार के पक्ष में आने के चलते निफ्टी ने अपने सभी पुराने स्तर को तोड़ दिया। फिलहाल सब कुछ 4 जून को आने वाले नतीजों पर टिका हुआ है। अगर नतीजे एग्जिट पोल से अच्छे आते हैं तो निफ्टी बढ़त जारी रख सकता है। वहीं, अगर नतीजे एग्जिट पोल के आंकड़ों से कम आते हैं तो निफ्टी में भारी गिरावट देखने को मिल सकती है।



वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !